@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 28 सितंबर 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 323 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## इंद्राणी मुखर्जी को हाईकोर्ट से बड़ा झटका

मुंबई, 27 सितंबर। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत द्वारा पारित उस आदेश को रद्द कर दिया। जिसमें शीना बोरा की हत्या की आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को विदेश यात्रा की अनुमति दी गई थी। इस मामले में सीबीआई की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिसमें सीबीआई ने अंदेशा जताया था कि, गंभीर अपराध में आरोपी इंद्राणी मुखर्जी विदेश से भाग सकती हैं। न्यायमूर्ति श्याम चांडक की सिंगल बैंच ने विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका को इस आधार पर स्वीकार किया कि, इंद्राणी मुखर्जी एक गंभीर अपराध में मुकदमे का सामना कर रही हैं और उनके देश से भागने की संभावना है। कोर्ट ने कहा कि, याचिका स्वीकार की जाती है। विवादित आदेश को रद्द किया जाता है। इसे इंद्राणी के लिए एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है विशेष सीबीआई अदालत ने 19 जुलाई को इंद्राणी मुखर्जी को अगले तीन महीनों के दौरान बीच-बीच में दस दिनों के लिए एक बार यूरोप (स्पेन और यूके) की यात्रा करने की अनुमति दी थी। मुखर्जी ने विदेश यात्रा की परमिशन यह कहकर मांगी थी कि, पूर्व पति पीटर मुखर्जी से तलाक के बाद उन्हें बैंक से संबंधित कुछ दस्तावेजों में बदलाव करने और अन्य सहायक कार्यों की जरूरत है। इसके लिए उनका विदेश जाना जरूरी है। न्यायमूर्ति चांडक ने कहा कि यदि इंद्राणी मुखर्जी भारत से काम करना चाहती हैं तो संबंधित वैधानिक प्राधिकारी उनकी मदद करेंगे। पीठ ने स्पष्ट तौर पर कहा कि उन्होंने मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं की है। केवल इस बात का उल्लेख किया है कि विशेष अदालत का आदेश ठीक नहीं था और इसलिए टिकाऊ नहीं था। वहीं अनुमति देते समय विशेष अदालत ने इंद्राणी मुखर्जी के लिए कुछ शर्तें भी रखी थीं। अदालत ने कहा था कि अपनी विदेश यात्रा के दौरान, वह अपनी यात्रा के दौरान कम से कम एक बार भारतीय दूतावास या उसके संबद्ध राजनयिक मिशन के कार्यालय में उपस्थित होंगी और उपस्थिति प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगी। अदालत ने उन्हें 2 लाख रुपये की सुरक्षा जमा राशि जमा करने का भी निर्देश दिया। अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या के मामले में अगस्त 2015 में इंद्राणी मुखर्जी को गिरफ्तार किया गया था।

# भाजपा का मकसद दिल्ली को ठप कराना: केजरीवाल

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 27 सितंबर। दिल्ली नगर निगम में चुनाव के मसले पर दिल्ली विधानसभा में हंगामा हुआ है। वहीं आज विधानसभा सत्र का दूसरा और अंतिम दिन है। विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आतिशी के साथ दिल्ली की सड़कों का दौरा करने निकला था। जेल जाने से पहले सड़कों की हालत अच्छी थी। उसके बाद सड़कों की हालत खराब हो गई है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आतिशी को मैं चिट्ठी लिखूंगा। सड़कों की जांच की। दिल्ली की सड़के खराब है। मुझे गिरफ्तार करने के पीछे दिल्ली को ठप करना था। पार्टी को बदनाम करना था। इनकी पार्टी के बड़े नेता ने मुझे बताया कि काम को ठप किया गया। हमें दिल्ली के सभी रूके हुए कामों को पूरा कराना है। केजरीवाल ने सदन में आतिशी को चिट्ठी दी। दिल्ली विधानसभा में संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि लगभग डेढ़ साल बाद आम आदमी पार्टी में शुखियों के दिन आए हैं। विधानसभा में हमारे राम और लक्ष्मण यानी अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया मौजूद हैं। लेकिन इससे ज्यादा दुख की



बात ये है कि भाजपा के षड्यंत्र की वजह से अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं है। विधानसभा में संबोधन के दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा कि पूरी दुनिया में जो केस आतंकवादियों और ड्रग माफियाओं पर लगाये जाते हैं, इन्होंने वो केस अरविंद केजरीवाल और मुझ पर लगाए हैं। क्या अरविंद केजरीवाल और मैं आतंकवादियों और ड्रग माफिया की फंडिंग करते हैं। जब मैंने पहला बजट पेश किया तो उस समय दिल्ली का बजट 30,000 करोड़ था जो आज 75,000 करोड़ से ज़्यादा है। अगर हमें बेईमानी करनी होती तो यहां ना कर लेते। लेकिन हमें बेईमानी नहीं करनी थी, इसलिए कुछ सालों में ही ईमानदारी से टैक्स कलेक्शन कर 30,000 करोड़ के बजट को 75,000 करोड़ तक पहुंचाया। आप के विधायकों ने कहा निगम में लोकतंत्र की हत्या हुई। एलजी ने पीछे के रास्ते से चुनाव करवाने की कोशिश की। जबकि चुनाव करवाने की जिम्मेदारी मेयर की होती है। भाजपा विधायक अभय वर्मा ने कहा कि निगम चुनाव में आप ने लोकतंत्र की हत्या की। चुनाव की तारीख पहले ही घोषित हो गई है।

## भ्रष्ट लोगों को बढ़ावा देते हैं राहुल गांधी: शहजाद पूनावाला

बंगलूरू, 27 सितंबर। कर्नाटक में सीबीआई जांच की सहमित वापस लिए जाने को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। भाजपा ने इस मुद्दे पर कांग्रेस को घेर लिया है। भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस, भ्रष्टाचार की दुकान हो गई है। भाजपा ने कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री एक भ्रष्ट व्यक्ति हैं, जो खुद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने गुरुवार को राज्य में जांच के लिए सीबीआई को दी गई सहमति वापस ले ली है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि यह पूरी तरह से साफ हो गया है कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की दुकान बन गई है। मुडा घोटाले में हाईकोर्ट का आदेश आया है और सीएम पर आरोप लगे हैं। विशेष न्यायालय ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है, लेकिन सीएम सिद्धारमैया इस्तीफा देने के बजाय अहंकार दिखा रहे हैं। अब किसी भी मामले की जांच के लिए आवश्यक राज्य की सहमति वापस ले ली गई है। यह इस बात का सबूत है कि वे किस तरह खुद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जांच के फंदे में फंसे सीएम का यह खुद को बचाने का आखिरी हथकंडा है, लेकिन जिसने भी भ्रष्टाचार किया है, उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए कि वे क्या कदम उठाने जा रहे हैं। कांग्रेस जहां भी सत्ता में आती है, लूटती है।

# पाकिस्तान अब एक बूंद पानी के लिए तरसेगा: सीएम योगी

**नरेश मल्होत्रा**

लखनऊ, 27 सितंबर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम लोग बचपन में गाते रहे हैं कि बिना सिंध के हिंद कहां है, रावी बिन पंजाब नहीं, गंगा आखिर खुश हो कैसे, जब तक संग चिनाब नहीं। भारत सरकार ने 1960 के सिंधु बंटवारे की समीक्षा का आदेश देते हुए टो टूक कहा है कि वॉटर एंड टेररिज्म डोंट फ्लो टूगेदर यानी आतंकवाद और सिंध नदी का जल प्रवाह साथ-साथ नहीं चल सकता। अभी तक पाकिस्तान के हाथों में कटोरा आया है, अब वह एक-एक बूंद पानी के लिए तरसने वाला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दूसरे दिन भी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव अभियान में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के प्रचार में पहुंचे। शुक्रवार को उन्होंने रामनगर से उम्मीदवार सुनील भारद्वाज, उधमपुर ईस्ट से प्रत्याशी रणवीर सिंह पठानिया, कठुआ से प्रत्याशी भारत भूषण, किश्तवाड़ से उम्मीदवार शगुन परिहार के लिए कमल खिलाने की अपील की। सीएम योगी को देखने-सुनने के लिए दोनों जनसभा में जबर्दस्त भीड़ उमड़ी। सीएम योगी ने कहा कि पाकिस्तान आज दो कारणों से परेशान है। पहला तो वह अपने कर्मों की सजा भुगत रहा है। बलूचिस्तान कहता है कि हमें पाकिस्तान में नहीं रहना है, क्योंकि वहां की हुकूमत हमें विदेशी कहती है। पाक अधिकृत कश्मीर भी कहता है कि हमें अब पाकिस्तान हुकूमत नहीं चाहिए। भूखों मरने से अच्छा है कि जम्मू-कश्मीर का हिस्सा बनकर अखंड भारत के सपनों को साकार बनाने में सहभागी बनेंगे। सीएम ने चेतावनी दी कि पाकिस्तान की शह पर आतंक फैलाने वालों को न ढकने के लिए कफन मिलेगा और न ही दफन करने के लिए दो गज जमीन ही नसीब होगी। पाकिस्तान परस्त आतंकी जानते हैं कि आतंकवाद की कीमत किस रूप में चुकानी पड़ेगी। तीन भागों में बंट जाएगा, पाकिस्तान का अता-पता नहीं चलेगा। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार की ताकत का उदाहरण उत्तर प्रदेश में देखा जा सकता है, जहां 500 वर्ष बाद अयोध्या धाम में रामलला विराजमान हो गए। कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बना तो खून की नदियां बहेंगी। हमने कहा कि नए भारत में खून की नदियां नहीं बहती हैं, बल्कि यह अपनी सुरक्षा करना जानता है। सीएम योगी ने कहा कि साढ़े सात वर्ष में यूपी में एक भी दंगा नहीं हुआ। यूपी की तरह ही जम्मू-कश्मीर भी विकास का हकदार है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस, पीडीपी व नेशनल कॉन्फ्रेंस ने धरती के स्वर्ग को मजहबी उन्माद के पाप का वेयर हाउस बनाकर जनता का शोषण किया। इन लोगों ने राजनीतिक स्वार्थ के लिए आतंकवाद, भ्रष्टाचार को पनपाया, लेकिन अब 370 व 35 ए को हटाने के साथ ही जम्मू-कश्मीर में विकास तेजी से बढ़ गया है। टेररिस्ट स्टेट से टूरिज्म



स्टेट बन गया है। जम्मू-कश्मीर में देश का सबसे बड़ा और ऊंचा ब्रिज बन रहा है तो वंदे भारत जैसी विश्व स्तरीय ट्रेन भी जम्मू से दिल्ली तक शुरू हुई है। नेकां. कांग्रेस व पीडीपी ने युवाओं को तमंचा थमाया था, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार टैबलेट देकर नौजवानों को रोजगार दे रही है। सीएम योगी ने कहा कि जो लोग कहते हैं कि हमारी सरकार आएगी तो 370 बहाल करेंगे यानी यह लोग फिर से आतंकवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार के पुराने दौर को लाना चाहते हैं। इन्हें शांति-सौहार्द व विकास नहीं, बल्कि सत्ता चाहिए, लेकिन इन तीनों दल के लिए यहां जगह नहीं है। जनता तिकड़ी को विदा करने का संकल्प ले चुकी है। सत्ता मिलने पर कांग्रेस, नेकां व पीडीपी के नेता 12 में से 8 महीने यूरोप-इंग्लैंड और तीन महीने दिल्ली रहते थे। आखिर एक महीने में जम्मू का विकास कैसे होगा। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस, नेकां व पीडीपी की तिकड़ी ने यहां अराजकता, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और आतंकवाद को बढ़ाया। बकरवाल, गुज्जर, दलित, वाल्मीकि समाज के लोगों को हक से वंचित कर रखा था। वहीं भाजपा पीएम मोदी के नेतृत्व में उनके जीवन में परिवर्तन ला रही है। यूपी में अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया। पीएम मोदी के नेतृत्व में 80 करोड़ लोगों को भारत में फ्री में राशन मिल रहा है तो वहीं पाकिस्तान भीख का कटोरा लेकर घूम रहा है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि हाथ बदलेगा हालात, लेकिन हाथ ने हालात को बदहाल किया है।

## दवा कंपनियों ने गुणवत्ता परीक्षण में फेल दवाओं को बताया नकली

नई दिल्ली, 27 सितंबर। इंडियन ड्रग्स रेग्युलेटर सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट में गुणवत्ता परीक्षण में फेल बताई गईं पैरासिटामोल समेतद 53 दवाओं को दवा कंपनियों ने नकली बताया है। दवा कंपनी सन फार्मा और टोरेंट फार्मा ने दावा किया कि रिपोर्ट में फेल बताई गईं दवाएं हमारी कंपनी की नहीं हैं। उनकी कंपनी की दवाओं की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप है। इंडियन ड्रग्स रेग्युलेटर सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन ने एक रिपोर्ट में पैरासिटामोल, कैल्शियम और विटामिन डी-3 की सप्लीमेंट, मधुमेह की गोलियां और हाई ब्लड प्रेशर की दवाओं सहित 50 से अधिक दवाओं को औषधि नियामक द्वारा किए गए गुणवत्ता परीक्षण में फेल बताया था। इसे लेकर सन फार्मा कंपनी की ओर से कहा गया कि कंपनी ने मामले की जांच की। इसमें पाया कि पल्मोसिल (सिल्डेनाफिल इंजेक्शन), बैच नंबर 0300; पैंटोसिड (पैंटोप्राजोल टैबलेट आईपी), बैच नंबर 2041 और उर्सोकोल 300 (उर्सोडॉक्सिकोलिक एसिड टैबलेट आईपी), बैच नंबर 1350 नकली हैं। इन बैच की दवाओं को सन फार्मा ने नहीं बनाया है। कंपनी की ओर कहा गया कि हम मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठा रहे हैं। हमारे दवा ब्रांड पर क्यूआर कोड रहता है। जिससे मरीज आसानी से उन्हें स्कैन करके प्रमाणिकता सत्यापित कर सकते हैं। इसके अलावा हमने सुरक्षा के लिए एक 3डी सुरक्षा पट्टी भी शामिल की है। वहीं टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स ने कहा कि हमने शेल्कल 500 के उसी बैच का मूल्यांकन किया, जिसका सीडीएससीओ ने परीक्षण किया था। हमने पाया कि जब्त किया गया नमूना टोरेंट ने नहीं बनाया है।

## पीएमएलए प्रावधानों के दुरुपयोग को लेकर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 26 सितंबर। सर्वोच्च अदालत ने ईडी की तरफ से बिना किसी जरूरत के कैद को लंबा करने के लिए पीएमएलए के प्रावधानों के दुरुपयोग पर चिंता जताई है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब पीएमएलए के तहत शिकायत की सुनवाई उचित सीमा से अधिक लंबी होने की संभावना है, तो संवैधानिक अदालतों को जमानत देने के लिए अपनी शक्तियों का प्रयोग करने पर विचार करना होगा। कारण यह है कि धारा 45(1) (पीएमएलए) राज्य को किसी आरोपी को अनुचित रूप से लंबे समय तक हिरासत में रखने की शक्ति नहीं देती है, खासकर जब उचित समय के भीतर मुकदमे के समाप्त होने की कोई संभावना नहीं है। उचित समय क्या होगा यह उन प्रावधानों पर निर्भर करेगा जिनके तहत आरोपी पर मुकदमा चलाया जा रहा है और अन्य कारक। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज



मसीह की पीठ ने कहा, सबसे प्रासंगिक कारकों में से एक अपराध के लिए न्यूनतम और अधिकतम सजा की अवधि है। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी तमिलनाडु के पूर्व मंत्री और डीएमके के कद्दावर नेता सेंथिल बालाजी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देते हुए की। यह देखते हुए कि मुकदमे के समापन में अत्यधिक देरी और जमानत देने की उच्च सीमा एक साथ नहीं चल सकती, शीर्ष अदालत ने कहा कि यह देश के आपराधिक न्यायशास्त्र का एक सुस्थापित सिद्धांत है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद है। कोर्ट ने कहा, पीएमएलए की धारा 45(1)(द्बद्बद्ब) जैसे जमानत देने के संबंध में ये कड़े प्रावधान एक ऐसा साधन नहीं बन सकते जिसका इस्तेमाल आरोपी को बिना सुनवाई के अनुचित रूप से लंबे समय तक कैद में रखने के लिए किया जा सके। केए नजीब मामले में अपने फैसले का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि असाधारण शक्तियों का प्रयोग केवल संवैधानिक अदालतें ही कर सकती हैं। पीठ ने कहा, सांविधानिक अदालतों के न्यायाधीशों के पास व्यापक अनुभव है। रिकॉर्ड पर मौजूद तथ्यों के आधार पर, यदि न्यायाधीश यह निष्कर्ष निकालते हैं कि उचित समय में मुकदमे के समाप्त होने की कोई संभावना नहीं है, तो संवैधानिक अदालतें वैधानिक प्रावधानों के बावजूद भारत के संविधान के भाग द्बद्बद्ब के उल्लंघन के आधार पर जमानत देने की शक्ति का प्रयोग हमेशा कर सकती हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि संवैधानिक अदालतें हमेशा अनुच्छेद 32 या अनुच्छेद 226 के तहत अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग कर सकती हैं, जैसा भी मामला हो। पीठ ने कहा कि पीएमएलए के तहत मामलों से निपटने के दौरान संवैधानिक अदालतों को यह ध्यान में रखना होगा कि कुछ असाधारण मामलों को छोड़कर, अधिकतम सजा सात साल हो सकती है।


## भारत को लेकर नरम पड़े मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू के तेवर

माले, 27 सितंबर। भारत के खिलाफ तल्ख तेवर दिखाते रहे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू अब कुछ नरम पड़ते नजर आ रहे हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इंडिया आउट एजेंडा चलाने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि, द्वीपीय देश की धरती पर विदेशी सेना की मौजूदगी एक गंभीर समस्या है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका पहुंचे राष्ट्रपति मुइज्जू ने गुरुवार को प्रिंसटन विश्वविद्यालय के डीन लीडरशिप सीरीज के एक कार्यक्रम में पूछे गए सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। मालदीव के समाचार पोर्टल ड्डस्रद्धड्डस्रद्धह्व.ष्टद्व ने राष्ट्रपति के हवाले से लिखा कि, हम कभी भी बिंदु पर, किसी एक देश के खिलाफ नहीं रहे हैं। यह भारत को बाहर निकालने का एजेंडा नहीं है। मालदीव को अपनी धरती पर विदेशी सैन्य उपस्थिति के कारण गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा है। मुइज्जू ने कहा, मालदीव के लोग देश में एक भी विदेशी सैनिक नहीं चाहते हैं। पिछले साल नवंबर में चीन समर्थक मुइज्जू के मालदीव के राष्ट्रपति बनने के बाद से भारत और मालदीव के बीच संबंधों में काफी तनाव देखने को मिला है। मुइज्जू ने भारत से कहा था कि वह इंडिया द्वारा उपहार में दिए गए तीन विमानों का संचालन करने वाले लगभग 90 भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस बुला ले। जिसके बाद भारत ने 10 मई तक अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुला लिया था और उनकी जगह डोर्नियर विमान और दो हेलीकॉप्टरों का संचालन करने के लिए असैन्य कर्मियों को नियुक्त किया था। इस कार्यक्रम में मुइज्जू ने आगे जोर देकर कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान करने वाले उप-मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने फर्जी खबरों के संशोधित आईटी नियमों को औपचारिक रूप से रद्द किया

**सौरभ शर्मा**

मुंबई, 26 सितंबर। बॉम्बे उच्च न्यायालय के तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद गुरुवार को उच्च न्यायालय ने औपचारिक रूप से संशोधित आईटी नियमों को रद्द कर दिया। आईटी संशोधन का उद्देश्य सोशल मीडिया पर सरकार के खिलाफ फैलाई जा रहीं फर्जी खबरों की रोकथाम करना था, लेकिन उच्च न्यायालय ने इसे असंवैधानिक बताकर संशोधित नियमों को रद्द कर दिया। इससे पहले 20 सितंबर को न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि संशोधित नियम अस्पष्ट हैं और इनका सोशल मीडिया पर भी व्यापक प्रभाव पड़ सकता है और संशोधित आईटी नियमों को रद्द करने का आदेश दिया। इससे पहले इस साल की शुरुआत में एक खंडपीठ का इस मामले पर विभाजित मत सामने आया था, अब न्यायमूर्ति चंदुरकर ने भी संशोधित आईटी नियमों को रद्द करने का आदेश दिया है। तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद, न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और नीला गोखले की खंडपीठ ने गुरुवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, न्यूज ब्रॉडकास्ट एंड डिजिटल एसोसिएशन और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन द्वारा नए नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर औपचारिक रूप से फैसला सुनाया और आईटी नियमों को रद्द करने का आदेश दिया। न्यायालय ने कहा, बहुमत की राय के मद्देनजर, नियम 3 (1) (ड्क्) को असंवैधानिक घोषित किया जाता है और इसे रद्द कर दिया जाता है। इस मामले की शुरुआत में न्यायमूर्ति गौतम पटेल (अब सेवानिवृत्त) और नीला गोखले की खंडपीठ द्वारा समीक्षा की गई थी, जिन्होंने जनवरी में विभाजित निर्णय दिया था। न्यायमूर्ति पटेल ने तर्क दिया था कि नियम सेंसरशिप का गठन करते हैं, जबकि न्यायमूर्ति गोखले ने कहा कि वे मुक्त भाषण को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित नहीं करते हैं। न्यायमूर्ति चंदुरकर ने न्यायमूर्ति पटेल के साथ अपनी राय को जोड़ते हुए नागरिकों के मुक्त अभिव्यक्ति के अधिकारों की रक्षा करने की आवश्यकता पर बल दिया। विवाद का केंद्र सरकार द्वारा गठित तथ्य जाँच इकाई (स्नष्ट) थी, जिसे सरकार के बारे में भ्रामक या गलत समझी जाने वाली ऑनलाइन सामग्री को चिह्नित करने के लिए बनाया गया था। विनियमों ने स्नष्ट को सरकारी गतिविधियों से संबंधित किसी भी नकली या भ्रामक सामग्री की निगरानी और उसे चिह्नित करने का आदेश दिया। यदि कोई पोस्ट बतौर फर्जी खबर चिह्नित की जाती है, तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को या तो सामग्री को हटाना होता या अस्वीकरण पोस्ट करना होता। वहीं न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं के इस दावे से सहमति जताई कि संशोधित आईटी नियमों का मौलिक अधिकारों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा है। इस साल की शुरुआत में एक खंडपीठ का इस मामले पर विभाजित मत सामने आया था, अब न्यायमूर्ति चंदुरकर ने भी संशोधित आईटी नियमों को रद्द करने का आदेश दिया है।



# पीएम मोदी का एकाधिकार मॉडल ने छीन लीं नौकरियां: राहुल गांधी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 27 सितंबर। राहुल गांधी ने रोजगार और उद्योग को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी के एकाधिकार मॉडल ने युवाओं की नौकरियां छीन लीं। साथ ही एमएसएमई को तबाह कर दिया। उन्होंने जीएसटी को सरल बनाने और बैंकिंग प्रणाली को छोटे व्यवसायों के लिए खोलने की जरूरत पर जोर दिया। जम्मू में ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस (एआईपीसी) के कार्यक्रम डोगरी धाम विद आरजी का एक वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के एक युवा स्टार्ट-अप मालिक की आंखों में भारत के उद्यमियों और छोटे व्यवसाय मालिकों के बीच संघर्ष को लेकर निराशा दिखती है। उन्होंने कहा कि जीएसटी और नोटबंदी जैसी नीतियों ने छोटे और मध्यम उद्योगों पर हमला किया। इसने भारत को उत्पादक अर्थव्यवस्था से उपभोक्ता अर्थव्यवस्था में बदल दिया। ऐसे में न तो हम चीन के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और न ही सभी भारतीयों की समृद्धि सुनिश्चित कर सकते



हैं। उन्होंने कहा कि भारत बेहतरी का हकदार है। राहुल गांधी ने कहा कि हमें रोजगार सृजन के लिए जीएसटी को सरल बनाना चाहिए और बैंकिंग प्रणाली को छोटे व्यवसायों के लिए खोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण रोजगार की बिगड़ी संरचना है। रोजगार पर 10 में पांच एकाधिकारों ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा कि बड़े एकाधिकारों ने राजनीतिक व्यवस्था पर नियंत्रण किया हुआ है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के पास कौशल, क्षमताओं का एक विशाल समूह है। उन्होंने कहा कि कौशलों को वित्त, प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ना और जमीनी स्तर से उद्योगों का निर्माण करके ही आगे बढ़ा जा सकता है। राहुल गांधी ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत प्रस्तावों की रूपरेखा बताई। इसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए पूंजी तक बेहतर पहुंच, निर्यात प्रोत्साहन और व्यवसायों पर कर-संबंधी बोझ को कम करने के उपायों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में 328 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## पूर्व आरबीआई गवर्नर ने आधारभूत संरचना पर केंद्र के काम को सराहा

नई दिल्ली, 26 सितंबर। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने पिछले 10 वर्षों में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भारत की ओर से किए गए काम की तारीफ की है। हालांकि, उन्होंने कहा है कि घरेलू स्तर पर विनिर्माण बढ़ाने और रोजगार सृजन के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में और बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार में राजन ने कहा कि सरकार की ओर से उत्पादन पर जोर दिया जाना, चाहे वह वस्तुएं हो या सेवाएं-अच्छी चीज है, पर यह भी जरूरी है कि इसे सही तरीके से किया जाए। मोदी सरकार की प्रमुख पहल मेक इन इंडिया से जुड़े एक सवाल पर बोलते हुए पूर्व आरबीआई गवर्नर ने कहा, मैं कहूंगा कि इरादा नेक है। मेरा मानना है कि कुछ क्षेत्रों में, हमने बहुत बहुत कुछ किया है, जैसे कि मैंने कहा है कि आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हमने बहुत कुछ किया



है, जो बहुत उपयोगी रहा है। केंद्र सरकार ने 10 वर्ष पहले 25, सितंबर 2014 को अपनी प्रमुख मेक इन इंडिया की शुरुआत की थी। राजन ने कहा, पर हमें दूसरे क्षेत्रों का निरीक्षण करने की जरूरत है। ऐसा करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप आलोचकों से पूछें, आप कैसा सोचते हैं?

## उष्णकटिबंधीय तूफान की वजह से नासा, स्पेसएक्स के चालक दल के साथ प्रक्षेपण में देरी

**एजेंसी**

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका की अंतरिक्ष एजेन्सी नासा और स्पेसएक्स ने उष्णकटिबंधीय तूफान की चिंता के कारण एक नए क्रू मिशन के प्रक्षेपण को शनिवार बाद तक के लिए स्थगित कर दिया है। नासा ने यह जानकारी दी। प्रक्षेपण की योजना मूल रूप से फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 40 से गुरुवार के लिए बनाई गई थी। नासा और स्पेसएक्स ने अगले



प्रक्षेपण अवसर को इस क्षेत्र में अपेक्षित उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण शनिवार दोपहर 1:17 बजे से पहले समायोजित नहीं किया है। नासा के अंतरिक्ष यात्री निक हेग और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री अलेक्सांद्र गोर्बुनोव एजेंसी के स्पेसएक्स क्रू-9 मिशन पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए लॉन्च करेंगे। यह उड़ान नासा के वाणिज्यिक क्रू कार्यक्रम के तहत स्पेसएक्स के साथ स्टेशन तक नौवां क्रू रोटेशन मिशन है।

## पाकः स्वाबी पुलिस स्टेशन में हुए विस्फोट में एक की मौत, 18 घायल

**स्वाबी**। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वाबी जिले में एक पुलिस स्टेशन में हुए विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी एक अधिकारी ने गुरुवार को दी। केंद्रीय पुलिस कार्यालय द्वारा प्राप्त प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट स्पष्ट रूप से पुलिस स्टेशन की पहली मंजिल पर एक डिपो के अंदर शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, बचाव और अग्निशमन दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल पुलिसकर्मियों को बाचा खान मेडिकल में स्थानांतरित किया, जहां आपातकाल लागू कर दिया गया है। इस विस्फोट का असर इमारत पर पड़ा जिसमें आग लग गई; हालांकि, मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अग्निशमन टीमों की तत्काल प्रतिक्रिया के बाद इसपरा काबू प्राप्त किया गया। बचाव अधिकारियों के अनुसार, 15 घायल पुलिसकर्मियों को अस्पताल पहुंचाया गया। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने घटना का संज्ञान लिया और महानिरीक्षक और मुख्य सचिव को तुरंत स्वाबी पुलिस स्टेशन पहुंचने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने विस्फोट की शैली का पता लगाकर रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया। उन्होंने अधिकारियों से घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।

## दक्षिण अफ़्रीकी नौसेना उत्सव में शामिल होगा चीनी जहाज़

**बीजिंग**। दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में अक्टूबर की शुरुआत में हो रहे नौसेना उत्सव में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) नौसेना फ्रिगेट जुचांग नौसेना को भेजेगी। एक चीनी रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग शियाओगांग ने एक




संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'फ्रिगेट बेड़े की समीक्षा और नौसेना जहाज उद्घाटन दिवस जैसी कई गतिविधियों में भाग लेगा और दक्षिण अफ्रीकी नौसेना के साथ संयुक्त समुद्री अभ्यास करेगा।'

## पूर्वी ईरान में कोयला खदान विस्फोट में मरने वालों की संख्या 50 हुई

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत दक्षिण खुरासान में कोयला खदान में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 50 हो गयी है। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना की रिपोर्ट के मुताबिक घायलों में से एक की मौत हो गई है। इरना ने प्रांतीय संकट प्रबंधन मुख्यालय के महानिदेशक मोहम्मद-अली अखौंदी के हवाले से बताया कि तबास काउंटी में खदान विस्फोट में घायल हुए 16 श्रमिकों में से दो की हालत गंभीर है, जबकि एक को मृत घोषित कर दिया गया।गौरतलब है कि यह विस्फोट शनिवार रात तेहरान से लगभग 540 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में एक खदान सुरंग में हुआ।विस्फोट का कारण मीथेन गैस में अचानक वृद्धि बताया जा रहा है। रिपोर्ट में श्री अखौंदी के हवाले से बताया गया कि उस समय खदान में 65 श्रमिक मौजूद थे, जबकि शुरुआती संख्या में श्रमिकों की वृद्धि हुई और संख्या 69 पर पहुँच गयी।

## इजरायल-हिजबुल्लाह संघर्ष : यूएन चीफ बोले- हिंसा को खत्म करने के लिए सबको मिलकर करना होगा कामवेस्ट बैंक में इज़रायली सेना द्वारा 2 फ़िलिस्तीनियों की हत्या

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने लेबनान पर एक आपातकालीन बैठक बुलाई। फ्रांस के अनुरोध पर बुलाई गई यह मीटिंग एक सप्ताह से भी कम समय में देश की बिगड़ती स्थिति पर दूसरी बैठक थी। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि लेबनान 'नारकीय हालात' से जूझ रहा है।संबोधन में गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद से आग्रह किया कि वे दक्षिणी लेबनान के बफर जोन ब्लू लाइन के पार इजरायली सेना और हिजबुल्लाह आतंकवादियों के बीच बढ़ती हिंसा को समाप्त करने के लिए 'एक साथ मिलकर काम करें।'

यूएन प्रमुख ने कहा कि दक्षिणी और पूर्वी लेबनान से लोग अब बड़े पैमाने पर लेबनान की राजधानी बेरूत की ओर पलायन कर रहे हैं। वहीं इजरायलियों को हिजबुल्लाह की तरफ से लगातार रॉकेट, ड्रोन और मिसाइल हमलों का सामना करना पड़ रहा है। गुटेरेस ने दोनों पक्षों से लेबनान की संप्रभुता का सम्मान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लेबनान को पूरे देश में अपने हथियारों पर पूरा नियंत्रण रखना चाहिए। यूएन प्रमुख ने कहा, हम लेबनानी सशस्त्र बलों को मजबूत



करने के सभी प्रयासों का समर्थन करते हैं। लेबनानी प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने कहा, ÷वे लेबनानी नागरिकों में आतंक और भय फैला रहे हैं। हम युद्ध के कारण एक और पीढ़ी को खोना सहन नहीं कर सकते। इजरायल ने कहा कि वह लेबनान में संभावित जमीनी ऑपरेशन के लिए सैनिकों को तैयार कर रहा है। सैनिकों को दुश्मन के इलाके में प्रवेश करने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। इजरायल लड़ाकू विमानों ने पूर्वी और दक्षिणी लेबनान पर बड़े पैमाने पर फिर से हमले शुरू किए। पूर्वी लेबनान में बालबेक, हर्मेल और पश्चिमी बेका के क्षेत्रों पर लगभग 70 हमले किए। इससे पहले सोमवार और मंगलवार को, इजरायल ने 2006 के बाद से लेबनान पर अपने सबसे व्यापक हमले किए, जिसमें सैंकड़ों लोगों की मौत हो गई जबकि लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा।

## सीरिया-लेबनान सीमा पर इजरायली हवाई हमले में 8 लोग घायल

**एजेंसी**

**दमिश्क** । इजरायल की सेना ने सीरिया-लेबनान सीमा पर मत्राबाह क्रॉसिंग के पास एक ब्रिज को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। इस हमले में आठ लोगों के घायल होने की खबर सामने आई है।

रिपोर्ट में कहा गया कि घायलों में चार सीमा नियंत्रण पुलिसकर्मी थे, जबकि अन्य चार कस्टम अधिकारी थे। हवाई हमले में ब्रिज क्षतिग्रस्त हो गया है।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को लेबनान में इजरायल की ओर से सैन्य अभियान बढ़ाए जाने के बाद से यह सीरियाई सीमा क्षेत्र पर पहला इजरायली हमला है। मध्य सीरिया के होम्स प्रांत के अल-कुसायर क्षेत्र को लेबनान से जोड़ने वाले मत्राबाह क्रॉसिंग का उपयोग हाल ही में सीरिया में शरण लेने वाले विस्थापित लेबनानी लोगों द्वारा किया गया है। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने नाम न बताने की शर्त पर समाचार एजेंसी को बताया कि 'इजरायली लड़ाकू विमानों ने बेका क्षेत्र में चार सीमा चौकियों पर आठ हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलें दागीं, जिससे लेबनानी पक्ष को सीरियाई पक्ष से जोड़ने वाला एक मत्राबाह क्रॉसिंग का उपयोग मुख्य रूप से सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लेबनानी और सीरियाई निवासियों द्वारा किया जाता है। सोमवार को



ब्रिज और कई नौकाएं नष्ट हो गईं। हालांकि, उन्होंने हताहतों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। सूत्रों ने बताया कि लक्षित किए गए लेबनान में इजरायल की ओर से सैन्य अभियान बढ़ाए जाने के बाद से यह सीरियाई सीमा क्षेत्र पर पहला इजरायली हमला है।

## बेरूत पर इजरायली हमले में मारा गया हिजबुल्लाह कमांडर

**एजेंसी**

**तेल अवीव** । इजरायल ने दावा किया है कि उसने बेरूत पर किए एक सटीक हमले में हिजबुल्लाह के एक शीर्ष कमांडर मुहम्मद हुसैन सरूर को मार गिराया है। सरूर, हिजबुल्लाह की वायु सेना कमान का प्रमुख था। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बेरूत के दहिह में हुए हमले में दो लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए।

हिजबुल्लाह की ओर से अभी तक अपने कमांडर की मौत पर कोई टिप्पणी नहीं की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आईडीएफ ने एक पोस्ट में लिखा, ' बेरूत में आईएएफ के एक सटीक हमले में हिजबुल्लाह के एरियल कमांड का कमांडर मुहम्मद हुसैन सरूर 'मारा गया'। सरूर ने इजरायली नागरिकों को निशाना बनाकर कई हवाई आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया था और उन्हें लीड भी किया था। पोस्ट में आगे लिखा गया, 'आयरन स्वॉर्ड्स' युद्ध के दौरान, उसने यूएवी और विस्फोटक उपकरणों का उपयोग करके इजरायली नागरिकों और आईडीएफ



सैनिकों के खिलाफ कई आतंकवादी हमले किए थे। हाल के वर्षों में, सरूर ने दक्षिणी लेबनान में यूएवी के निर्माण परियोजना का नेतृत्व किया और लेबनान में यूएवी निर्माण और खुफिया जानकारी एकत्र करने वाले स्थलों की स्थापना की, जो बेरूत और दक्षिणी लेबनान में नागरिक बस्ती के निकट स्थित हैं। आईडीएफ ने पोस्ट में आगे लिखा, 'वह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल इकाई में कमांडर था। उसने राडवान फोर्स की 'अजीज' इकाई को भी लीड किया था। यमन और हूती आतंकवादी शासन की एरियल कमांड में हिजबुल्लाह की ओर से बातचीत का जिम्मा भी उस पर था। अधिकारियों ने बताया कि सीरिया-लेबनानी सीमा स्थित एक इमारत पर इजरायल द्वारा किए गए हमले में कम से कम 23 लोग मारे गए, जिनमें 19 सीरियाई शरणार्थी शामिल हैं। इस हमले में चार अन्य लोग घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सोमवार से लेबनान पर इजरायली हमले में लगभग 700 लोग मारे गए हैं। पिछले सप्ताह पूरे देश में पेजर और वॉकी-टॉकी विस्फोट के बाद इस सप्ताह हमले किए गए हैं। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने युद्ध विराम की संभावना को खारिज कर दिया, जिससे लेबनान में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच लड़ाई खत्म हो सकती है, क्योंकि यूएस और फ्रांस ने कहा है कि उन्होंने 21 दिनों के लिए लड़ाई रोकने का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा में लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक युद्ध का 'लक्ष्य' हासिल नहीं हो जाते। प्रस्ताव के बावजूद, संकेत मिल रहे हैं कि इजरायल लेबनान पर संभावित जमीनी आक्रमण की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने संवाददाताओं से कहा कि 21 दिन के संघर्ष विराम प्रस्ताव को वैश्विक समर्थन मिल रहा है, जिसका उन्होंने और अन्य नेताओं ने आह्वान किया है।

## तूफान 'हेलेन' हुआ मजबूत, फ्लोरिडा पर मंडराया खतरा

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क** । तूफान 'हेलेन' लगातार मजबूत हो रहा है जिसके चलते फ्लोरिडा पर खतरना मंडराने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रीय तूफान केंद्र (एनएचसी) के अनुसार उष्णकटिबंधीय 'हेलेन' मैक्सिको की खाड़ी से गुजरते हुए 'कैटेगरी-1' का तूफान बन गया है।

समाचार एजेंसी के अनुसार, एनएचसी ने अनुमान लगाया है कि गुरुवार शाम को फ्लोरिडा के बिग बेंड तट पर पहुंचने पर तूफान की गति बढ़ जाएगी।

एनएचसी ने टैम्पा बे सहित फ्लोरिडा के पैनहैंडल में रहने वाले लोगों को 'जीवन और सामान की सुरक्षा' के लिए जरूरी सावधानी बरतने और निकासी प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी।

तटीय शहरों में आठ फीट ऊंची विनाशकारी लहरें दिख सकती हैं। एक्यूवेदर का मानना ??है कि 'हेलेन' में कैटेगरी-4 की स्थिति तक पहुंचने की क्षमता है।

टैम्पा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (टीआईए) सुबह 2:00 बजे से परिचालन बंद कर रहा है। तीन नजदीकी छोटे एयरपोर्ट, पीटर ओ. नाइट, टैम्पा एग्जीक्यूटिव और प्लांट सिटी, टीआईए के कदमों का अनुसरण करते हुए गुरुवार को बंद रहेंगे। क्षेत्र के स्कूल भी कक्षाएं रद्द कर रहे हैं और अपने परिसर बंद कर रहे हैं। वहीं फ्लोरिडा विश्वविद्यालय को सामान्य शेड्यूलिंग फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

पिनेलस काउंटी में, एम्बुलेंस ने मरीजों को सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाना शुरू कर दिया है। सेंट पीटर्सबर्ग के मेयर केनेथ वेल्च ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि काउंटी में जरूरतमंद लोगों के लिए छह इमरजेंसी शेल्टर हैं। लोग अपनी जरूरत की चीजें जमा कर रहे हैं। वे ऊंचे इलाकों और 'हेलेन' के रूट से बाहर के इलाकों में जा रहे हैं। 2023 की जनगणना के अनुसार, काउंटी की जनसंख्या लगभग 960,000 हैं।

## चीन में स्कूली छात्रों के लिए प्रतिदिन दो घंटे शारीरिक गतिविधियां अनिवार्य

**बीजिंग**। चीन में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए प्रतिदिन कम से कम दो घंटे शारीरिक गतिविधियों में भाग लेना अनिवार्य किया गया है। शिक्षा उप मंत्री वांग जियायी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रत्येक दिन छात्र खेल कक्षा में भाग लेंगे और कक्षा के बाद एक घंटे शारीरिक व्यायाम करेंगे। इस कदम का उद्देश्य छात्रों में धूप में पर्याप्त समय बिताना



सुनिश्चित करके उनकी आंखों और वजन संबंधी आम समस्याओं को हल करना है। उन्होंने कहा कि राजधानी बीजिंग में अनिवार्य शिक्षा के लिए कक्षाओं के बीच 10 मिनट के ब्रेक को मौजूदा सेमेस्टर से बढ़ाकर 15 मिनट कर दिया गया है। शिक्षा अधिकारियों के मुताबिक इस निर्णय का उद्देश्य शिक्षकों और छात्रों को कक्षाओं के बीच पर्याप्त ब्रेक का समय प्रदान करना है।साथ ही, छात्रों को उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए बाहर समय बिताने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## कंबोडिया के मशहूर अंगकोर थॉम मंदिर की दीवार की मरम्मत का काम जारी

**एजेंसी**

**नोम पेन्ह**। कम्बोडियाई एक्सपोर्ट मशहूर अंगकोर आर्कियोलॉजिकल पार्क में स्थित अंगकोर थॉम मंदिर की लैटेराइट दीवार के 25 मीटर हिस्से की मरम्मत में लगे हैं। यह जानकारी गुरुवार को अप्सरा राष्ट्रीय प्राधिकरण (एएनए) की ओर से दी गई। एएनए के तकनीकी अधिकारी माओ सोकनी ने बताया कि अंगकोर थॉम के देई छनांग गेट की दीवार को नुकसान पहुंचा है। सोकनी कहा, पिछले आठ महीनों में, एक्सपर्ट्स ने दीवार की निचली तीन परतों की नींव को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के



अनुसार, सोकनी ने कहा कि यह जीर्णोद्धार कोशिश अंगकोर थॉम की दीवारों को संरक्षित करने के उद्देश्य से चल रहे प्रोजेक्ट के छठे चरण का हिस्सा है। उन्होंने कहा, पिछले चरणों में दीवार के पांच अन्य खंडों की सफलतापूर्वक मरम्मत की गई। सोकनी ने कहा कि मरम्मत के काम से पहले, टीम ने दीवार की संरचना का विश्लेषण करने और इसके ढहने के कारणों की पहचान करने के लिए खुदाई की थी। अंगकोर थॉम का निर्माण राजा जयवर्मन सप्तम द्वारा 12वीं शताब्दी के अंत में किया गया था। यह उत्तर-पश्चिमी कंबोडिया के सिएम रीप प्रांत में 401 वर्ग किलोमीटर के अंगकोर पुरातत्व पार्क में प्रमुख मंदिरों में से एक है। इस प्राचीन पार्क को 1992 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था। यह पार्क 91 प्राचीन मंदिरों का घर है, जिन्हें नौवीं से 13वीं शताब्दी के बीच बनाया गया था।

राज्य के स्वामित्व वाली अंगकोर एंटरप्राइज के अनुसार, 2024 की जनवरी-अगस्त अवधि के दौरान पार्क में 651,857 अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित किया। इसके टिकटों की बिक्री से 30.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ग्रोस रेवेन्यू जुटाया।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद उत्तर कोरिया कर सकता है परमाणु परीक्षण : दक्षिण कोरियाई खुफिया एजेंसी

**एजेंसी**

**सोल** । उत्तर कोरिया नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद अपना सातवां परमाणु परीक्षण कर सकता है। यह जानकारी दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों दी।

सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के प्रतिनिधि ली सियोंग-क्वेन और मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रतिनिधि पार्क सन-वोन के अनुसार, राष्ट्रीय खुफिया सर्विस (एनआईएस) ने संसदीय खुफिया समिति के समक्ष अपना यह आकलन प्रस्तुत किया। इसमें कहा गया है कि प्योंगयांग के पास इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल टेस्ट जैसे अन्य विकल्प भी मौजूद हैं। एनआईएस ने यह भी बताया कि उत्तर कोरिया के पास लगभग 70 किलोग्राम प्लूटोनियम और पर्याप्त मात्रा में हाई एनरिच्ड यूरेनियम (एचईयू) है। यह कई परमाणु हथियार बनाने के लिए काफी है।खुफिया एजेंसी ने कहा कि उत्तर कोरिया ने इस महीने की शुरुआत में पहली बार एचईयू फैसिलिटी का



खुलासा करते समय अमेरिकी चुनाव को ध्यान में रखा था। एनआईएस ने बताया कि इस खुलासे का उद्देश्य कमजोर अर्थव्यवस्था से जूझ रहे उत्तर कोरियाई लोगों में विश्वास पैदा करना भी हो सकता है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार ली ने कहा, बाहरी तौर पर इसे अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले उठाया गया एक सचेत कदम माना जा सकता है, जबकि आंतरिक तौर पर यह अत्यंत खराब आर्थिक स्थिति के बीच लोगों में उम्मीद जगाने की कोशिश लगती है। इस महीने की शुरुआत में उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने पहली बार यूरेनियम एनरिच्ड फैसिलिटी के बारे में जानकारी सार्वजनिक तौर पर दी थी। इसमें नेता किम जोंग-उन की यात्रा का विवरण था, लेकिन फैसिलिटी की लोकेशन या किम की यात्रा की तारीख का जिक्र नहीं था।

फैसिलिटी के लोकेशन के बारे में एनआईएस ने कहा कि यह संभवतः प्योंगयांग के पास कांगसन न्यूक्लियर कॉम्प्लेक्स है, हालांकि इसका सही जवाब देना मुश्किल है।

एजेंसी ने कहा कि 18 सितंबर को उत्तर कोरिया ने नई सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलों की टेस्टिंग उनकी सटीक हमला करने की क्षमता को वेरिफाई करने के मकसद की थी। एनआईएस ने कहा कि दागी गई दो मिसाइलों में से एक सफलतापूर्वक लक्ष्य तक पहुंच गई। एजेंसी ने इसे अतीत की तुलना में थोड़ा सुधार कहा।

## हिजबुल्लाह के साथ नहीं हुआ कोई युद्धविरामः इजरायल

**एजेंसी**

**यरूशलम** । इजरायल ने इस बात से इनकार किया कि वह लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह और लेबनानी राजनीतिक दलों के साथ युद्धविराम पर सहमत हो गया है। एक बयान में इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस ने कहा कि युद्धविराम संबंधी रिपोर्ट असत्य है

पीएम ऑफिस ने कहा कि नेतन्याहू ने उस युद्ध विराम प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, जिसकी मध्यस्थता संयुक्त राज्य अमेरिका और फ्रांस ने की थी।

शिन्हुआ समाचार के मुताबिक गुरुवार को इजरायल के विदेश मंत्री इजरायल कैट्ज ने कहा कि उनका देश युद्ध विराम पर विचार नहीं करेगा। उन्होंने एक्स पर लिखा, युद्ध विराम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि देश हिजबुल्लाह के खिलाफ अपनी लड़ाई जीत तक और जब तक निवासी उत्तर में अपने घरों में वापस नहीं लौट सकते, तब तक जारी रखेगा। इससे पहले इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच बढ़ते



संघर्ष के बीच अमेरिका और सहयोगी देशों ने 21 दिनों के युद्धविराम की अपील की। इजरायली हमलों की वजह से लेबनान में 600 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। यह अपील अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और कतर की ओर से की गई। संयुक्त बयान के अनुसार, 8 अक्टूबर 2023 से लेबनान और इजरायल के बीच हालात बर्दाशत से बाहर हैं और इनकी वजह से व्यापक क्षेत्रीय तनाव का जोखिम पैदा हो गया है।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## इजरायल-हिजबुल्लाह संघर्ष यूएन चीफ बोले- हिंसा को खत्म करने के लिए सबको मिलकर करना होगा काम

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र** । संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने लेबनान पर एक आपातकालीन बैठक बुलाई। फ्रांस के अनुरोध पर बुलाई गई यह मीटिंग एक सप्ताह से भी कम समय में देश की बिगड़ती स्थिति पर दूसरी बैठक थी। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि लेबनान 'नारकीय हालात' से जूझ रहा है। संबोधन में गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद से आग्रह किया कि वे दक्षिणी लेबनान के बफर जोन ब्लू लाइन के पार इजरायली सेना और हिजबुल्लाह आतंकवादियों के बीच बढ़ती हिंसा को समाप्त करने के लिए एक साथ मिलकर काम करें। यूएन प्रमुख ने कहा कि दक्षिणी और पूर्वी लेबनान से लोग अब बड़े पैमाने पर लेबनान की राजधानी बेरूत की ओर पलायन कर रहे हैं। वहीं इजरायलियों को हिजबुल्लाह की तरफ से लगातार रॉकेट, ड्रोन और मिसाइल हमलों का सामना करना पड़ रहा है। गुटेरेस ने दोनों पक्षों से लेबनान की संप्रभुता का सम्मान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लेबनान को पूरे देश में अपने हथियारों पर पूरा नियंत्रण रखना चाहिए। यूएन प्रमुख ने कहा, हम लेबनानी सशस्त्र बलों को मजबूत करने के सभी प्रयासों का समर्थन करते हैं। लेबनानी प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने कहा, वे लेबनानी नागरिकों में आतंक और भय फैला रहे हैं। हम युद्ध के कारण एक और पीढ़ी को खोना सहन नहीं कर सकते। इजरायल ने कहा कि वह लेबनान में संभावित जमीनी ऑपरेशन के लिए सैनिकों को तैयार कर रहा है। सैनिकों को दुश्मन के इलाके में प्रवेश करने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। इजरायल लड़ाकू विमानों ने बुधवार शाम को पूर्वी और दक्षिणी लेबनान पर बड़े पैमाने पर फिर से हमले शुरू किए। पूर्वी लेबनान में बालबेक, हर्मेल और पश्चिमी बेका के क्षेत्रों पर लगभग 70 हमले किए।

## आईएमएफ ने कड़ी शर्तों के साथ पाकिस्तान के लिए 7 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज को दी मंजूरी

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को बड़ी राहत मिली है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी एक्सटेंडेड फंडिंग फैसिलिटी (ईएफएफ) के तहत पाकिस्तान के लिए 7 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज को मंजूरी दे दी है।पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुष्टि की कि आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने 7 अरब डॉलर के 37 महीने के ईएफएफ को मंजूरी दी। यह 1958 के बाद से पाकिस्तान को प्राप्त 25वां आईएमएफ प्रोग्राम और छठी ईएफएफ फैसिलिटी है। शरीफ संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) सत्र के लिए अमेरिका में हैं। बेलआउट पैकेज को लेकर शरीफ ने दावा किया कि यह पाकिस्तान का आखिरी आईएमएफ प्रोग्राम होगा। उन्होंने इसका क्रेडिट उप-प्रधानमंत्री इशाक डार, सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और उनकी वित्त टीम को दिया। हालांकि बेलआउट पैकेज पाकिस्तान के लिए एक राहत है लेकिन इसके साथ कड़ी शर्तें शामिल हैं। बेलआउट पैकेज की डिटेल के अनुसार, पाकिस्तान ने अपने कृषि आयकर में आमूलचूल परिवर्तन करने, कुछ राजकोषीय जिम्मेदारियों को प्रांतों को ट्रांसफर करने और सब्सिडी को सीमित करने का वादा किया है। पाकिस्तान आईएमएफ ऋण के लिए लगभग पांच प्रतिशत ब्याज दर का भुगतान करेगा।

# पर्यटन मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने 20वीं सजोबा टी.एस.डी. रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया

चंडीगढ़, 27 सितंबर। पंजाब के पर्यटन और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री स.तरुनप्रीत सिंह सौंद ने शुक्रवार शाम यहां सेंट जॉन हाई स्कूल में 20वीं सजोबा टी.एस.डी. रैली 2024 को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रोमांचक तीन दिवसीय मोटरस्पोर्ट इवेंट में भारत के विभिन्न हिस्सों जैसे कोलकाता, मुंबई, शिलांग और उत्तराखंड से कुल 46 टीमें भाग ले रही हैं। कैबिनेट मंत्री स.तरुनप्रीत सिंह सौंद और पर्यटन और सांस्कृतिक मामलों के विभाग के सचिव श्री मालविंदर सिंह जग्गी ने इस मोटरस्पोर्ट इवेंट के आयोजन के लिए सेंट जॉन्स ओल्ड बॉयज एसोसिएशन (सजोबा) की सराहना की। उन्होंने बताया कि 20वीं सजोबा टी.एस.डी. रैली 2024 में पर्यटन और सांस्कृतिक मामले विभाग सह-प्रायोजक के रूप में शामिल है। यह रैली 28 और 29 सितंबर को प्रतिदिन लगभग 250 किलोमीटर की यात्रा तय करने के बाद शाम 6 बजे सेंट जॉन्स हाई स्कूल में फ्लैग-इन पॉइंट पर पहुंचेगी। पर्यटन और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री ने कहा कि यह मोटरस्पोर्ट रैली पंजाब के




सुंदर और दिलकश भौगोलिक दृश्यों से गुजरते हुए रा%य को एडवेंचर टूरिज्म का केंद्र बनाएगी। रैली का मार्ग होशियारपुर, एस.बी.एस. नगर, रोपड़ और एस.ए.एस. नगर (मोहाली) से होकर गुजरेगा। उन्होंने कहा कि सजोबा टी.एस.डी. रैली लंबे समय से चल रही है और इसे उत्तर भारत के सबसे लंबे सफर वाले मोटरस्पोर्ट इवेंट के रूप में जाना जाता है। यह बताते हुए कि यह इस साल आयोजित होने वाली पहली मोटरस्पोर्ट रैली है, कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह रैली मोटरस्पोर्ट प्रेमियों के उत्साह को बढ़ाने और इस इवेंट के माध्यम से राज्य को एडवेंचर टूरिज्म का हब बनाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इसमें विशेष जरूरतों वाले व्यक्तियों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी वाली 46 विभिन्न टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें तीन टीमें विशेष जरूरतों वाले व्यक्तियों की, 12 महिला टीमें, 22 पेशेवर टीमें और पहली बार भाग ले रहे व्यक्तियों की 12 टीमें शामिल होंगी। स.तरुनप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि यह रैली पंजाब की अनोखी सुंदरता और विविधतापूर्ण संस्कृति को प्रस्तुत करने का एक बेहतरीन अवसर है, जो देश के कोने-कोने से आए प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। इस रैली के लिए चुने गए सुंदर और रोमांचक मार्ग एडवेंचर टूरि%म के लिए रा%य को प्राथमिक और शीर्ष स्थान के रूप में पेश करेंगे, जो मोटरस्पोर्ट प्रशंसकों और प्रकृति प्रेमियों दोनों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। विभाग के सचिव श्री मालविंदर सिंह जग्गी ने कहा कि पर्यटन विभाग क्षेत्र में पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाली पहलों के समर्थन के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने कहा कि सजोबा टी.एस.डी. रैली में सह-प्रायोजक के रूप में शामिल होने का विभाग का उद्देश्य राज्य की समृद्ध विरासत और एडवेंचर स्पोर्ट्स के प्रति हमारे उत्साह को दर्शाते हुए पंजाब रा%य को पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाना है। उन्होंने एडवेंचर स्पोर्ट्स और मोटरस्पोर्ट प्रेमियों को सजोबा टी.एस.डी. रैली 2024 का आनंदमय अनुभव लेने के लिए खुला निमंत्रण दिया। इस अवसर पर सजोबा के अध्यक्ष हरपाल सिंह मलवई और अन्य प्रमुख हस्तियां भी उपस्थित थीं।

## जो अपनी पार्टी की महिला सांसद के लिए स्टैंड नहीं ले सकता, वो दिल्ली की महिलाओं के लिए भी क्या स्टैंड लेगा : स्वाति मालीवाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष किया। स्वाति ने कहा, आप खुद की तुलना मर्यादा पुरुषोत्तम राम से करवाते हो, लेकिन महिला सांसद के लिए स्टैंड नहीं ले सकते हो। दरअसल, दिल्ली विधानसभा सत्र के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा, मुझे पर फर्जी केस बनाकर जेल में डाल दिया। इस कड़ी में मनीष सिसोदिया, सतेंद्र जैन, बिभव कुमार को जेल में डाल दिया गया। पांच नेताओं को जेल में डालने के बावजूद भी हमारी पार्टी टूटी नहीं है। हमारी पार्टी एकजुट है। केजरीवाल ने अपने संबोधन में जिस बिभव कुमार का नाम लिया, उसी पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ सीएम आवास पर मारपीट करने का आरोप है। इस मामले में बिभव कुमार को जेल भी हुई है। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। स्वाति ने लिखा अरविंद केजरीवाल ने बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी। जिस गुंडे ने मुझे आपके निवास पर आपकी मौजूदगी में मारा, जब तक वो जेल में था, आपने देश के सबसे महंगे वकीलों की फौज उसे बचाने के लिए खड़ी कर दी, मेरे ख़िलाफ़ प्रेस कॉन्फ्रेंस करवाई गई।

## अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने से हमारे काम करने की रफ्तार सौ गुना बढ़ेगी : दिलीप पांडेय

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक दिलीप पांडेय ने बातचीत की। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने से हमारे काम करने की रफ्तार सौ गुना बढ़ेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री बदले जाने के बाद मंत्रियों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसको लेकर आप विधायक दिलीप पांडेय ने आईएएनएस को बताया कि भाजपा की यह कोशिश थी कि आम आदमी पार्टी के नेताओं और मंत्रियों को गिरफ्तार करके इस सरकार से जो लोगों को फायदे मिल रहे हैं, उसको ठप्प कर दिया जाए। लेकिन, वो अपने मंसूबों में नाकामयाब रहे। 'आप' विधायक ने आगे कहा कि जब अरविंद केजरीवाल जेल के अंदर थे, तब भी वो हमें निर्देश देते थे और उसके हिसाब से काम होता था। वहीं, जब वो बाहर हैं, तो हमारा हिम्मत पहले से 100 गुना बढ़ा है, हमारे काम करने की रफ्तार भी 100 गुना बढ़ेगी। उन्होंने आगे बताया कि मुख्यमंत्री आतिशी और अरविंद केजरीवाल ने तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विश्वविद्यालय का दौरा किया। यहां, पर दिल्ली जल बोर्ड द्वारा कुछ दिन पहले ही पाइप लाइन डाली गई है, जिससे सड़क खराब हो गई है।

## हेमंत सोरेन को जब काम करने का समय था, तब इन लोगों ने लूट मचाई : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साहिबगंज जिले के भोगनाडीह में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि भाजपा हिंदू और मुस्लिम समुदाय में द्वेष के बीज बो रही है। इसे लेकर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने प्रतिक्रिया दी है। बातचीत में उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार अब जाने वाली है। झारखंड में होने वाले चुनाव में वहां की जनता कांग्रेस और जेएमएम की सरकार को हराने वाली है। उन्होंने झारखंड को सिर्फ लूटा है। अब हारने वाले हमेशा कहानियां गढ़ेंगे। जब काम करने का समय था, तब इन लोगों ने लूट मचाई। अब उनकी कही कोई बात मायने नहीं रखती। बहुत जल्द चुनाव होने वाले हैं और उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ेगा। सोरेन ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तुलना चूहों से की और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस पर चुनावी लाभ के लिए राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। इस पर मनोज तिवारी ने कहा कि आरएसएस इस देश की सांस्कृतिक संस्था है। उन्हें इस बात की चिंता है कि भारत की सांस्कृतिक सभ्यता कैसे फले-फूले। जो भी शासन करे उसे भारतीय संस्कृति के अनुसार इस देश को आगे ले जाना चाहिए। यह समझ से परे है कि ये लोग अब इसका विरोध कर रहे हैं।

## दूरगामी सोच के साथ किया गया लागू, होटलों पर नाम पता लिखे जाने को लेकर नहीं होनी चाहिए परेशानी : एसपी सिंह बघेल

**नई दिल्ली।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने यूपी में होटलों और ढाबों में नाम-पता लिखे जाने को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। जिसको लेकर सियासत गर्मा गई है। केन्द्रीय मत्स्य, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायत राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने इस पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि, सीएम योगी आदित्यनाथ ने जो कानून बनाया है, इसके बड़े दूरगामी परिणाम होंगे। जब नाम और नंबर रहेगा, जो उपभोक्ता खाना खा रहे हैं उनको याद रहेगा। असली बात है कि जब किसी को कोई अपराध नहीं करना है तो फिर नेम प्लेट लगाने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इससे हम क्वालिटी कंट्रोल कर सकते हैं। जहर खुरानी को रोक सकते हैं। और दूसरी बात शाकाहारी-मांसाहारी भोजन का भी हम ख्याल रख सकते हैं। मैं इसका समर्थन करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि, मेरा मानना है कि अच्छी चीजों को हर जगह लागू करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश सरकार ने जो पहल की है, उसका मैं स्वागत करता हूं।

## भ्रष्टाचार मामले में केजरीवाल के खिलाफ पुख्ता सबूत, उनका आम मुद्दों से कोई सरोकार नहीं : विजेंद्र गुप्ता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

केजरीवाल के आरोपों पर पलटवार करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि, उन्होंने भ्रष्टाचार किया और जेल गए लेकिन गद्दी से चिपके रहे। अब बेल पर हैं। सुप्रीम कोर्ट की कंडिशन के साथ वो कानून के शिकंजे में है। शराब नीति में भ्रष्टाचार हुआ है, इसके पुख्ता सबूत हैं। मैं यह कहूंगा कि ईश्वर उनका मानसिक संतुलन बनाकर रखे।मुझे लगता है कि अरविंद केजरीवाल काफी सदमे में हैं। भ्रष्टाचार के दलदल में वो फंसे हुए हैं इसलिए वो बिना आधार के बात कर रहे हैं। बिना तर्क के आधार पर उन्होंने आज विधानसभा के पटल पर अपनी बातों को रखा है। मैं मानता हूं कि इससे सदन का समय ही बर्बाद हुआ है। जो आम आदमी पार्टी के मुद्दे हैं, उन पर वो कुछ भी बोलने के



लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि, आम आदमी पार्टी के मुद्दों पर उन्होने कुछ नहीं बोला। दिल्ली में बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिल रही है। सड़कें टूटी पड़ी है और नालों की सफाई में भारी भ्रष्टाचार हुआ है, जिससे दिल्ली में जल भराव जैसी तस्वीरें देखने को मिल रही है। काफी लोगों ने अपनी जान गंवायी है। सीएजी की रिपोर्ट को छिपा रहे हैं। अब उनके चोरी की पोल खुल रही है। जिसपर अरविंद केजरीवाल जवाब देने से बच रहे हैं और दिल्ली की जनता को गुमराह कर रहे हैं।वहीं सदन के पटल से केजरीवाल ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया भी अदा किया। उन्होंने कहा, विपक्ष मुझे और सिसोदिया को देखकर दुखी है। पीएम मोदी एक ताकतवर नेता हैं, लेकिन भगवान नहीं। कुछ लोगों ने मेरे खिलाफ कई साजिशें रची, लेकिन उनकी सभी साजिशें ध्वस्त हो गई। आज मैं दिल्लीवालों के आशीर्वाद की बदौलत जेल से छूट पाया हूं। यह सब कुछ लाखों लोगों की दुआओं की बदौलत मुमकिन हो पाया है।

## भारत वैश्विक ऑपरेशनल नेटवर्क की संचालन समिति का सदस्य चयनित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत को भ्रष्टाचार विरोधी कानून प्रवर्तन प्राधिकरणों का वैश्विक ऑपरेशनल नेटवर्क (ग्लोब-ई नेटवर्क) की संचालन समिति का सदस्य चुना गया है। चीन की राजधानी बीजिंग में आयोजित पूर्ण सत्र के दौरान ग्लोब-ई संचालन समिति के लिए चुनाव हुआ जिसमें बहुस्तरीय मतदान प्रक्रिया में भारत को पंद्रह सदस्यीय ग्लोब-ई संचालन समिति के लिए चुना गया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के सूत्रों के अनुसार, संचालन समिति के सदस्य के रूप में भारत, भ्रष्टाचार और संपत्ति वसूली के खिलाफ वैश्विक एजेंडे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भ्रष्टाचार से निपटने में भारत की विशेषज्ञता और अनुभव ग्लोब नेटवर्क के लिए अमूल्य साबित होगा। ग्लोब नेटवर्क अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, और भारत की भागीदारी सीमा पार वित्तीय अपराधों और भ्रष्टाचार से निपटने के उसके प्रयासों को मजबूत करेगी। ग्लोबी-ई नेटवर्क, जी-20 की पहल थी। भारत ने 2020 में इस पहल का समर्थन



किया था। ग्लोब-ई नेटवर्क की आधिकारिक तौर पर 03 जून 2021 को भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र महासभा के विशेष सत्र (यूएनजीएएसएस) में एक विशेष कार्यक्रम के दौरान स्थापना की गई थी। ग्लोब-ई नेटवर्क में अब 121 सदस्य देश और 219 सदस्य प्राधिकरण हैं। गृह मंत्रालय ग्लोब-ई नेटवर्क के लिए केंद्रीय प्राधिकरण है और सीबीआई और ईडी भारत से इस नेटवर्क के सदस्य प्राधिकरण हैं। ग्लोब-ई नेटवर्क एक अद्वितीय मंच के रूप में उभर रहा है जहां दुनिया भर की एजेंसियां ????जनहित में सर्वोत्तम प्रथाओं, आपराधिक खुफिया जानकारियां साझा करती हैं, रणनीति विकसित करती हैं और भ्रष्टाचार से निपटने में सहयोग करती हैं।संगठन को नेतृत्व प्रदान करने के लिए नेटवर्क में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और संचालन समिति में 13 सदस्य हैं। वर्ष 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान, भ्रष्टाचार से निपटने के लिए दो उच्च स्तरीय सिद्धांतों को अपनाया गया था, जिसका ग्लोब-ई नेटवर्क को बहुत लाभ हुआ।

## बिलकिस बानो मामले में गुजरात सरकार की पुनर्विचार याचिका उच्चतम न्यायालय ने की खारिज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार मामले में दोषियों द्वारा दायर समीक्षा याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिसमें उनकी छूट (जेल से शीघ्र रिहाई) को रद्द करने को चुनौती दी गई थी [गुजरात राज्य बनाम बिलकिस याकूब रसूल और अन्य]। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने इस संबंध में गुजरात राज्य द्वारा दायर समीक्षा याचिका को भी खारिज कर दिया।

राज्य और दोषियों ने शीर्ष अदालत के 8 जनवरी के फैसले को चुनौती देते हुए न्यायालय का रुख किया था, जिसमें राज्य सरकार द्वारा मामले में ग्यारह दोषियों को दी गई छूट को रद्द कर दिया गया था। राज्य की चुनौती न्यायालय द्वारा 8 जनवरी के फैसले में उसके खिलाफ की गई प्रतिकूल टिप्पणियों तक सीमित थी।

यह मामला 11 दोषियों की समय से पहले रिहाई से जुड़ा है,



जिन्होंने राज्य में 2002 के सांप्रदायिक दंगों के दौरान बानो के साथ सामूहिक बलात्कार किया था और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या की थी। राज्य ने दोषियों जसवंत नाई, गोविंद नाई, शैलेश भट्ट, राधेश्याम शाह, बिपिन चंद्र जोशी, केसरभाई वोहानिया, प्रदीप मोरधिया, बकाभाई वोहानिया, राजूभाई सोनी, मितेश भट्ट और रमेश चंदना को छूट दी थी।

राज्य ने मई 2022 के एक फैसले के बाद उनकी सजा में छूट दी, जिसमें शीर्ष अदालत ने कहा था कि छूट के आवेदन पर उस राज्य की नीति के अनुसार विचार किया जाना चाहिए, जहां अपराध हुआ था, न कि जहां मुकदमा चला था। उस फैसले के अनुसार, गुजरात सरकार ने दोषियों को रिहा करने के लिए अपनी छूट नीति लागू की, हालांकि मामले की सुनवाई महाराष्ट्र में हुई थी।

बानो सहित विभिन्न याचिकाकर्ताओं ने इसे सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी। न्यायालय ने 8 जनवरी को दोषियों की समय से पहले रिहाई की अनुमति देने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया। न्यायालय ने कहा कि गुजरात सरकार को छूट आदेश पारित करने का अधिकार नहीं है, क्योंकि छूट आदेश पारित करने का अधिकार उस राज्य की सरकार को है, जहां मुकदमा चला था, जो इस मामले में गुजरात नहीं बल्कि महाराष्ट्र था। गुजरात सरकार ने फरवरी में शीर्ष अदालत के 8 जनवरी के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपनी समीक्षा याचिका दायर की थी। राज्य की समीक्षा याचिका में शीर्ष अदालत की टिप्पणियों को हटाने की मांग की गई थी कि गुजरात राज्य ने अभियुक्तों के साथ मिलकर काम किया था और उनकी मिलीभगत थी बाद में, दोषियों ने भी फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर की। अदालत ने आज सभी समीक्षा याचिकाओं को खारिज कर दिया।

## पैरासिटामोल सहित 50 दवायें परीक्षण में विफल




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने बाजार में बिक रही पैरासिटामोल सहित 50 से अधिक दवाओं को निर्धारित गुणवत्ता के अनुरुप नहीं पाया है।

सूत्रों ने यहां बताया कि सीडीएससीओ के परीक्षण में 50 से अधिक दवाएं गुणवत्ता के अनुरुप नहीं पायी गयी है। इन दवाओं का परीक्षण सीडीएससीओ की कोलकाता प्रयोगशाला ने पिछले माह किया था। सूत्रों ने बताया कि इनमें पैन डी और प्रतिरोधक, रक्तचाप, मधुमेह, विटामिन, पेट संक्रमण, कैल्सियम से संबंधित और अन्य दवाएं शामिल हैं। गुणवत्ता में विफल रहने के बाद संबंधित कंपनियों ने इन दवाओं को बाजार से हटाना होगा। ये कंपनिया मूल रुप से सिक्किम, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की हैं।

## मेलबर्न के प्रोफेसर ने की प्राचीन भारतीय सभ्यता के साथ इंडोनेशिया के सांस्कृतिक संबंधों की खोज

**नई दिल्ली।** मेलबर्न विश्वविद्यालय के प्रोफेसर थॉमस रॉयटर ने दिल्ली विश्वविद्यालय के आदिवासी अध्ययन केंद्र (सीटीएस) द्वारा आयोजित एक व्याख्यान में प्राचीन भारतीय सभ्यता के साथ इंडोनेशिया के सांस्कृतिक संबंधों की अपनी खोज को प्रस्तुत किया। इंडोनेशिया के बाली द्वीप के स्वदेशी लोगः इतिहास, रीति रिवाज और सामाजिक संगठन विषय पर आयोजित इस चर्चा में प्रोफेसर थॉमस ने बताया कि बाली का समृद्ध इतिहास भारत के साथ जटिल रूप से जुड़ा हुआ है, जो पहली शताब्दी से शुरू होता है। इस द्वीप ने मुख्य रूप से ओडिशा के साथ लंबी दूरी के व्यापार के माध्यम से हिंदू सभ्यता के उदय को देखा। इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान ने बाली की ऑस्ट्रो-एशियाई सांस्कृतिक विरासत पर एक अमिट छाप छोड़ी। 7वीं शताब्दी तक बौद्ध धर्म का उदय हुआ और 14वीं शताब्दी तक, हिंदू साम्राज्य अपने चरम पर पहुंच गया

**NAME CHANGE**
I, Isha Kakar W/o Rohit Sachdeva R/o C-602, Sector-26, Manchanda Society, Eden Garden, Garhi Bolni Road, Rewari, Haryana-123401 Have Changed My Name To Isha Sachdeva For All Future Purposes

**NAME CHANGE**
I, Parveen Kumar Gulia S/o Deep Chand Gulia R/o L-007, Andour Heights Sector-71 Badshahpur Gurgaon Haryana-122002, have changed my name to Parveen Kumar For All Future Purpose

**NAME CHANGE**
I, ADLAKHA HEMANTKUMAR BHIMSEN S/o BHIMSEN ADLAKHA R/o 806 STREET No.4 BHAWANI ENCLAVE, BASAI CHOWK, GURGAON, HARYANA-122001 HAVE CHANGED MY NAME To HEMANT ADLAKHA FOR ALL PURPOSES

**NAME CHANGE**
I, KM REFAT FATIMA ,W/o Abdul Quadir,R/o Flat No - E10-73 E Block Cluster=2, E1 Vasant Kunj New Delhi, Delhi 110070, Have Changed my name to RIFAT FATMA for all future purposes

**NAME CHANGE**
I, SUSHAMMA DEVI Mother of No. 15320380W Rank-RHM Name-REEJU KUMAR S Residing at REENA BHAVAN, MARANADU, BHARATHAN NOOR-PO, PANGODE, THIRUVANANTHAPURAM, KERALA-695609 have changed my name from SUSHAMMA DEVI to SUSHAMA DEVI J for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 01/08/1958 instead of my correct date of birth as 01/01/1957 vide Affidavit dated 27/09/2024 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Nancy D/o Neeraj Kumar R/o 3784, Gali Ram Nath Patwa, Pahar Ganj, Delhi-110055 have changed my name to Nancy Pradhan.

**NAME CHANGE**
I, Poonam W/o Neeraj Kumar R/o 3784, Gali Ram Nath Patwa, Pahar Ganj, Delhi-110055 have changed my name to Poonam Pradhan

**NAME CHANGE**
I, SUMAN KUMARI, W/o. GURUDEV, R/o. WARD NO-2, ELAKHAR, KISHANPURA, JHUNJHUNUN, RAJASTHAN-333036, have changed my name from SUMAN KUMARI to SUMAN MAAN for all future purpose

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, ASS MOHAMMAD S/o DIN MOHAMMAD R/o 25 KUMHAR BASTI, GHAROLI VILLAGE, GHAROLI, VASUNDHRA ENCLAVE, EAST DELHI, DELHI-110096 declare that name of my wife and my minor daughter has been wrongly written as PHOOL MIZRA and ARSHIDA in my minor daughter ARSHIDA SAIFI aged 17 years in her 10th class education documents . The actual name of my wife and my minor daughter are PHOOLMIZRA SAIFI and ARSHIDA SAIF, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, SNEHLATA D/O OM PRAKASH, Ex wife of Manoj Kumar Kaushik R/O H.No. 53, C- BLOCK, NEAR SANTOSHI MATA MANDIR, BHARAT VIHAR, KAKROLA, P.O- N.S.I.T, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110078, declare that I got divorce from my exhusband vide court decree/ HMA NO. 2348/19 dated 04/09/2019. I, further declare that I have changed the name of my minor daughter Yogita aged 17 years. Hereafter she shall be known as SAUMYA D/O MANOJ KUMAR KAUSHIK.

**NAME CHANGE**
I Disha Arora W/o Sitanshu Tiwari R/o C-2/99 A Sector - H, LDA Colony, Kanpur Road, LDA Colony, Lucknow, Uttar Pradesh - 2262012 have changed my name to Disha Tiwari for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I Varshika D/O Mithilesh Kumar Mishra R/O House No-266 P, Khasra No-2724/1668, Ward No-2, Mehrauli Delhi 110030 Have changed my name to Varshika Jha for All future Purposes.

**NAME CHANGE**
I Naveen Bhatt S/o Tara Dutt Bhatt R/o Kapil Vihar Lane Near Pan Chakki Damuadhunga, Kathgodam, Nainital, Uttrakhand - 263126 have changed my name to Naveen Chandra Bhatt for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, No-14676782H Rank-HAV DVR(MT) Name-BHEEM KUMAR SINGH Father of SRUTY KUMARI R/o VILL-KESHRARHI, PO-KHAIRADIP, TEHSIL-DAUDNAGAR, DISTT-AURANGABAD, BIHAR-824113 have changed my daughter's name from SRUTY KUMARI to SHRUTI KUMARI for all future purposes vide Affidavit dated 27/09/2024.

**NAME CHANGE**
I, CHANDA BAI Mother of No.4582091A, Rank-HAV, Name- Sardar Sachin Kailas residing at VPO-KARANJA (LAD), TEHSIL-KARANJA (LAD), DISTRICT-WASHIM, MAHARASHTRA-444105 have changed my name from CHANDA BAI to CHANDA KAILAS SARDAR for all future purposes vide Afffidavit dated 02.9.2024 before Notary Public, Delhi

**NAME CHANGE**
I, KAILAS Father of No.4582091A, Rank-HAV, Name- Sardar Sachin Kailas residing at VPO-KARANJA (LAD), TEHSIL-KARANJA (LAD), DISTRICT-WASHIM, MAHARASHTRA-444105 have changed my name from KAILAS to KAILAS VISHWANATH SARDAR for all future purposes vide Afffidavit dated 02.9.2024 before Notary Public, Delhi

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, SNEHLATA D/O OM PRAKASH, Ex wife of Manoj Kumar Kaushik R/O H.No. 53, C- BLOCK, NEAR SANTOSHI MATA MANDIR, BHARAT VIHAR, KAKROLA, P.O- N.S.I.T, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110078, declare that I got divorce from my ex husband vide court decree/ HMA NO. 2348/19 dated 04/09/2019. I, further declare that I have changed the name of my minor son Jatin aged 14 years. Hereafter he shall be known as ARNAV S/O MANOJ KUMAR KAUSHIK.

**NAME CHANGE**
I, KUMARI KARUNA SAH daughter of JC-671853Y Rank-SUB Name-SHANKAR SAH R/o VPO-JOGIARA, TEH-KARNTAUL, DIST-DARBHANGA, BIHAR-847303 have changed my name from KUMARI KARUNA SAH to KARUNA KUMARI SAH for all future purposes vide affidavit dated 27/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, MANISH KUMAR MASOOQ son of JC-671853Y Rank-SUB Name-SHANKAR SAH R/o VPO-JOGIARA, TEH-KARNTAUL, DIST-DARBHANGA, BIHAR-847303 have changed my name from MANISH KUMAR MASOOQ to MANISH KUMAR SAH for all future purposes vide affidavit dated 27/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as AJAY alias JAYLAL S/O JAGDEESH R/O H NO-87, BAGICHI MADHODAS, DELHI G. P. O., NORTH DELHI, DELHI-110006 have changed my name and shall hereafter be known as JAYLAL.

**NAME CHANGE**
I, NORMAYA RAI Mother of IC-83905Y Rank-MAJ Name-BISHNU RAI Presently residing at VILL-MADHAVPUR, PO-PURANI PUKHRI, PS-BORDUMSA, TEH-MARGHETIA, DIST-TINSUKIA, ASSAM-786174 have changed my name from NORMAYA RAI to PARASHUMAYA RAI for all future purposes vide Affidavit dated 27/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No-14683169Y Rank-NK, Name-SHYAM LAL PRASAD S/o DASHRATH SAW Residing at VILL-TUSARA, PS-PATAN, PO-DULHI, DIST-PALAMU, JHARKHAND-822123 have changed my mother's name from PARWATI DEVI to PARWATI KUNWAR for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 20/09/1956 instead of her correct date of birth as 01/01/1947 vide Affidavit dated 27/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, SREEKANTAN NAIR Father of No. 15320380W Rank-RHM Name-REEJU KUMAR S Residing at REENA BHAVAN, MARANADU, BHARATHAN NOOR-PO, PANGODE, THIRUVANANTHAPURAM, KERALA-695609 have changed my name from SREEKANTAN NAIR to SREEKANTAN NAIR C for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 01/08/1952 instead of my correct date of birth as 01/08/1953 vide Affidavit dated 27/09/2024 before Notary Public Delhi

**PUBLIC NOTICE**
Be it known to public at large that my clients Sh. Pramod Kumar R/o H. No. 201 A, Gali No. 17, Sangam Vihar New Delhi, South Delhi, Delhi-110062, do hereby disown and disinherits and further severe all relations from his Son Shekhar Kumar along with Mrs. Sushama W/o Shekar Kumar & Vikas Kumar along with Mrs. Mala Kumari W/o Vikas Kumar as there is no more faithful to my clients and beyond their control. He shall have no right whatsoever to claim any share in the moveable and immoveable properties of my client and anybody dealing with him in respect to my client's properties or in any manner whatsoever they shall be doing so at his/her own cost and risk for which my clients shall not be liable either socially, morally or legally for any of their acts.
**R.P. Pandey & Associates**
Advocates & Solicitors
Ch. No. 614, Saket Courts,
New Delhi - 17
(M) 8851924888, 8010527899

**PUBLIC NOTICE**
All concerned are hereby informed through this Public Notice that my client namely Smt. Babita Devi W/O Sh. Raj Singh R/O A-14, Gali No. 3, Prem Vihar, Najafgarh, New Delhi-110043, is debarred and disowned her son namely Sumit Kumar and his wife Mohini from his social life and all his moveable and immovable property and cancelled all his relations with him and his wife as the aforesaid both person used to harass, abuse and quarrel with my client. My client shall not be held liable with any of both person acts, deeds and things in any manner and if anyone deals with him shall be deal as per his/her own risk, cost and consequences.
**PRATEEBHA KUMARI**
ADVOCATE
CH. No. 716, DWARKA COURT
DELHI-110075

**PUBLIC NOTICE**
**TO WHOMSOEVER IT MAY CONCERN**
General public is hereby informed that I, Nirmala Mani, R/o Building No. 228, A- 3, Street No 25, Chattarpur Enclave Phase 2, Chattarpur, South Delhi 110074, married to Avinash Pawha, Aged 50 Years, R/o Flat No 40 D-Wing Sonam Sagar New Golden West, Mira Bhayandar, Maharashtra, West Mumbai on 21/09/2020 accordance with Hindu rites and ceremonies in Arya Samaj Mandir, New Delhi-17. I certify that now I have cut off all my relations with the Avinash Pahwa and I am not responsible for his acts and action and any person dealing with them shall be at their own responsibilities and my client shall not responsible for the same. That Avinash Pahwa shall have no rights against the property owned by my client.
**Prashant Rawat and Associates**
Ch. No.138, Lawyers Block, Saket Courts Complex, New Delhi-17,

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री नरेश कुमार उनकी पत्नी श्रीमती कुसुम पत्नी नरेश कुमार दोनों निवासी आर.जेड.-316 एम, गली न0 6, राज नगर पार्ट-2. पालम कालोनी, नई दिल्ली 110077, ने अपने पुत्र धीरज कुमार, उसकी पत्नी नेंसी और दोनो पुत्रियों को अपनी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है, क्योंकि वह सभी मेरे मुवक्किल के नियंत्रण से बाहर है। मेरे मुवक्किल ने उनके साथ सभी संबंध समाप्त कर दिए हैं। तथा उनके साथ कोई भी व्यवहार नहीं रखना चाहता है. भविष्य में कोई भी व्यक्ति मेरे मुवक्किल के पुत्र और उसकी पत्नी से लेनदेन कानूनी कार्रवाई या कोई भी व्यवहार रखता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरे मुवक्किल व उसके परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
**Ravinder Sharma Advocate**
Seat No. 46, Hall No. 2 Advocate Chamber Block, Dwarka District Court, New Delhi-75

## पोलिंग पार्टियों ने घर जाकर बुजुर्गों और दिव्यांगजनों से करवाया मतदान

**एजेंसी**

**सिरसा।** हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर डबवाली विधानसभा क्षेत्र के जिन मतदाताओं ने घर से मतदान के लिए आवेदन किया था, उनके मतदान के लिए वीरवार को प्रातः पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। उपमंडल में कुल 446 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान के लिए आवेदन किया था, जिनमें 398 मतदाता 85 वर्ष आयु से अधिक के बुजुर्ग तथा 48 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। इस कार्य को सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए कुल 9 पोलिंग पार्टियां है, जिनमें से सात पोलिंग पार्टियां घर-घर जाकर मतदान करवा रही है तथा दो रिजर्व में रखी गई हैं।रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अर्पित संगल ने बताया कि पोलिंग पार्टी बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाता के घर में पहुंची और उनका मतदान करवाया। इसको लेकर मतदाता व उनके परिजनों में खुशी देखने को मिली। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग की इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह बेहतरीन विकल्प है। मतदान के दौरान पोलिंग पार्टियों द्वारा मतदान की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अर्पित संगल ने बताया कि जिन 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान के लिए फार्म नंबर-12डी के तहत आवेदन किया था, उनके वोट डलवाए जा रहे हैं, यह प्रक्रिया 29 सितंबर तक चलेगी।

## अब तक प्राप्त 1517 शिकायतों में से 1362 का किया गया निपटारा

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव-24 के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की निगरानी के लिए आयोग द्वारा विकसित की गई सी-विजिल मोबाइल ऐप पर अभी तक जिला में 1517 शिकायतें प्राप्त हुई है। इन शिकायतों में से जांच के उपरांत 1362 शिकायतों का निपटारा किया गया है, 153 शिकायतों को ड्रॉप कर दिया गया है तथा अन्य 2 शिकायतों की जांच जारी है। जिला में स्थापित किए गए कंट्रोल रूम में प्राप्त 53 शिकायतों में से 43 का निपटारा किया जा चुका है तथा अन्य 10 की जांच जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के बारे में शिकायतें व सुझाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे कार्य कर रहा है। आयोग द्वारा विधानसभा आम चुनाव 2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के लिए सी-विजिल मोबाइल ऐप विकसित की गई है। इस ऐप के माध्यम से आमजन को चुनाव पर्यवेक्षक के समान एक शक्ति प्रदान की गई है, जिस पर वे आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते है।

## रेवाड़ी में मोटर वाहन संशोधन अधिनियम विषय पर कार्यशाला आयोजित

**रेवाड़ी।** आजादी के अमृत महोत्सव महोत्सव अभियान के तहत रेवाड़ी के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमित वर्मा की देखरेख में जिला वैकल्पिक समाधान केंद्र में मोटर वाहन संशोधन अधिनियम 2022 पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता हवासिंह एडवोकेट व राजीव गुप्ता एडवोकेट रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीयूष शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि मोटर व्हीकल संशोधित अधिनियम त्वरित न्याय दिलाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित को समय पर मुआवजा दिलाने के लिए सभी को प्रयास करने चाहिए। पीड़ित को होने वाले नुकसान की भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन उसको मुआवजे के तौर पर मिलने वाले पैसों से सहारा जरूर दिया जा सकता है। पीयूष शर्मा ने अनुसंधान अधिकारियों से कहा कि वो अपना कार्य समय पर और सही रूप से करें, जिससे पीड़ित को समय पर उचित न्याय मिल सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमित वर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी हितधारकों को नए मोटर वाहन संशोधित अधिनियम की जानकारी दिलाना है।

## राहुल गांधी ने विदेश में जाकर आरक्षण को खत्म करने की बात कही, जो बहुत ही घातक है : विज

**अंबाला।** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने आज कांग्रेस पार्टी को चेताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अपने सिर और धड़ की बाजी लगा देगा लेकिन कांग्रेस को उनके मंसूबे में कभी भी कामयाब होने नहीं दिया जाएगा तथा सारा हिंदुस्तान डटके खड़ा होगा और कांग्रेस को संविधान के साथ छेड़छाड़ नहीं करने देगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि इतिहास रहा है कि जिस पार्टी की सरकार केंद्र में होती है, हरियाणा में भी उसी पार्टी की सरकार बनती है इसलिए मुख्यमंत्री तो भारतीय जनता पार्टी का ही बनेगा और सरकार भी भारतीय जनता पार्टी की बनेगी। विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। गत दिवस गोहाना में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की रैली और प्रधानमंत्री एक चार्जर का काम करते हैं। जिस प्रकार से सूर्य एनर्जी का स्त्रोत है, उसी प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहे देश से बोले या विदेश से बोले, वह भारतवासियों को चार्ज कर देते हैं।

# कांग्रेस ने राजनीति को भ्रष्टाचार और घोटालों का अड्डा बनाया: भजनलाल शर्मा

**एजेंसी**

**सोनीपत।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उसने देश में सबसे अधिक समय तक राज किया और जनता को गुमराह करते हुए भ्रष्टाचार और घोटालों का अड्डा बना दिया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस के शासन में लगातार घोटाले होते रहे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है।

मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए भाजपा सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि और क्रेडिट कार्ड योजनासे किसानों को लाभ मिला। कांग्रेस ने हरियाणा के किसानों की जमीनें छीनीं, जबकि भाजपा सरकार में किसानों को एमएसपी का सही लाभ मिल रहा है।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने आतंकवाद और नक्सलवाद पर सख्त प्रहार देखा



है। पहले देश में बम विस्फोट आम बात थी, लेकिन अब दुश्मन देशों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री की सशक्त राजनीति के कारण विपक्षी नेताओं को अपनी राजनीति बदलनी पड़ी है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर झूठे वादे करने का आरोप लगाया और कहा कि उसने हमेशा गरीबों और किसानों की उपेक्षा की है। उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि राहुल गांधी को देश को तोड़ने वाले गुटों से अपने संबंधों की सफाई देनी चाहिए। श्री शर्मा ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुएकहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वन रैंक-वन पेंशन लागू कर दिया, जो कांग्रेस ने वर्षों तक नहीं किया था। भाजपा जाति, वंश और परिवार की पार्टी नहीं है, यह जनमानस की पार्टी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार संकल्प पत्र में किए गए 50 प्रतिशत वादे 9 माह में पूरे कर चुकी है। गत सरकार के समय हुए पेपरलीक मामलों से युवाओं के सपनों पर कुठाराघात हुआ था। इन मामलों में लिप्त किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा तथा इन प्रकरणों में अब मछलियों के साथ बड़े मगरमच्छ भी पकड़े जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जनता से भाजपा की राई उम्मीदवार कृष्णा गहलावत के साथ खरखौदा से उम्मीदवार पवन खरखौदा, सोनीपत से उम्मीदवार निखिल मदान के समर्थन में अधिक से अधिक मतदान की अपील की।

## उपायुक्त ने पलवल अनाज मंड़ी का किया दौरा,धान की आवक को लेकर की चर्चा

**एजेंसी**

**पलवल।** अनाज मंडी में धान की आवक शुरू हो चुकी है। जिसको देखते हुए जिला उपायुक्त ने होडल अनाज मंडी में धान की खरीद के लिए किए गए प्रबंधों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि अनाज मंडी में आने वाले किसानों को धान की फसल बेचने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए और किसानों के लिए अनाज मंडी में संपूर्ण सुविधाएं समय रहते उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करें। उन्होंने मंडी से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जारी की गई हिदायत अनुसार खरीद कार्य करें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने मार्केट कमेटी के सचिव को मंडी में किसानों को दी जाने वाली सभी मूलभूत सुविधाएं देने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडी में साफ-सफाई, बिजली, पेयजल और शौचालय आदि की व्यवस्था समेत मंडी के दोनों गेटों के साथ-साथ अन्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरों के सुचारु रूप से संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अनाज मंडी का दौरा करते हुए डीसी ने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को भी सुना। मार्किट कमेटी के मंडी सुपरवाइज़र को निर्देश दिए कि किसानों की फसल की खरीद में पारदर्शिता से कार्य किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार कोताही न बरती जाए। उन्होंने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफएससी सीमा शर्मा, डीएम वेयर हाउस मनोज पाराशर, राइस मिल एसोसिएशन प्रधान नरेश कुमार समेत मार्केट कमेटी के सचिव, आढ़ती व किसान मौजूद रहे।

## बच्चों व महिलाओं के स्वास्थ्य में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका : संतोष कुमारी

**एजेंसी**

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान 'सभी के लिए पोषण आहार' विषय पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन समारोह पर आयोजित किए गए पारितोषिक वितरण समारोह में कैंपस स्कूल की निदेशक संतोष कुमारी मुख्य अतिथि उपस्थित रही। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए पौष्टिक आहार का सेवन करना बहुत जरूरी है। बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माताओं एवं बच्चों को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करने के लिए पोषण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बच्चों को पौष्टिक आहार देने के साथ-साथ भोजन की स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। बाज़ार के फ़ास्ट फूड से दूर रहने कि सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य की उचित देखभाल के लिए घर पर ही शुद्ध एवं स्वादिष्ट भोजन बनाकर खाने चाहिए। मुख्य अतिथि ने छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के दौरान उकेरी गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया तथा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कलाकृतियां बनाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने बताया कि बच्चों और महिलाओं में कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए सातवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया गया, जिसकी शुरुआत वर्ष 2018 में हुई थी। पोषण माह का उद्देश्य प्रत्येक के लिए पोषण और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में जन भागीदारी को प्रोत्साहन देना है। उन्हाने बताया कि पोषण माह के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें व्यंजन बनाने की प्रतियोगिता सहित पोस्टर मेकिंग का भी आयोजित किया गया।

# मोदी सरकार ने काले कानून लागू करके किसानों का हक छीनने की कोशिश की : राहुल गांधी

**एजेंसी**

**हिसार।** हिसार के बरवाला में आयोजित कांग्रेस की विजय संकल्प रैली में राहुल गांधी ने अपनी अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए हरियाणा में बेरोजगारी और डंकी रूट से विदेश में पलायन करने के मुद्दे को बड़ी भावुकता के साथ उठाया।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा ने पूरे देश और हरियाणा में रोजगार व छोटे, स्थानीय उद्योगों को चौपट कर दिया है। प्रदेश में दो लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। पूरे प्रदेश में नशे का कारोबार फैल रहा है। बेरोजगारी, नशे व नाउम्मीदी के चलते हरियाणा के युवा जमीनें बेचकर और मोटे ब्याज पर कर्जा लेकर डंकी रूट से अमेरिका या दूसरे देशों जा रहे हैं। अमेरिका में मिले करनाल के युवकों ने बताया कि वो कैसे जान हथेली पर रखकर समुद्र व जंगलों के रास्ते यहां पहुंचे और अब 10 साल तक वापस नहीं जा सकते। जब मैं करनाल में उनके परिवार से मिला तो बच्चा देव वीडियो कॉल के दौरान लैपटॉप



पकड़कर चीखने व रोने लगा कि पापा वापस आ जाओ। हर चीख दिल को चीरने वाली है। ये दर्द अकेले देव का नहीं, बल्कि हरियाणा के लाखों बच्चों का है। कांग्रेस पार्टी ऐसी सरकार बनाना चाहती है जिसमें कोई बच्चा ना रोए, जहां पिता अपने बच्चे के साथ रहे, उसे गले लगा सके और किसी मां की आंख से आंसू ना गिरे। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने काले कानून लागू करके किसानों का हक छीनने की कोशिश की। जम्मू-कश्मीर व हिमाचल में सेब का पूरा कारोबार अदानी को दे दिया गया और वहां के बागवान आज घाटे में हैं। हरियाणा में भी किसानों को फसलों का सही भाव नहीं मिल रहा और वो कर्जवान हो रहे हैं लेकिन बीजेपी सरकार हरियाणा के किसानों का कर्जा माफ नहीं करेगी लेकिन 25 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए माफ कर दिया गया है। गुजरात में अदानी के पोर्ट से 3 हजार किलो हेरोइन मिली, लेकिन किसी को सजा नहीं हुई। एयरपोर्ट, पोर्ट, मोबाइल नेटवर्क, सड़क सब चंद उद्योगपतियों के हवाले किया जा है लेकिन छोटे व्यापारियों का धंधा खत्म किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस मौके पर कहा कि राहुल गांधी ने जब हरियाणा से 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाली तो उसने प्रदेश की जनता में नया जोश भरा है। आज सब लोग कांग्रेस की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। भाजपा वाले सुबह से झूठ बोलना शुरू करते हैं।

# हथीन में एक बार फिर कमल खिलायों विकास की कमी नहीं रहेगी: केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर

**एजेंसी**

**पलवल।** जिले के उपमंडल हथीन विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोज रावत को मजबूत करने के लिए स्टार प्रचार केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर` चुनावी जनसभा में पहुंचे। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रत्याशी मनोज रावत के साथ मौजूदा भाजपा विधायक प्रवीन डागर भी मौजूद रहे। सभी नेताओं का फूल मालाओं व पगड़ी बांध कर जोरदार स्वागत किया गया। कृष्णपाल गुर्जर चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक बार फिर से कमल खिलायो हथीन में विकास की कमी नहीं रहेगी। कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा की जितना विकास भाजपा ने दस साल के राज में किया है इतना विकास आजादी के बाद लगातार सत्ता में काबिज रही कांग्रेस ने 2014 तक के





इतने लंबे समय में नहीं किया। उन्होंने कहा की कांग्रेस को देश से कुछ नहीं लेना उन्हें केवल कुर्सी चाहिए।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का नेता और लोकसभा में विपक्ष का नेता विदेशों में जाकर भारत की बदनामी करता है। भाजपा अपने संकल्प पत्र में सारे संकल्प पूरे करने के लिए गारंटी रखती है, लेकिन कांग्रेस ने अपनी मेनिफेस्टो में कहीं भी कोई ना तो संकल्प की बात रखी है और ना ही कोई विकास की। कांग्रेस द्वारा घोषणा पत्र में किये सारे वादे मात्र जुमले है उसका जीता जाता उधारण हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है, जिसने वादे तो बड़े बड़े किये किन्तु उनके पास कर्मचारियों को सैलरी देने तक का पैसा नहीं है। कांग्रेस केवल अपने जेब भरने और लोगों से झूंठ बोलने की राजनीति करती है। गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ऐसी है,जिनका अब तक कौन मुख्यमंत्री बनेगा,पता भी नहीं है। अब जनता फैसला करे कि क्या वो मुख्यमंत्री के पास पहुंच रखने वाला है, क्या वो क्षेत्र के विकास की योजनाएं ला सकता है। उन्होंने जनता से अपील कि वह कांग्रेस से खुद भी बचें और अपने बच्चों को भी बचा लें। उन्होंने कहा कि अगर हरियाणा प्रदेश में विकास की हवा को आगे बढ़ाना है तो भाजपा को चुनना होगा। भाजपा निवर्तमान विधायक प्रवीन डागर ने मंच से भाजपा प्रत्याशी मनोज रावत का दिल से समर्थन देने की बात कही और नगर पालिका हथीन चेयरमेन सुमित राजपूत ने भी चुनाव में पूरी ताकत लगाने का विश्वास दिलाया।

## राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी पहुंची कैथल, राहुल गांधी पर साधा निशाना

**एजेंसी**

**कैथल।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी कैथल से भाजपा के उम्मीदवार लीलाराम के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए पहुंची। उन्होंने कैथल से ही अपने दो दिवसीय चुनावी दौरे की शुरुआत की। इस दौरान दिया कुमारी ने सैनी भवन में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर रहते हुए भी राहुल गांधी ने विदेश में जाकर समाज को बांटने के लिए गलत बयानबाजी की, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। यह कांग्रेस की नीति की है। दिया कुमारी ने आम आदमी पार्टी पर भी सवाल उठाए और कहा कि आप के मंत्री और मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामलों में संलिप्त हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में राजस्थान के लोगों ने भी परेशानियां झेली, इसलिए वहां भाजपा सरकार है। भाजपा सरकार बनने के बाद सबसे पहले सड़कों का जाल बिछाने का काम किया। वहीं, ऐसी सड़कें किसी भी प्रदेश में नहीं बनी, जैसी हरियाणा में 10 साल में





बनी। प्रधानमंत्री ने देश की आधी आबादी रखने वाले महिला वर्ग के उत्थान के लिए किए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, प्रसवकालीन अवकाश, सेना में अवसर, लखपति दीदी, आंगनबाड़ी अपग्रेडेशन जैसे कई निर्णय केंद्र सरकार ने लिए।

# प्रचार-प्रसार के चुनाव खर्च पर निर्वाचन आयोग की कड़ी नजर

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** पटौदी एवं बादशाहपुर के चुनाव व्यय पर्यवेक्षक श्रवण कुमार बंसल ने दोनों विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारों द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए उपयोग किए जा रहे माध्यम व उनके खर्च के मामलों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, मोबाइल फोन, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रोनिक मीडिया में जो भी विज्ञापन प्रसारित कर रहे हैं, निर्वाचन विभाग द्वारा उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। स्थानीय रेस्ट हाऊस के सभागार में जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी के साथ की गई इस मीटिंग में व्यय पर्यवेक्षक श्रवण कुमार बंसल ने कहा कि कुछ प्रत्याशी मोबाइल फोन से बल्क एसएमएस भेजकर मतदाताओं से वोट की अपील कर रहे हैं। इसी प्रकार मोबाइल फोन से मतदाताओं को रिकार्ड ऑडियो मैसेज के कॉल किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया के यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि प्लेटफार्म का भी चुनाव प्रचार के लिए धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। इसी प्रकार समाचार-पत्र, रेडियो एफएम व टी.वी. चैनलों पर भी प्रत्याशियों के विज्ञापन प्रसारित किए जा रहे हैं। प्रचार-प्रसार के इन सभी चैनल्स पर एमसीएमसी कमेटी पूरी निगरानी रख रही है और कुछ मामलों में संबधित



निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से उम्मीदवारों को नोटिस भी जारी किए गए हैं। चुनाव व्यय पर्यवेक्षक श्रवण कुमार बंसल ने प्रचार-प्रसार के मामलों में उनके पास सीधे शिकायतें आ रही हैं और उन पर तत्परता से संज्ञान लिया गया है। एमसीएमसी कमेटी की अनुमति के बिना या बगैर चुनाव खर्च दिखाए जो भी विज्ञापन प्रसारित किए जाएंगे, उन सभी के संदर्भ में संबधित उम्मीदवार को आरओ की तरफ से नोटिस जारी किए जाएंगे। इसलिए उम्मीदवार यदि स्वयं अपने विज्ञापन खर्च का विवरण खर्च रजिस्टर में जुड़वा दे तो बेहतर रहेगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के व्यय के मामलों में पुलिस की साइबर ब्रांच की भी मदद ली जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं के साथ किसी उम्मीदवार की फोटो होर्डिंग में लगाई जाती है तो इसका खर्च प्रत्याशी के खाते में जोड़ दिया जाएगा। अगर दो या दो से अधिक उम्मीदवारों की फोटो लगाई जा रही है तो इन सभी प्रत्याशियों में विज्ञापन के खर्च को बांट दिया जाएगा।

## पोषण माह मेला में महिलाओं को वितरित की निशुल्क दवाइयां

**एजेंसी**

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत स्थानीय बाल भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला स्तरीय पोषण माह मेला का आयोजन किया



गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनीमिया जांच कैंप लगाया गया। कैंप में महिलाओं की रक्त जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।अतिरिक्त उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने पोषण माह मेला के दौरान की जा रही गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि एनीमिया की कमी को दूर करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राकृतिक पौष्टिक आहार लेने बारे महिलाओं को निरंतर जागरूक किया जाए। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञों ने एनीमिया तथा पोषण वाटिका पर अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए। सुपरवाइजर संतोष ने पोषण जरूरतो पर आधारित गीत, आंगनवाड़ी वर्कर समोत ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पर आधारित नृत्य तथा सुपरवाइजर ममता ने गीत के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की महत्वता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान बेस्ट सुपरवाइजर तथा आंगनबाड़ी वर्कर व पोषण माह के दौरान आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।

## भाजपा की अभूतपूर्व विजय की साक्षी बनेगी लाडवा विधानसभा की जनता : सीएम नायब सैनी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर लाडवा विधानसभा के गांव किशनगढ़ में सरपंच बलदेव द्वारा एक जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। गांव किशनगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगमन पर सरपंच बलदेव व अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी गांव किशनगढ़ में हरियाणवी अंदाज में ट्रैक्टर पर पहुंचे। जनसभा में सीएम नायब सिंह सैनी को गांव की ओर से सम्मान की पगड़ी पहनाई गई और फूलों के गुलदस्ते भेंट कर उनका अभिनंदन किया। जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी गांववासियों को राम-राम कही। उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा की जनता के एक-एक लोग उनके परिवारजन के समान है जिसका मान वे हमेशा करेंगे। सीएम नायब सैनी ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र लाडवा में जनता का अपार जनसमर्थन जिस प्रकार उन्हें मिल रहा है उसके बाद यह तय है कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र में इस बार कमल अवश्य खिलेगा और भाजपा की अभूतपूर्व जीत की साक्षी लाडवा विधानसभा क्षेत्र की जनता बनेगी।भाजपा को समर्थन देने पर



सीएम नायब सिंह सैनी ने जनता का आभार प्रकट किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने के बाद जो घोषणाएं भाजपा के संकल्पपत्र में की गई हैं वे सभी एक-एक करके हरियाणा प्रदेश में लागू की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा लक्ष्य स्पष्ट है कि समूचे हरियाणा प्रदेश में गरीबों, मजदूरों, कर्मचारियों, महिलाओं के विकास और उत्थान के लिए कार्य करना है और हरियाणा प्रदेश को एक विकसित प्रदेश बनाना है। उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र से वे चुनाव लड़ रहे हैं और समस्त लाडवा हलके की जनता से अपील की जाती है कि वे आने वाली 5 अक्तूबर को भारी संख्या में भाजपा के पक्ष में मतदान करें ताकि 8 अक्तूबर को चुनावी परिणाम के दिन लाडवा हलके में और हरियाणा प्रदेश में भाजपा का कमल खिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाकर हैट्रिक लगाएगी और यह हरियाणा प्रदेश के लिए एक नया इतिहास बनेगा।

# चुनाव प्रचार में ऑडियो-विजुअल सामग्री के लिए पहले लें एमसीएमसी की मंजूरी, खर्च में जुड़ेंगे डिजिटल प्रचार के खर्चे : विजय सिंह

**एजेंसी**

**सिरसा।** विधानसभा आम चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान ऑडियो/वीडियो प्रचार सामग्री, वॉइस कॉल व बल्क आदि ऑडियो-विजुअल प्रचार के लिए जिला स्तर पर गठित एमसीएमसी से मंजूरी लेनी होगी। यह खर्च मंजूरी लेने वाले प्रत्याशी के चुनाव खर्च में जुड़ेगा। बगैर मंजूरी के इस प्रकार का कंटेंट किसी जनसंचार माध्यम पर प्रसारित करने पर चुनाव आयोग के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खर्च पर्यवेक्षक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में गठित मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी पूरी सतर्कता के साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों पर निरंतर निगरानी रख रही है। कंट्रोल रूम में एक्सपर्ट्स की टीम द्वारा लगातार टीवी, अखबार, सोशल मीडिया आदि पर चलने वाले समाचार की बारीकी से मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि जो उम्मीदवार चुनाव प्रचार के दौरान ऑडियो/वीडियो प्रचार सामग्री, वॉइस कॉल्स व बल्क एसएमएस की सुविधा इस्तेमाल करने के इच्छुक हैं उन्हें एमसीएमसी कमेटी के समक्ष निर्धारित फॉर्मेट में सर्टिफिकेशन के लिए अनुमति लेनी होगी। खर्च पर्यवेक्षक विजय सिंह ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक एसएमएस भेजने व ऑडियो वीडियो प्रचार करने पर एमसीएमसी कमेटी की कड़ी नजर रखी जा रही है। किसी उम्मीदवार पर व्यक्तिगत आक्षेप, किसी जाति, धर्म पर गलत टिप्पणी की गई तो संबंधित स्त्रोत का पता लगाकर उसके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा की सभी प्रत्याशी मीडिया माध्यमों का इस्तेमाल ध्यानपूर्वक करें व इस संबंध में चुनाव आयोग द्वारा जारी मीडिया से संबंधित पुस्तिका को भी अवश्य पढ़ लें। खर्च पर्यवेक्षक विजय सिंह ने बताया कि मतदान के दिन व मतदान कसे एक दिन पूर्व राजनीतिक विज्ञापन की अनुमति लेने के लिए निर्धारित फॉर्मेट में आवेदन करना होगा। इसके लिए रजिस्टर्ड राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी या फिर चुनाव लडने वाले उम्मीदवार को प्रकाशन के समय से 48 घंटे पूर्व आवेदन करना होगा।

## कच्चा तेल 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव उछलकर 74 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने आज पेट्रोल और डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.17 डॉलर यानी 0.23 फीसदी की बढ़त के साथ 73.63 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी क्रूड 0.13 डॉलर यानी 0.19 फीसदी उछलकर 69.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये,डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## मेक इन इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी यात्रा

**नई दिल्ली।** मेक इन इंडिया पहल ने घरेलू उत्पादन में वृद्धि को बढ़ावा देते हुए तकनीकी क्षमताओं को बेहतर बनाते हुए और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के विकास में निरंतर योगदान दिया है। मेक-इन-इंडिया (एमआईआई) अभियान की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के सचिव एस. कृष्णन ने भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र पर इस पहल के जबरदस्त प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे प्रभावशाली क्षेत्रों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस अवधि की शुरुआत में, 2014 -15 में, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स का कुल उत्पादन 1.9 लाख करोड़ था और आज यह 17.4 प्रतिशत की वार्षिक के साथ 9.52 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, जो अर्थव्यवस्था के शेष अन्य क्षेत्रों की तुलना में काफी तेज है। इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में भारत से होने वाला निर्यात भी 2014-15 में लगभग 38,263 करोड़ यानी 5.7 अरब डॉलर से उल्लेखनीय रूप से बढ़कर 2.41 लाख करोड़ या 22.7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ लगभग 29.1 अरब डॉलर का हो गया है। यह भी अन्य क्षेत्रों के निर्यात में हुई वृद्धि की तुलना में काफी तेज है। एमईआईटीवाई सचिव ने कहा कि मेक इन इंडिया की उपलब्धि वास्तव में एक तरह से इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र पर आधारित है और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र का एक बड़ा तत्व मोबाइल फोन रहा है। वर्ष 2014 -15 में भारत में बिकने वाले केवल 26 प्रतिशत मोबाइल फोन ही भारत में निर्मित थे, शेष आयात किए जा रहे थे। आज भारत में बिकने वाले 99.2 प्रतिशत मोबाइल फोन भारत में ही निर्मित हैं।

## चालू वित्त की दूसरी छमाही में उधारी से 6.61लाख करोड़ जुटायेगी सरकार

**नयी दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में सरकार बाजार से उधारी के तौर पर 6.61 लाख करोड़ रुपये जुटायेगी। सरकार ने भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही के लिए अपने उधार कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट में निर्धारित 14.01 लाख करोड़ रुपये के सकल बाजार उधार में से, 6.61 लाख करोड़ रुपये(47.2 प्रतिशत) को दूसरी छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों के माध्यम से उधार लेने की योजना है, जिसमें 20,000 करोड़ के सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड शामिल हैं।वित्त मंत्रालय ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 21 साप्ताहिक नीलामियों के माध्यम से 6.61 लाख करोड़ रुपये का सकल बाजार उधार पूरा किया जाएगा। बाजार उधार 3, 5, 7, 10, 15, 30, 40 और 50 वर्ष की प्रतिभूतियों से जुटाया जायेगा। सरकार नीलामी अधिसूचनाओं में दर्शाई गई प्रत्येक प्रतिभूति के विरुद्ध 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता बनाए रखने के लिए ग्रीनशू विकल्प का प्रयोग करने का अधिकार सुरक्षित रखेगी।

## आधार और पैन विवरण सार्वजनिक करने वाली वेबसाइटें ब्लॉक

**नयी दिल्ली**। सरकार ने एक खुला, सुरक्षित और भरोसेमंद और जवाबदेह इंटरनेट रखने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ सुरक्षित साइबर सुरक्षा प्रथाओं और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है लेकिन जो वेवासाइटें आम लोगों के आधार और पैन कार्ड से जुड़ी जानकारियां सार्वजनिक कर रही हैं उन्हें ब्लॉक कर दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि कुछ वेबसाइटें भारतीय नागरिकों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी को उजागर कर रही थीं। इसे गंभीरता से लिया गया है क्योंकि सरकार इनको ब्लॉक कर दिया है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 की धारा 29(4) के तहत आधार जानकारी के सार्वजनिक प्रदर्शन पर प्रतिबंध के उल्लंघन के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई है। भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) द्वारा इन वेबसाइटों के विश्लेषण से इन वेबसाइटों में कुछ सुरक्षा खामियां सामने आई हैं। संबंधित वेबसाइट मालिकों को आईसीटी अवसंरचना को मजबूत करने और कमजोरियों को ठीक करने के लिए उनके स्तर पर की जाने वाली कार्रवाई के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया है।

# सोना की तरह चांदी में भी जोरदार तेजी, ग्लोबल मार्केट में रिकॉर्ड हाई पर

एजेंसी

**नई दिल्ली**। अंतराष्ट्रीय बाजार में सोना की तरह की चांदी भी लगातार कुलांचे भर रही है। हाल के दिनों में आई तेजी के कारण स्पॉट सिल्वर (हाजिर चांदी) की कीमत रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गई है। चांदी फिलहाल 1.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 32.24 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर पर कारोबार कर रहा है। कीमत में आई इस उछाल के कारण चांदी 2012 के बाद के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है। इसके पहले दिसंबर 2012 में चांदी की कीमत 32.71 डॉलर प्रति ऑन्स के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई थी।

जानकारों का कहना है कि अमेरिका समेत कई देशों के सेंट्रल बैंक द्वारा ब्याज दरों में की गई कटौती के बाद निवेशकों की दिलचस्पी सोने के साथ ही चांदी में भी बढ़ गई है, जिसकी वजह से वैश्विक स्तर पर इस चमकीली धातु की कीमत में उछाल आ गया है। इसके साथ ही चीन ने हाल में ही राहत पैकेज का भी ऐलान किया है। इस वजह से वैश्विक स्तर पर मार्केट में लिक्विडिटी बढ़ी है, जिसका असर इंटरनेशनल मार्केट में चांदी और सोने




की कीमत में तेजी के रूप में साफ-साफ नजर आ रहा है। कमोडिटी एक्सपर्ट्स का मानना है की आने वाले दिनों में चांदी की कीमत 37 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर तक पहुंच सकती है।आपको बता दें कि इस साल अभी तक चांदी की कीमत में 35 प्रतिशत से भी अधिक की तेजी दर्ज की जा चुकी है। सोने की तरह ही वैश्विक स्तर पर चांदी को भी निवेश का सुरक्षित साधन माना जाता है। इसके साथ ही औद्योगिक वजहों से भी चांदी की जमकर खरीद होती है। यही कारण है कि चांदी की कीमत लगातार तेज बनी हुई है। सर्राफा कारोबारी सुधांशु गुप्ता का कहना है कि चांदी में तेजी की एक वजह खुद सोना भी है। निवेश के सुरक्षित साधनों में सोना और चांदी के बीच मजबूत संबंध माना जाता है। हाल के दिनों में चांदी की कीमत में आई तेजी के कारण सोने और चांदी की कीमत के अंतर का अनुपात भी पहले की तुलना में कम हुआ है। इसी तरह मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का मानना है कि निवेशकों द्वारा की जा रही चांदी की खरीदी के अलावा इंडस्ट्रियल यूज के लिए भी चांदी की खरीदारी में तेजी आई है। खासकर जैसे-जैसे दुनिया भर में सोलर एनर्जी की मांग बढ़ रही है, वैसे-वैसे सोलर पैनल प्रोजेक्ट्स के लिए भी चांदी की खरीद लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले 1 साल के दौरान ही इंडस्ट्रियल यूज के लिए होने वाली चांदी की खरीदारी लगभग दोगुनी हो गई है। माना जा रहा है कि 3 तारीख से शुरू हो रहे त्यौहारी सीजन और उसके बाद शादी के सीजन में सोने के साथ ही चांदी की मांग में भी और तेजी आएगी, जिससे घरेलू बाजार में भी चांदी नए शिखर पर पहुंच सकती है।

## बीसीसीएल के रणनीतिक कदमों से घरेलू कोकिंग कोल की खपत बढ़ी : कोयला मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने आत्मनिर्भर भारत विजन के तहत मिशन कोकिंग कोल पहल में अपनी सक्रिय भूमिका के टन कोकिंग कोयले में से 2.40 मीट्रिक टन की बुकिंग हो गई है। कंपनी की स्थापना के बाद कोयला बुकिंग में यह एक नया मानक स्थापित हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी बीसीसीएल के इन प्रयासों से घरेलू




जरिए आयातित कोयले पर देश की निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कंपनी के रणनीतिक कदमों से घरेलू कोकिंग कोल की खपत बढ़ी है। कोयला मंत्रालय ने जारी बयान में बताया है कि कोकिंग कोल की सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी बीसीसीएल ने मिशन कोकिंग कोल पहल के तहत घरेलू कोकिंग कोयले की खपत को बढ़ाने के लिए विभिन्न रणीतिक कदम उठाए हैं। ट्रेंच सात के तहत ऑफर किए गए 3.36 मीट्रिक कोकिंग कोल के उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, आयात पर निर्भरता कम होगी और भारत में इस्पात उद्योग को मजबूती मिलेगी। कोयला मंत्रालय ने कहा कि नीलामी प्रक्रिया के बारे में कंसोर्टियम बोली और स्पष्ट संचार के सफल कार्यान्वयन ने अधिक भागीदारी सुनिश्चित की है, जिससे उपभोक्ताओं और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के तहत आयात प्रतिस्थापन के देश के व्यापक लक्ष्य दोनों को लाभ हुआ है।

# रेज पावर इंफ्रा को एनटीपीसी से वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी का टेंडर मिला

एजेंसी

**नई दिल्ली**। रेज पावर इंफ्रा ने एनटीपीसी लिमिटेड से भारत का सबसे बड़ा वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी टेंडर हासिल किया है। कंपनी ने एनटीपीसी का यह टेंडर आरएंडडी डिवीजन एनटीपीसी एनर्जी टेक्नोलॉजी रिसर्च अलायंस (नेत्रा) के लिए मिला है। कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि उसको भारत का सबसे बड़ा वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी (वीआरएफबी) का टेंडर मिला है, जिसमें 600 किलोवाट अथवा 3000 किलोवाट घंटा की परियोजना हासिल की गई है। कंपनी ने बताया कि यह ऐतिहासिक जीत भारत के अक्षय ऊर्जा भंडारण परिदृश्य में रेज़ की महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है, जो लंबी अवधि के लागत प्रभावी ऊर्जा भंडारण समाधानों के लिए नए मानक स्थापित करती है। रेज पावर इंफ्रा के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) केतन मेहता ने कहा, यह उपलब्धि हमारी तकनीकी क्षमता और टिकाऊ ऊर्जा भविष्य के लिए हमारे दृष्टिकोण




को पुष्ट करती है। जैसे-जैसे हम अत्याधुनिक ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं के साथ अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं, हम भारत के महत्वाकांक्षी अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों में सार्थक योगदान देने के लिए रोमांचित हैं। वहीं, कंपनी के सीबीओ वैभव रूंगटा ने कहा, एनटीपीसी से वैनेडियम आधारित फ्लो बैटरी परियोजना को पाकर हम बहुत खुश हैं। यह देश में अग्रणी स्थिरता सेवा प्रदाता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने की दिशा में रेज़ के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह भारत में 5 घंटे की पावर स्टोरेज प्रणाली प्रदान करने के लिए वीआरएफबी तकनीक वाली पहली परियोजना है। हम ऐसे अभिनव और कुशल समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो ऊर्जा संक्रमण का समर्थन करने के साथ विश्वसनीयता और स्थिरता सुनिश्चित करते हैं।

उल्लेखनीय है कि रेज पावर इंफ्रा लिमिटेड एक अग्रणी अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदाता कंपनी है, जिसने भारत और दक्षिण पूर्व एशिया में 1.6GWp से अधिक अक्षय ऊर्जा परिसंपत्तियों का संचालन किया है। रेज पावर वर्तमान में भारत में 1GWp की अन्य परियोजनाओं पर काम कर रही है। इसके साथ ही कंपनी 2.5GW से अधिक अक्षय ऊर्जा पार्क विकसित कर रही है। वहीं, एनटीपीसी लिमिटेड देश की सबसे बड़ी बिजली उपयोगिता है, जिसकी कोयला, गैस, हाइड्रो, पवन और सौर परियोजना सहित 76 गीगावाट से अधिक स्थापित क्षमता है।

## आगे रहने का सेल का प्रयास रहेगा जारी, 'नंबर वन' बनने की आकांक्षा : अध्यक्ष

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 1,04,545 करोड़ रुपये के सर्वश्रेष्ठ बिक्री का कारोबार हासिल किया है। उन्होंने कहा कि सेल आगे रहने का अपना प्रयास जारी रखेगा।

सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने आज नई दिल्ली के लोदी रोड स्थित कंपनी के मुख्यालय में आयोजित 52वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को वर्चुअल प्लेटफॉर्म के जरिए संबोधित हुए यह बात कही। उन्होंने कंपनी के शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वित?त वर्ष के प्रदर्शन पर विचार करने और भविष्य की ओर देखते हुए यह विश्वास मजबूत होता है कि एक संगठन के रूप में हम अपने उद्योग में 'नंबर वन' यानी सर्वश्रेष्ठ बनने की आकांक्षा रख सकते हैं। शेयरधारकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के विजन के साथ देश के सामाजिक, डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढांचे को बदलने के लिए भारत सरकार के निरंतर प्रयास ने देश में सभी क्षेत्रों में स्टील की मांग को बढ़ावा दिया है। सेल के अध?यक्ष ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सेल के प्रदर्शन का सारांश प्रस्तुत किया और कहा कि सेल ने वित्त वर्ष 24 के दौरान क्रमशः 20.5 मिलियन टन (एमटी), 19.24 एमटी और 18.44 एमटी हॉट मेटल, क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील का उत्पादन करके नए मानक स्थापित किए हैं, जो पिछले वित?त वर्ष की तुलना में क्रमशः 5.6 फसदी, 5.2 फीसदी और 6.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज करता है। उन्होंने उल्लेख किया कि कंपनी ने वित्त वर्ष 24 के दौरान 1,04,545 करोड़ रुपये का सर्वश्रेष्ठ बिक्री कारोबार हासिल किया।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति से की मुलाकात

एजेंसी

**समरकंद/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को यहां उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव से मुलाकात की। केंद्रीय वित्त मंत्री ने मिर्जियोयेव को उप प्रधानमंत्री और व्यापार, निवेश एवं उद्योग मंत्री के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए हुई अत्यंत उपयोगी बैठक की जानकारी दी। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि वित्त मंत्री ने समरकंद में एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक से इतर उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति से मुलाकात की। मुलाकात में उन्होंने सुझाव दिया कि भारत और उज्बेकिस्तान के बीच पर्यटन लगातार बढ़ रहा है। इसलिए फिनटेक में सहयोग तथा सीमा पार वास्तविक समय भुगतान प्रणाली पर द्विपक्षीय चर्चा से दोनों देशों के छात्रों, पर्यटकों और व्यवसायों को फायदा होगा। मंत्रालय के मुताबिक सीतारमण ने मुलाकात के दौरान उन्हें जानकारी दी कि सतत विकास की दिशा में भारत उज्बेकिस्तान के प्रयासों की सराहना करता है। साथ ही दोनों देश हरित प्रौद्योगिकियों और जलवायु कार्रवाई पहलों पर सहयोग करने के तरीके तलाश सकते हैं। भारत के द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने की संभावना को स्वीकार करते हुए राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव ने सहयोग के पारंपरिक क्षेत्रों को मजबूत करने के अलावा डिजिटल प्रौद्योगिकियों तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग करने के प्रस्तावों की सराहना की।

# शेयर बाजार में रिकॉर्ड तोड़ तेजी का सिलसिला, नए शिखर पर बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली**। घरेलू शेयर बाजार में लगातार सातवें दिन मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही बाजार अभी तक के सर्वोच्च स्तर पर बंद होने में भी सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत सपाट स्तर पर हुई थी। दिन के कारोबार में शेयर बाजार मामूली उतार-चढ़ाव के साथ आगे बढ़ता रहा, लेकिन दोपहर 2 बजे के बजे के बाद बाजार में चौतरफा खरीदारी शुरू गई। इस खरीदारी के कारण सेंसेक्स और निफ्टी मजबूती के नए शिखर पर पहुंच गए। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स ने 0.78 प्रतिशत और निफ्टी ने 0.81 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज दिन भर के कारोबार में ऑटोमोबाइल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही आईटी, एफएमसीजी, मेटल, ऑयल एंड गैस, टेक और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और हेल्थ केयर सेक्टर के शेयरों में बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.39 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने दो लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 476.98 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 475.25 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.73 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,081 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,698 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,279 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 104 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,485 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,025 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,460 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 28 शेयर बढ़त के साथ और 2 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 44 शेयर हरे निशान में और 6 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 से 7 फीसदी होगी भारत की जीडीपी ग्रोथ : वित्त मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने कहा कि देश चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 से 7.0 फीसदी सकल घरेल उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर हासिल करने के रास्ते पर बढ़ रहा है। मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार अगस्त, 2024 तक के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), पीएमआई, बिजली खपत जैसे महत्वपूर्ण आंकड़ों से यह संकेत मिलता है। वहीं, केंद्र सरकार आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए दूसरी छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों की नीलामी से 6.61 लाख करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है।

वित्त मंत्रालय ने अगस्त की जारी मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में बताया है कि हाल के घटनाक्रमों के विश्लेषण से पता चलता है कि देश में वृहद आर्थिक स्थिरता की बुनियाद मजबूत है। इस रिपोर्ट के मुताबिक स्थिर वृद्धि, निवेश, रोजगार और मुद्रास्फीति के रुख, मजबूत और स्थिर वित्तीय क्षेत्र तथा संतोषजनक विदेशी मुद्रा भंडार समेत




मजबूत बाह्य खाते के साथ भारत की बुनियाद मजबूत है।

मंत्रालय के अगस्त की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर एक चुनौती वैश्विक आर्थिक संभावनाओं में जारी अनिश्चितता से निपटने की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक विकसित अर्थव्यवस्थाओं में नरमी की आशंकाओं और वैश्विक स्तर पर जारी चुनौतियों के बीच हमें दुनिया के विभिन्न देशों में नीतिगत दर में कटौती के एक चक्र का सामना करना पड़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 6.7 फीसदी की जीडीपी वृद्धि और अगस्त तक महत्वपूर्ण आंकड़ों से मिले संकेत यह अनुमान जता रहे हैं कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से 7.0 फीसदी रहेगी।

वहीं, वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में कहा है कि केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना उधारी लक्ष्य बरकरार रखते हुए आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए दूसरी छमाही (अप्रैल-सितंबर) में दिनांकित प्रतिभूतियों की नीलामी से 6.61 लाख करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट में निर्धारित 14.01 लाख करोड़ रुपये के सकल बाजार कर्ज में से 6.61 लाख करोड़ रुपये (47.2 फीसदी) दूसरी छमाही में प्रतिभूतियां जारी कर जुटाने की योजना है। इसमें 20 हजार करोड़ रुपये के सरकारी हरित बॉन्ड (एसजीआरबी) भी शामिल हैं।

मंत्रालय के मुताबिक 21 साप्ताहिक नीलामियों के जरिये 6.61 लाख करोड़ रुपये की सकल बाजार उधारी जुटाई जाएगी। वहीं, बाजार उधारी तीन, पांच, सात, 10, 15, 30, 40 एवं 50 साल की प्रतिभूतियों में फैली होगी। इनमें तीन साल की परिपक्वता अवधि वाले कर्ज की हिस्सेदारी सबसे कम 5.3 प्रतिशत होगी जबकि 10 वर्ष की अवधि वाली प्रतिभूतियों का हिस्सा सर्वाधिक 24.8 फीसदी होगा। मंत्रालय ने कहा कि नीलामी अधिसूचनाओं में दर्शाई गई प्रत्येक प्रतिभूति के विरुद्ध 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता बनाए रखने के लिए ग्रीनशू विकल्प का प्रयोग करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में ट्रेजरी बिल जारी कर 19 हजार करोड़ रुपये की उधारी जुटाए जाने की उम्मीद है।उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित 14.01 लाख करोड़ रुपये की सकल बाजार उधारी में से 7.4 लाख करोड़ रुपये यानी 52.8 फीसदी पहली छमाही में जुटाए जा चुके हैं। वहीं, बीते वित्त वर्ष 2023-24 में सकल उधारी अनुमान 15.43 लाख करोड़ रुपये था, जो अब तक का सबसे अधिक था।


## ईशा और आकाश अंबानी हुरुन इंडिया की अंडर 35 उद्यमियों की सूची में शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली**। ईशा अंबानी और परिता पारेख को 2024 की 'हुरुन इंडिया अंडर 35' की पहली लिस्ट में सबसे कम उम्र की महिला उद्यमी के रूप में शामिल किया गया है। वहीं, मुकेश अंबानी के बड़े बेटे आकाश अंबानी भी इस सूची में हैं।

'हुरुन इंडिया' की जारी विज्ञप्ति के मुताबिक रिलायंस रिटेल की गैर-कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी और टीचिंग एंड लर्निंग प्लेटफॉर्म टॉडल की फाउंडर परिता पारेख को 2024 की 'हुरुन इंडिया अंडर 35' की पहली सूची में सबसे कम उम्र की महिला व्यक्तिगत उद्यमी (इंटरप्रेन्योर) के रूप में मान्यता दी गई है। विज्ञप्ति के मुताबिक इस लिस्ट में फिजिक्स वाला के फाउंडर और टीचर अलख पांडे भी शामिल हैं। वहीं, शेयरचैट के अंकुश सचदेवा और रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी को सबसे कम उम्र के व्यक्तिगत उद्यमी के तौर पर शामिल किया गया है। इनकी उम्र 31 साल है। हुरुन इंडिया 2024 की इस रिपोर्ट में शामिल 82 फीसदी नव उद्यमी सेल्फमेड हैं। इस सूची में 35 साल के कम उम्र की 7 महिलाओं को शामिल किया गया है।

हुरुन इंडिया 2024 की लिस्ट में शामिल लोगों के बिजनेस की वैल्यू 418 करोड़ रुपये से ज्यादा है। इस लिस्ट में देश के 35 साल या उससे कम उम्र के 150 उद्यमियों को शामिल किया जाता है। हुरुन इंडिया फर्स्ट जनरेशन के उन उद्यमियों को शामिल करता है जिनके बिजनेस का




मूल्यांकन 50 मिलियन डॉलर (करीब 418 करोड़ रुपये) और नेक्स्ट जनरेशन बिजनेस आंत्रप्रेन्योर, जिनके बिजनेस का मूल्यांकन 100 मिलियन डॉलर (करीब 837 करोड़ रुपये) है।

**हुरुन इंडिया 2024 अंडर-35 के भारतीय उद्यमियों की सूची-**

-अंकुश सचदेवा (31) - शेयरचैट,
-नीतिश सारदा (31) - स्मार्टवर्क्स
-अक्षित जैन (31) - गोल्डमेडल इलेक्ट्रिकल्स
-चैतन्य राठी (31) - बिजनिस
-जय विजय शिर्के (31) - बीजी शिर्के कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी
-राहुल राज (31) - फ्लोबिज
-राजन बजाज (31) - स्लाइस
-राघव गुप्ता (31) - जैक्सन इंफ्रा
-ऋषि राज राठौड़ (31) - आरजू
-हेमेश सिंह (31) - अनाएकडमी
-सारांश गर्ग (31) - नोवा बेने
-राघव बगई (31) - सोशोवाश
-विनोद कुमार मीना(31)- कुकू एफएम
-अर्जुन अहलूवालिया(32)- जय किसान
-निशांत चंद्रा(32)- न्यूटन स्कूल
-मनन शाह(32)- मान इन्फ्राकंस्ट्रक्शन
-प्रणव अग्रवाल (32) - सोशियोवाश
-केशव रेड्डी (32) - एराजेन लाइफ साइंसेज
-रोहन नायक (32) - पॉकेट एफएम
-सिद्धार्थ विज (32) - बिजनिस
-ऋषभ देसाई (32) - अपार इंडस्ट्रीज
-मिहिर गुप्ता (32) - टीचमिंट
-अलख पांडे ( 32)- फिजिक्स वाला
-अक्षित गुप्ता(32)- केकेआई इंडस्ट्रीज
-पालोन मिस्त्री(32)- शापूरजी मिस्त्री ग्रुप
-रामांशु माहौर(32)- स्पिनी
-वैभव खंडेलवाल(32)- शैडोफैक्स
-सौरव स्वरूप(32)- वेलोसिटी
-निशांत केएस(32)- पॉकेट एफएम
-परिता पारेख(32)- टॉडल
-ईशा अंबानी(32)- रिलायंस रिटेल
-आकाश अंबानी(32)- रिलायंस जियो इन्फोकॉम
-अजीश अच्युतन(32)- ओपन
-बाला सारदा(32)- वाहदम इंडिया
-अमन मेहता(32)- टोरेंट फार्मा
-आलेख संघेरा(32)- एग्रीटेक फार्ममार्ट
-सुशांत गोयल(33)- थर्ड वेव कॉफी बेंगलुरू
-रोमन सैनी(33)- अनाएकडमी
-अपूर्व कुमार(33)- रेफाइन
-सुमित गुप्ता( 33)- कॉइनडीसीएक्स
-यशवर्धन पाटिल(33)- कोलटे-पाटिल डेवलपर्स वेंकट
-सजीव अल्लूरी(33)- अवंती फीड्स
-अंकित तोमर(33)- बिजोंगो
-वसंत श्रीधर(33)- ऑफबिजनेस
-कार्तिकेश्वरन केके(33)- निंजाकार्ट
-अरुण विनायक(33)- एक्सपोनेंट एनर्जी
-अजिंक्य कुलकर्णी (33)- विंट वेल्थ
-मुकुल रुस्तगी(33)- क्लासप्लस
-अनेरी पटेल(33)- गणेश हाउसिंग कॉर्पोरेशन
-नवीश रेड्डी(33)- फाइनेंसपीयर

# सर्राफा बाजार की तेजी से नए शिखर पर पहुंचा सोना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोने और चांदी के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है। सोने के भाव में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77 हजार रुपये के स्तर को पार करके 77,180 रुपये से लेकर 77,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 70,760 रुपये से लेकर 70,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आज तेजी आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 95,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,030 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

# कोरियन हेड स्पा क्या है और ये बालों और स्कैल्प के लिए कैसे है फायदेमंद जानें फायदे, ट्रीटमेंट का तरीका



**कोरियन हेड स्पा में स्कैल्प पर फोकस दिया जाता है, ताकि हेल्दी और मजबूत बालों का ग्रोथ हो सके. इस टेक्निक में परंपरागत हर्बल सामग्रियों जैसे ग्रीन टी, मुगवॉर्ट, जिनसेंग (एक जड़ी-बूटी) का इस्तेमाल होता है. विस्तार से जानें क्या है कोरियन हेड स्पा, फायदे, टेक्निक, प्रोसीजर...**

कोरियन स्किन केयर पिछले कुछ सालों से काफी ट्रेंड में है. इसे अधिकतर लोग फॉलो भी करते हैं. ये स्किन को हेल्दी, सॉफ्ट, ग्लोइंग, बेदाग बनाते हैं. अब स्किन केयर की ही तरह कोरियन हेड स्पा भी रेगुलर स्कैल्प ट्रीटमेंट से बेहतर विकल्प के रूप में उभर कर सामने आ रहा है. इसमें बालों की डीप क्लिजिंग की जाती है. ट्रीटमेंट में बाल से लेकर स्कैल्प तक को रिजुवनेट किया जाता है. चलिए जानते हैं क्या है कोरियन हेड स्पा और क्या हैं इसके फायदे, प्रोसीजर.

क्या है कोरियन हेड स्पा?

इंडियनएक्सप्रेस में छपी एक खबर के अनुसार, मुख्य रूप से कोरियन हेड स्पा में स्कैल्प की सेहत का ध्यान रखा जाता है. इसमें कई तरह के प्रोसीजर और ट्रीटमेंट शामिल होते हैं जैसे डीप क्लिंजिंग, मसाज, पीलिंग, मॉइस्चर आदि. इस हेड स्पा का मुख्य उद्देश्य होता है स्कैल्प पर गंदगी, अशुद्धियों के निर्माण को खत्म करना, रक्त प्रवाह को बढ़ाना और स्वस्थ स्कैल्प को बढ़ावा देना. इस हेड स्पा ब्यूटी प्रैक्टिस में मुख्य रूप से स्कैल्प की हेल्थ, बालों की गुणवत्ता के सुधारा जाता है. इसके जरिए संपूर्ण रूप से आपको रिलैक्स महसूस होता है.

कैसे असरदायक है कोरियन हेड स्पा?

मुख्य रूप से इस स्पा में स्कैल्प पर फोकस दिया जाता है, ताकि हेल्दी और मजबूत बालों का ग्रोथ हो सके. ये स्पा मेथड स्ट्रेस को कम करने पर भी फोकस करता है. इस हेड स्पा में कोरिया के परंपरागत हर्बल सामग्रियों जैसे ग्रीन टी, मुगवॉर्ट, जिनसेंग (एक जड़ी-बूटी) का इस्तेमाल किया जाता है. ये प्राकृतिक चीजें स्कैल्प को नरिश करती हैं और बालों की जड़ों को अंदर से मजबूत बनाती हैं. इस हेड स्पा में मृत त्वचा कोशिकाओं, रूसी और ऑयल को हटाने के लिए स्कैल्प स्केलिंग टेक्निक की मदद ली जाती है. इससे सिर की त्वचा हेल्दी और तरोताजा महसूस होती है.

हालांकि, किसी भी तरह के हेड स्पा ट्रीटमेंट लेने से पहले हेयर एक्सपर्ट, डर्मटोलॉजिस्ट से सलाह जरूर लेनी चाहिए. स्कैल्प की सफाई, कंडीशनिंग, उंगलियों से स्कैल्प की मसाज करना, ये स्कैल्प को हेल्दी रखने के लिए बहुत जरूरी हैं. हेड स्पा सर्विस कराने या उसके बाद किसी भी तरह की स्कैल्प से संबंधित कोई एलर्जी, समस्या महसूस हो तो स्किन स्पेशलिस्ट से जरूर दिखाएं.

कोरियन हेड स्पा प्रोसीजर

एक्सपर्ट पहले स्कैल्प एनालिसिस करता है. फिर उसकी क्लिंजिंग की जाती है. इसमें क्लिंजिंग शैम्पू से गंदगी, ऑयल आदि को हटाते हैं. स्कैल्प मसाज दी जाती है, ताकि ब्लड सर्कुलेशन सही हो. मसाज में एक्यूप्रेशर के जरिए स्ट्रेस, टेंशन दूर किया जाता है. व्यक्ति को रिलैक्स महसूस हो. ट्रीटमेंट स्कैल्प की कंडीशन पर निर्भर करती है. हाइड्रेटिंग मास्क, सीरम, एसेंशियल ऑयल लगाए जाते हैं. इन उत्पादों में जिनसेंग, ग्रीन टी या अन्य हर्बल के अर्क जैसे पौष्टिक तत्व शामिल होते हैं. कई बार इन प्रोडक्ट्स को स्कैल्प और बालों में अंदर तक पहुंचाने के लिए स्टीम ट्रीटमेंट भी दी जाती है. अंत में बालों और स्कैल्प को साफ किया जाता है. कंडीशनर या सीरम लगाया जाता है.

# पेजर और वॉकी-टॉकी विस्फोट मध्य पूर्व में नये तकनीकी युद्ध का संकेत

स्थिति इस तथ्य से और जटिल हो जाती है कि इजरायल के सैन्य अभियान शून्य में नहीं हो रहे हैं। गाजा में चल रहे संघर्ष, पश्चिमी तट में अशांति के साथ, ने पहले से ही इजरायल के सैन्य संसाधनों को कम कर दिया है। लेबनान में हिज्बुल्लाह से भिड़ने से पहले से ही जटिल और अस्थिर स्थिति में तीसरा महत्वपूर्ण मोर्चा जुड़ जायेगा।हाल ही में लेबनान में हज़ारों पेजर तथा वॉक-टॉकी सेटों का विस्फोट एक ख़तरनाक घटना है जो इज़राइली हाथ के लक्षण दर्शाता है, जो संभवतः इज़राइल और हिज़्बुल्लाह के बीच आसन्न सैन्य युद्ध में वृद्धि के संकेत देता है। यह तनाव हिज़्बुल्लाह की हाल ही में इज़राइली सेना के साथ झड़पों के बाद से बढ़ रहा है, जो 7 अक्टूबर को हमास के नेतृत्व वाले घातक हमले के बाद गाजा के खिलाफ़ इज़राइल की तीव्र सैन्य कार्रवाइयों का सीधा जवाब है। लेबनान के पेजर को लक्षित करने के पीछे रणनीतिक उद्देश्य स्पष्ट हैः हिज़्बुल्लाह के आंतरिक संचार को पंगु बनाना, जो इसके सैन्य अभियानों का एक महत्वपूर्ण घटक है।हाल के वर्षों में हिजबुल्लाह ने संचार के लिए मोबाइल फोन का उपयोग करना बंद कर दिया है, क्योंकि उसे संदेह है कि इजरायली खुफिया एजेंसियों ने उनके साथ समझौता किया है, जिसके कारण हिज्बुल्लाह के प्रमुख लोगों की पहचान की गयी और उन्हें लक्षित तरीके से मार दिया गया। पेजर नेटवर्क पर हमला करके, इजरायल संभवतः इस नयी कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है, ताकि सैन्य कार्रवाई में वृद्धि की स्थिति में समन्वय करने की हिज्बुल्लाह की क्षमता को कम किया जा सके। ऐसा करके, इजरायल अपनी व्यापक क्षेत्रीय रणनीति में बढ़त हासिल करने की कोशिश कर सकता है, जिसमें गाजा में हमास को दबाने के साथ-साथ हिज्बुल्लाह के प्रभाव को बेअसर करना भी शामिल है।हालाँकि पेजर विस्फोटों से तत्काल मरने वालों की संख्या नौ थी और यह बढ़ सकती है क्योंकि 2,800 घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है, लेकिन इन विस्फोटों के व्यापक निहितार्थ और भी अधिक चिंताजनक हैं। लेबनान की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली, जो पहले से ही तनावग्रस्त है, के चरमराने का खतरा है। अगर इजरायल व्यापक सैन्य हमले के साथ आगे बढ़ता है, तो सैन्य और नागरिक हताहतों की बाढ़ लेबनान के चिकित्सा ढांचे को उसके टूटने के बिंदु पर पहुंचा देगा। चिकित्सा सेवाओं पर यह संभावित दबाव न केवल घायल लड़ाकों के इलाज की देश की क्षमता में बाधा उत्पन्न करेगा, बल्कि नागरिक हताहतों की संख्या बढ़ने के कारण मानवीय संकट भी पैदा करेगा।





व्यापक भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से, इज़राइल की कार्रवाइयों को एक उच्च-दांव जुआ के रूप में देखा जा सकता है। उत्तर में हिज्बुल्लाह से भिड़ने से गाजा और वेस्ट बैंक में उनके अभियानों के अलावा, इज़राइली बलों के लिए एक तीसरा मोर्चा खुल जायेगा। सतह पर, यह एक जोखिम भरा कदम प्रतीत होगा, जो इज़राइली संसाधनों का अत्यधिक उपयोग करेगा और इसकी सैन्य रणनीति को जटिल बनायेगा। हालांकि, संकटग्रस्त नेतन्याहू सरकार के लिए, यह वृद्धि एक महत्वपूर्ण राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति कर सकती है। नेतन्याहू का प्रशासन महत्वपूर्ण आंतरिक और अंतरराष्ट्रीय दबाव में रहा है, जिसमें चल रहे संघर्ष एक एकीकृत राष्ट्रीय कारण प्रदान करते हैं। एक बहु-मोर्चा युद्ध नेतन्याहू को राष्ट्रीय सुरक्षा की आड़ में राजनीतिक शक्ति को मजबूत करने, आलोचना को दूर करने और घरेलू समर्थन जुटाने में सक्षम बना सकता है।इस संभावित इज़राइली-हिज्बुल्लाह संघर्ष के सबसे खतरनाक तत्वों में से एक आधुनिक युद्ध में प्रौद्योगिकी की भूमिका है। इस पेजर हमले जैसे उन्नत तकनीकी युद्ध का उपयोग, एक व्यापक प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है, जहाँ शारीरिक लड़ाई शुरू होने से पहले ही दुश्मनों को कमज़ोर करने के लिए गैर-पारंपरिक सैन्य रणनीतियों का इस्तेमाल किया जाता है। हिज़्बुल्लाह के संचार ढांचे को निशाना बनाकर, इज़राइल संभावित ज़मीनी या हवाई हमले का प्रभावी ढंग से जवाब देने की उसकी क्षमता को कमज़ोर करने का प्रयास कर रहा है।इस टकराव के महत्वपूर्ण क्षेत्रीय परिणाम भी हैं। ईरान के साथ हिज़्बुल्लाह के घनिष्ठ संबंधों ने इसे लंबे समय से मध्य पूर्व के नाज़ुक शक्ति संतुलन में एक प्रमुख खिलाड़ी बना दिया है। जबकि ईरान ने हमास और इज़राइल के बीच मौजूदा संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल होने से परहेज़ किया है, हिज़्बुल्लाह के प्राथमिक समर्थक के रूप में इसकी भूमिका इसे लेबनान के खिलाफ़ किसी भी इज़राइली कार्रवाई के बीच में रखती है। कई पर्यवेक्षक हिज़्बुल्लाह को ईरानी हितों के लिए एक प्रॉक्सी के रूप में देखते हैं, एक रणनीतिक हाथ जो तेहरान को प्रत्यक्ष सैन्य जुड़ाव के बिना शक्ति और प्रभाव को प्रोजेक्ट करने की अनुमति देता है। यह संबंध दांव को काफी हद तक बढ़ा देता है। यदि संघर्ष आगे बढ़ता है, तो ईरान को लड़ाई में खींचा जा सकता है, जिससे एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध छिड़ सकता है।

हाल के हफ्तों में इजरायल की कार्रवाइयों से पता चलता है कि वह ठीक इसी नतीजे को भड़काने की कोशिश कर रहा है। लेबनान में पेजर विस्फोटों के अलावा, इजरायल ने सीरिया में ईरानी संपत्तियों पर हवाई हमले किये हैं, सबसे खास तौर पर दमिश्क में, और ईरान की सीमाओं के भीतर हमास के प्रमुख लोगों की हत्या की है। ये कार्रवाइयां पूरे क्षेत्र में ईरानी हितों को लक्षित करने की इजरायल की व्यापक रणनीति को दर्शाती हैं, जिससे यह चिंता बढ़ रही है कि इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच संघर्ष जल्दी ही ईरान को शामिल करते हुए एक बड़े युद्ध में बदल सकता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से पश्चिम ने अब तक इजरायल की आक्रामक रणनीति को रोकने के लिए बहुत कम झुकाव दिखाया है। इजरायल के सबसे कट्टर सहयोगी संयुक्त राज्य अमेरिका ने गाजा में मानवीय नुकसान की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय निंदा के बावजूद इजरायली सैन्य अभियानों के लिए अपने निरंतर समर्थन का संकेत दिया है। वास्तव में, पश्चिमी शक्तियों की ओर से सार्थक विरोध की कमी इजरायल को अपने रणनीतिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए खुली छूट देती है, भले ही उन कार्रवाइयों से क्षेत्र में और अराजकता फैलने का जोखिम हो।अब एक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या यह नवीनतम प्रकरण - पेजर विस्फोट और आगे की सैन्य कार्रवाई की संभावना - लेबनान और उससे आगे व्यापक संघर्ष को जन्म देगा? हिज्बुल्लाह की प्रतिक्रिया अब तक सीमा पर छिटपुट गोलीबारी तक सीमित रही है, पर पूर्ण युद्ध की संभावना अभी भी है। यदि हिज्बुल्लाह इजरायल की कार्रवाइयों को अस्तित्व के लिए खतरा मानता है, तो वह ईरान सहित अपने क्षेत्रीय सहयोगियों को शामिल करते हुए, और संघर्ष को पूरे मध्य पूर्व के लिए विनाशकारी परिणामों के साथ एक बहु-मोर्चे के युद्ध में बदलने के लिए मजबूर महसूस कर सकता है।स्थिति इस तथ्य से और जटिल हो जाती है कि इजरायल के सैन्य अभियान शून्य में नहीं हो रहे हैं। गाजा में चल रहे संघर्ष, पश्चिमी तट में अशांति के साथ, ने पहले से ही इजरायल के सैन्य संसाधनों को कम कर दिया है। लेबनान में हिज्बुल्लाह से भिड़ने से पहले से ही जटिल और अस्थिर स्थिति में तीसरा महत्वपूर्ण मोर्चा जुड़ जायेगा। फिर भी, नेतन्याहू के लिए, यह एक सोचा-समझा जोखिम हो सकता है जिसे उठाया जाना चाहिए। इजरायल सरकार ने लंबे समय से हिज्बुल्लाह को एक बड़ा खतरा माना है, और देश पहले से ही युद्ध की स्थिति में है, अब अपने उत्तरी विरोधी को निर्णायक झटका देने के लिए उपयुक्त समय के रूप में देखा जा सकता है। लेबनान में हजारों पेजर का विस्फोट एक महत्वपूर्ण और खतरनाक घटनाक्रम है जो मध्य पूर्व में वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य की नाजुकता को रेखांकित करता है। इजरायल की कार्रवाइयां, जो संभवतः हिज्बुल्लाह की संचार क्षमताओं को कम करने के उद्देश्य से हैं, एक व्यापक संघर्ष को भड़काने की क्षमता रखती हैं जो ईरान जैसी क्षेत्रीय शक्तियों को आकर्षित कर सकती हैं और क्षेत्र को और अस्थिर कर सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बड़े पैमाने पर किनारे पर खड़े होकर देखते रहने के कारण, युद्ध के बढ़ने की संभावना अधिक बनी हुई है, और इस तरह के संघर्ष की मानवीय लागत लेबनान और इजरायल दोनों के लिए विनाशकारी हो सकती है।

## संपादकीय

## सवालों के घेरे में दो एनकाउंटर

32,87,263 वर्ग कि. मी क्षेत्रफल के साथ भारत दुनिया का भौगोलिक तौर पर सातवां बड़ा देश है और करीब 144 करोड़ की आबादी के साथ दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने क्वाड (%क्वाड्रिलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग%) बैठक में हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का परिचय कराते हुए भारत के बारे में कहा कि यह एक छोटा देश है, जिसकी आबादी बहुत कम है।

दुनिया की एकमात्र महाशक्ति होने का दावा करने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति का सामान्य ज्ञान शायद इतना कम नहीं होगा, और हो सकता है यह बात उन्होंने मजाक में कही हो। क्योंकि अपने इस निकृष्ट स्तर के मजाक के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को अपना मित्र भी बताया। मोदी-बाइडेन के बीच अनुमानित मजाक के इन क्षणों का वीडियो सोशल मीडिया पर उपलब्ध है, जिसे पाठक देख कर समझ सकते हैं कि अमेरिका और भारत दोनों किस तरह कूटनीतिक तकाजों में चूकते जा रहे हैं। क्वाड का मंच अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और सहयोग के लिए बना है, इस तरह के ओछे मजाक के लिए नहीं। अगर जो बाइडेन और नरेन्द्र मोदी में गहरी दोस्ती है, तब भी इसमें कूटनीतिक शिष्टाचार को परे नहीं किया जाना चाहिए। नरेन्द्र मोदी इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को केवल बराक कहकर या डोनाल्ड ट्रंप के लिए अबकी बार ट्रंप सरकार कहकर भारत की शर्मिंदगी का सबब बन चुके हैं, इस बार जो बाइडेन ने नरेन्द्र मोदी को टक्कर दे दी।अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत के बारे में यह अभद्र टिप्पणी करने से पहले एक और गलती की थी, जउत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में हुए दो एनकाउंटर सवालों के घेरे में इसलिये आ गये हैं क्योंकि दोनों को लेकर गहरा शक किया जा रहा है कि ये फर्जी हैं। कुछ आगे-पीछे हुए ये दोनों एनकाउंटर जिस तरीके से हुए हैं वे दोनों ही गहन जांच की ज़रूरत बतलाते हैं- चाहे वे दो अलग-अलग राज्यों में ही क्यों न हुए हों। संयोग यह भी है कि दोनों ऐसे राज्य हैं जहां एनकाउंटर संस्कृति पनपती रही हैं और दोनों राज्यों में इसका लम्बा इतिहास रहा है।उप्र के सुलतानपुर में हुई डकैती कांड मामले में अनुज प्रताप सिंह का एनकाउंटर हुआ है। वहीं महाराष्ट्र में अक्षय शिंदे नामक उस शख्स का एनकाउंटर हुआ है जिस पर बदलापुर के एक स्कूल में मासूम बच्चियों के साथ यौन शोषण का आरोप था। उसे तलोजा जेल से ले जाया जा रहा था। पुलिस का दावा है कि उसने पुलिस की गाड़ी में एक पुलिस इंस्पेक्टर से रिवाल्वर छीन ली और उन पर फायरिंग कर दी। इसमें तीन पुलिस वाले घायल हो गये। उसे नियंत्रित करने के लिये पुलिस को भी जवाबी फायरिंग करनी पड़ी जिससे वह मारा गया।

दोनों ही एनकाउंटर कई कारणों से संदिग्ध माने जा रहे हैं। संयोगवश, दोनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं जिनका एनकाउंटरों के प्रति अनुराग सर्वज्ञात है। सांसद एवं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस घटना की निंदा करते हुए जांच की मांग की है। उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त को सुलतानपुर के ठठेरी बाजार में भरत सोनी की ज्वेलरी शॉप में 5 लोगों ने डकैती की थी जिनमें अनुज भी शामिल था। यह ईनामी बदमाश था जिस पर एक लाख रुपये का पारितोषिक घोषित किया गया था।पुलिस के अनुसार अनुज एवं उसका एक साथी उन्नाव जिले के अचलगंज इलाके से जा रहे थे। लखनऊ एसटीएफ को इसकी सूचना मिली थी। इस मुठभेड़ में अनुज मारा गया जबकि उसका साथी फरार हो गया। घायल अनुज को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित किया गया। वैसे बता दें कि इसके पहले इसी डकैती में शामिल दो और लोगों के साथ एसटीएफ की मुठभेड़ हुई थी। उसमें मंगेश यादव नामक आरोपी की मौत हो गयी थी। एक और आरोपी अजय यादव के पैर में गोली लगी थी जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मंगेश के एनकाउंटर पर भी अखिलेश ने सवाल उठाये थे।दूसरी ओर महाराष्ट्र में हुए एनकाउंटर की निंदा नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले समेत कई नेताओं ने करते हुए इस पर गहन संदेह व्यक्त किया है। सुप्रिया के अनुसार प्रदेश में कानून-व्यवस्था का पूरी तरह से ठप हो जाना ही यह एनकाउंटर दर्शाता है। कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने इसे प्रदेश के लिये काला दिन निरूपित किया है।उन्होंने कहा है कि अब उन्हें यकीन नहीं रह गया है कि इस कांड के सही आरोपियों तक कभी भी पुलिस पहुंच पायेगी। शिवसेना उद्धव गुट के आदित्य ठाकरे ने भी इसी तरह के आरोप लगाये हैं।

# धर्मनिरपेक्षता पर हमले का नया तरीका

भारतीय संविधान में वर्णित धर्मनिरपेक्षता एक सकारात्मक और क्रांतिकारी अवधारणा है जो पश्चिमी अवधारणा से काफी अलग है। श्री रवि जिस यूरोपीय धर्मनिरपेक्ष विचार की बात कर रहे थे, उसमें धर्म का राज्य से कोई संबंध नहीं है। जबकि भारत में धर्मनिरपेक्षता में अंतर-धार्मिक समानता या सर्वधर्म समभाव पर जोर दिया गया है। धर्मों के भीतर होने वाले भेदभाव और दो धर्मों के भीतर होने वाले मतभेदों को भी ध्यान में रखा गया है।तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने चार दिन पहले 22 सितंबर को कन्याकुमारी में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि %धर्मनिरपेक्षता एक यूरोपीय अवधारणा% है और भारत को इसकी जरूरत नहीं है। श्री रवि ने कहा कि भारत के लोगों के साथ कई सारे फ्रॉड (धोखे) हुए हैं और उनमें से एक धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा है। उन्होंने कहा, %ये अवधारणा यूरोप में चर्च और राजा के बीच झगड़े के कारण पैदा हुई थी। जबकि भारत एक धर्म केंद्रित राष्ट्र है और इसलिए ये संविधान का हिस्सा नहीं था। लेकिन एक %असुरक्षित प्रधानमंत्री% ने आपातकाल के दौरान इसे संविधान में जुड़वाया।%जाहिर है राज्यपाल का इशारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर था। 1976 में इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में ही संविधान में संशोधन कर धर्मनिरपेक्ष शब्द को जोड़ा गया था। तब देश में आपातकाल लागू था। राज्यपाल रवि ने कहा कि स्वतंत्रता के दौरान जब संविधान ड्राफ्ट किया जा रहा था, तब धर्मनिरपेक्षता की चर्चा आई थी। उनका दावा है कि संविधान सभा ने इसे ये कहते हुए खारिज कर दिया था कि भारत एक धर्म केंद्रित राष्ट्र है और यहां यूरोप की तरह कोई झगड़ा नहीं है।राज्यपाल रवि ने अपने भाषण में धर्मनिरपेक्षता को लेकर जो कुछ कहा, उससे एक बार फिर जाहिर हो गया है कि देश में संविधान पर अब भी खतरे मंडरा रहे हैं।प्रधानमंत्री मोदी संविधान को सिर-माथे से लगाकर देश को यह दिखलाना चाहते हैं कि कांग्रेस ने संविधान को भाजपा से खतरे का जो मुद्दा खड़ा किया है, वह गलत है और भाजपा प्राणपण से संविधान की रक्षा करेगी। इसलिए एनडीए सरकार ने संविधान हत्या विरोधी दिवस मनाने का फैसला भी ले लिया है। लेकिन राज्यपाल आर एन रवि ने संविधान में पूरे नियमों के साथ किए गए एक संशोधन पर उंगली उठाकर साबित कर दिया है कि संविधान को बदलने की साजिशें अभी खत्म नहीं हुई हैं। इस भाषण के सामने आने के बाद भी केंद्र सरकार की तरफ से इस पर आलोचना की कोई टिप्पणी नहीं आई। सरकार के किसी नुमाइंदे ने यह नहीं कहा कि संविधान की प्रस्तावना में जो कुछ लिखा है, हम उसे उसी तरह अक्षुण्ण बनाए रखेंगे, उसमें कोई फेरबदल नहीं होगा, न उसके खिलाफ की जा रही टिप्पणियों को बर्दाश्त किया जाएगा।वैसे आर एन रवि को यह स्पष्ट



कर देना चाहिए था कि उन्हें असली तकलीफ किस बात से है, संविधान में धर्मनिरपेक्षता से, धर्मनिरपेक्षता की यूरोपीय अवधारणा से, इंदिरा गांधी से या इंदिरा गांधी के कार्यकाल में हुए ऐसे संशोधन से, जिससे देश के करोड़ों लोगों को इस बात की राहत मिली कि वे किसी भी तरह से दोयम नहीं हैं। क्योंकि भारतीय संविधान जिस धर्मनिरपेक्षता की बात करता है, उसमें भारतीय संस्कृति की जरूरतों और विशेषताओं का ध्यान रखा गया है, यानी अनेकता में एकता और इसी वजह से हरेक नागरिक को समान होने का अधिकार है। इसके अलावा संविधान में धर्मनिरपेक्षता के जरिए विज्ञान और तर्कवाद को प्रोत्साहन और सरकार को धार्मिक दायित्वों से स्वतंत्र कर सभी धर्मों के प्रति एक सहिष्णु रवैया अपनाने पर जोर दिया गया है।

गौरतलब है कि दुनिया में जितने प्रमुख धर्म हैं, वे सब भारत में भी हैं, और हर धर्म का व्यक्ति अपनी पहचान के प्रति संवेदनशील होता है। उसकी धार्मिक पहचान सुरक्षित रहे, यह जिम्मेदारी केवल धर्मनिरपेक्ष राज्य ही पूरी कर सकता है। इसके साथ ही जो नागरिक नास्तिक होते हैं, उन्हें भी अपनी सोच के साथ सुरक्षित जीवन मिले, यह जिम्मा भी सरकार का ही है। भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा इन्हीं जिम्मेदारियों की अपेक्षा सरकार से करती है।

भारतीय संविधान में वर्णित धर्मनिरपेक्षता एक सकारात्मक और क्रांतिकारी अवधारणा है जो पश्चिमी अवधारणा से काफी अलग है। श्री रवि जिस यूरोपीय धर्मनिरपेक्ष विचार की बात कर रहे थे, उसमें धर्म का राज्य से कोई संबंध नहीं है। जबकि भारत में धर्मनिरपेक्षता में अंतर-धार्मिक समानता या सर्वधर्म समभाव पर जोर दिया गया है। धर्मों के भीतर होने वाले भेदभाव और दो धर्मों के भीतर होने वाले मतभेदों को भी ध्यान में रखा गया है। इसलिए दलित या महिला उत्पीड़न या जातिगत भेदभाव पर सरकार अंकुश लगाती है। पश्चिमी देशों में धर्मनिरपेक्ष सरकारें और अदालतें तब भी हस्तक्षेप नहीं करतीं, जब कोई धार्मिक संस्था किसी समुदाय या महिला के लिये कोई निर्देश देती है। लेकिन धर्मनिरपेक्ष भारत में धार्मिक स्थलों में महिलाओं के प्रवेश जैसे मुद्दों पर राज्य और न्यायालय दखल दे सकते हैं।इसलिए धर्मनिरपेक्ष को यूरोपीय अवधारणा बताकर उसे भारतीयों के साथ धोखा कहना, असल में संविधानविरोधी बात है, जिस पर मोदी सरकार संज्ञान ले या न ले, अदालत को संज्ञान लेना ही चाहिए।

दरअसल भाजपा कई तरीकों से ऐतिहासिक संदर्भों या फैसलों को तोड़-मरोड़ कर जनता के सामने पेश करती है, जिससे भ्रम की स्थिति बनती है। नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनावों में मुसलमानों को ज्यादा हक देने या मंगलसूत्र चोरी हो जाने जैसे डर जनता में इसी तरीके से फैलाने की कोशिश थी। हालांकि यह कोशिश कामयाब नहीं हुई। क्योंकि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के बाकी दलों ने जनता को यह समझा दिया कि ये सारी बातें संविधान बदलने की रणनीति से ध्यान भटकाने की कोशिश हैं। अब आर एन रवि के इस बयान के बाद संविधान में धर्मनिरपेक्षता के विचार का पुनर्पाठ कर लेने का अवसर बन गया है।संविधान निर्माण के समय से ही धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा इसमें मौजूद थी, संविधान के भाग-3 में वर्णित मौलिक अधिकारों में धर्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद-25 से 28) इसका प्रमाण है।

976 में धर्मनिरपेक्षता शब्द को जोड़कर इस अधिकार को और विस्तार दिया गया। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ है भारत सरकार धर्म के मामले में तटस्थ रहेगी। उसका अपना कोई धार्मिक पंथ नहीं होगा तथा देश में सभी नागरिकों को अपनी इच्छा के अनुसार धार्मिक उपासना का अधिकार होगा। भारत सरकार न तो किसी धार्मिक पंथ का पक्ष लेगी और न ही किसी धार्मिक पंथ का विरोध करेगी। धर्मनिरपेक्षता से यह सुनिश्चित होता है कि राज्य धर्म के आधार पर किसी नागरिक से भेदभाव न कर प्रत्येक व्यक्ति के साथ समान व्यवहार करता है।अब विचारणीय बात यह है कि आखिर श्री रवि को धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा से तकलीफ क्यों हुई। संविधान हर व्यक्ति को उसका धर्म मानने और अपनी मर्जी से उपासना का अधिकार दे रहा है,

किसी से कुछ छीन नहीं रहा है, फिर किस बात का डर। और जहां तक यूरोपीय अवधारणा की बात है, तो भारत में अब भी बहुत कुछ ऐसा है जो ब्रिटिश सरकार की देन है। आर एन रवि खुद भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहे हैं और भारत का संघ लोकसेवा आयोग ब्रिटिश राज की सिविल सेवा से ही प्रेरित है। गर्वनर जैसे पद भी अंग्रेजी राज की उपज हैं।हमारे संविधान को दुनिया के कई संविधानों के अध्ययन के बाद बनाया गया है। तो हम यूरोपीय या पश्चिमी या आयातित के नाम पर आखिर क्या-क्या चीजें छोड़ेंगे और सबसे बड़ा सवाल क्यों छोड़ेंगे। क्या सिर्फ इसलिए कि स्वदेशी, भारतीयता, राष्ट्रवाद जैसे शब्दों की जुगाली करके भाजपा देश को फिर से मध्ययुग में लौटाना चाहती है। और तब भी सब कुछ विशुद्ध भारतीय कहां था। अगर इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलेगा कि भारतीय उपमहाद्वीप में हमेशा खुले दिमाग और खुली बांहों से लोगों का, विचारों का, परंपराओं और संस्कृतियों का स्वागत किया गया है। इसलिए भारत सारे जहां से अच्छा बना रहा। भारत की यह पहचान अब भी केवल संविधान के कारण बची हुई है, लेकिन भाजपा किसी न किसी तरह संविधान पर आपत्ति दर्ज करा ही रही है।



# ये तेरा मेरा रिश्ता

**भागदौड़ भरी जिंदगी और उसमें वर्कलोड की अधिकता रिश्तों में मीलों की दूरियां बढ़ा रहा है। बढ़ती महंगाई और आपके भौतिकवादी विचार ने आज रिश्तों के बीच दूरियां कायम कर दिया है।**

आज जीवन पद्धति ने इंसान को व्यस्त कर दिया है, जिससे वो अपने किसी रिश्ते को सही से समय नहीं दे पा रहा है। आज के वैवाहिक जीवन में कपल्स शौक, जरूरत और उन्नति के लिए जॉब को प्राथमिकता देने लगे हैं। ऐसे में उनको एक दूसरे के साथ रहने के लिए बहुत ही कम समय निकल पाता है। इतने कम समय में वे अपने घरेलू कामों में ही लगे रहते हैं और एक-दूसरे के लिए बहुत ही कम समय दे पाते है, कई बार तो ऐसा भी होता है कि ऑफिस का वर्कलोड ये अपने घर तक ले आते हैं। ये काम ऑफिस में तो इनके प्रतिद्वंव्दी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन दिला देता है, लेकिन अपने साथी से दूरियां बढ़ा देता है। ऐसी दशा में रिश्तों की शुरुआत में ही दूरियां आने लगती हैं और बहुत ही थोड़े समय में टेंशन उनके बीच आ जाती है। आजकल कपल्स मैरिड लाइफ को ज्यादा महत्व नहीं देते। ये अपने साथी को थोड़ा बहुत समय देते हैं, तो मात्र शारिरिक सुख के लिए, लेकिन ये उनका स्वार्थ होता है, प्यार नहीं।

## आपका साथ है उसका विश्वास

आपका साथी हमेशा आपका साथ मांगता है, क्योंकि आपका साथ ही उसमें आत्म विश्वास भरता है, और ये आत्म विश्वास जहां रिश्तों में सम्मान लाता है, वहीं हर कदम पर आपके साथ भी रहता है। रिश्तों को जुड़े चाहे कितना भी समय हो चुका हो, उनमें रोमांस हमेशा बने रहना चाहिए। यदि आपको लग रहा कि कुछ बदलाव आ रहा है और स्थितियां पहले कि तरह नहीं है, तो आपको इस तुरंत सोचने की जरूरत है। रिश्तों को बनाने में सालों लगते है और टूटने में एक पल भी नहीं लगता। कई बार हम अपनी दिनचर्या में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपने आस-पास हो रहे परिवर्तनों पर भी ध्यान नहीं दे पाते। रिश्ते में कड़वाहट आ जाए या दूरियों के बाढ़ में ये तलाक या दो बेडरूम तक पहुंच जाए, इसके पहले ही हमें कुछ संकेत मिलने लगते हैं। यह अलग बात है कि हम लापरवाही के चलते इन पर ध्यान नहीं दे पाते। यदि आप अपने रिश्तों को टूटने से बचाना चाहते हैं तो उन संकेतों को समझने की कोशिश करें, जिनसे दूरियां बढ़ने का पता चलता है। ये संकेत आपके रिश्ते को बचाने का एक जरिया हो सकता है। इसमें कहीं हद तक आपकी समझदारी आपकी हेल्प करती है।

## जब साथी कर रहा नजरअंदाज

आप ये जान लीजिए कि समाज हो या आपका घर, कहीं भी अचानक कुछ नहीं होता, चीजें धीरे-धीरे बदलती हैं। इसमें आपको थोड़ा समझदारी और संयम से काम लेना चाहिए। आपकी समझदारी ही आपके परिवार को इस आग की चपेट से निजात दिला सकती है। आपके व्यस्त जीवन के कारण ही आपका दांपत्य जीवन इस कंडीशन में आ गया है, ऐसे में आपकी सार्थक सोच ही आपके घर को फिर से हरा- भरा कर सकता है। सबसे पहले तो आपको अपने पिछले कार्यों को एक बार सोचना चाहिए। आखिर ऐसी दशा कहा से बन गयी और जल्दी अपने में सुधार ला दे, इसके साथ यदि आप अपने साथी को सॉरी बोल दे तो ज्यादा बेहतर है। इसके अलावा आप अपने साथी के शारिरिक संकेतों को समझने की कोशिश करिए। क्या आपका साथी पहले की तरह आप पर ध्यान नहीं दे रहा और आपकी बातों में रुचि नहीं ले रहे हैं?

आपके करीब आने पर आपका साथी असहज महसूस करता है। बेडरूम में आपको अनदेखा कर रहा है। बच्चों के मसले के अलावा और कोई विषय बातचीत का नहीं रह गया है। ये सब आप व्यक्त करना चाहें या नहीं लेकिन आपके शारीरिक संकेत बहुत कुछ कह देते हैं।

## कोई और आ जाए जीवन में

ऐसे में आप दोनों पति-पत्नी के बीच प्रेम और लगाव की कमी भी रिश्तों में दूरियों के बढ़ने में अहम रोल निभाती है। अगर पहले जैसे प्यार की गरमाहट अब कहीं ढूंढ़ने से भी नजर नहीं आ रही तो समझिए कि यह खतरे का संकेत है। यह ठीक है विवाह के शुरुआती दिनों के बाद रोमांस का खुमार धीरे-धीरे कम होता चला जाता है। लेकिन ऐसा भी नहीं होता कि प्रेम बिलकुल नजर ही न आए। लेकिन आप दोनों चाहे तो आपका वैवाहिक जीवन फिर से भर सकता है।



## आपसी अंडर स्टैंडिंग को बढ़ाएं

व्यवहार में बदलाव आपके बीच दूरियां बढ़ने का तीसरा संकेत है। क्या आपके साथी का अब आपकी बातों पर ध्यान नहीं जाता। गंभीर बातों को सुनकर भी अनसुना कर देते हैं। आपकी बातों का जवाब झुंझलाकर देते हैं। बेवजह गुस्सा करना इत्यादि। यदि ये सारे लक्षण उनके व्यवहार में नजर आ रहे हैं तो आप समझ लें कि ये खतरे की घंटी है। ऐसे में आप अपने साथी से प्यार से बात करें, आखिर वो क्यों आपसे रूठा हुआ है। यदि आपको कोई जवाब नहीं मिले तो आप गुस्सा होने की बजाय सही समय का इंतजार करें और बात करने का कोई भी मौका न गंवाएं।

## जब वो रहने लगे चुप-चुप

साथी का मौन सबसे खतरनाक व्यवहार होता है, इसका आपके व्यक्तित्व पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। यदि आपका साथी आपके साथ अंतरंग पल नहीं बिताना चाहता तो समझे कि दूरियां बढ़ रही हैं। बेहद कठिनाई से बाहर जाने के बने कार्यक्रम में देखते हैं कि वहां केवल आप दोनों ही नहीं, कुछ और भी परिचित हैं, जिनके बारे में आपको पता भी नहीं था।



# जब रहे तनाव

जिंदगी एक खूबसूरत एहसास है। इसे संजीदगी से जीएं, तो इसका अपना ही मजा है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और उसमें काम का प्रेशर, जिंदगी को जहन्नुम बनाते जा रहे हैं। मंहगाई की मार ने आज जहां दामपत्य जीवन को प्रभावित किया है वहीं महिलाओं को भी घर से बाहर निकलने को मजबूर कर दिया है। हर कंपनी आज अधिकाधिक मुनाफे के लिए अपने कर्मचारियों का भरपूर शोषण करती है। घर की जिम्मेदारी, बच्चों का ख्याल, परिवार का पोषण इनके साथ में आफिस की टेंशन, ये जहां आपकी निजी जिंदगी को प्रभावित कर रहे हैं, वहीं आपके शरीर को भी अस्वस्थ कर रहे हैं। एक सर्वे के अनुसार प्रेशर में काम करने से आपको हृदय रोग जैसी घातक बीमारी भी हो सकती है। क्या आपको पता है कि तनाव आपको जहां सही से काम करने से रोकता है वहीं इससे अवसाद होने की भी पूरी संभावना होती है। ऐसे में आपकी थोड़ी सी समझदारी ही आपको तनाव से मुक्ति दे सकती है। तनाव के हालात में काम करने से महिलाओं में हृदय रोग की आशंका पुरुषों की तुलना में दोगुनी होती है। यह बात एक नए अध्ययन में सामने आई है। अध्ययन में पाया गया है कि काम का तनाव पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को अधिक नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में आपको अपना काम करते समय धैर्य की आवश्यक्ता होती है। आपका धैर्य ही आपको कठिन से कठिन परिस्थिति में जीने की राह का निर्माण करती है।



# एल्यूमीनियम को करें एवाइड

हाल ही में इस संदर्भ में हुए शोध कार्यों से जो तथ्य सामने आए हैं उनसे पता चलता है कि एल्यूमीनियम के बर्तनों को खाना बनाने के लिए प्रयुक्त करने से भोजन में भी एल्यूमीनियम के अंश शामिल हो जाते हैं। जो बाद में हमारे शरीर में जाकर हमें नुकसान पहुंचाते हैं।

## इसे जानना जरूरी है

असल में एल्यूमीनियम एक क्रियाशील धातु होती है। यही वजह है कि वायु के सम्पर्क में आने से इसके ऊपर एल्यूमीनियम ऑक्साइड की पर्त जम जाती है। जब टमाटर, इमली, आम, नमक, मसाले, सिरका, दही या नींबू जैसी अम्लीय वस्तुएं इन बर्तनों में डाली जाती हैं, तो ये एल्यूमीनियम ऑक्साइड भोजन में मिल जाते हैं। इनसे मस्तिष्क के अलावा हृदय तथा पाचन तंत्र पर भारी असर पड़ता है। अत: एल्यूमीनियम के बर्तन इस प्रकार के अम्ल युक्त खाद्य पदार्थ बनाने या रखने के लिए बहुत खतरनाक हो जाते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि एल्यूमीनियम की अधिकता मस्तिष्क की विचार क्षमता एवं स्मरण शक्ति को क्षीण कर देती है। यदि शरीर में एल्यूमीनियम अधिक मात्रा में पहुंच जाए, तो इससे मस्तिष्क की कोशिकाओं के नष्ट होने या क्षतिग्रस्त होने का भय रहता है। इनसे अल्जाइमर्स या डिमेंशा जैसे भयानक स्नायु रोग, गुर्दो व अस्थि रोगों का खतरा सबसे ज्यादा होता है।

## ये हो सकता है सुरक्षित

इतना ही नहीं, बल्कि एल्यूमीनियम के बर्तनों में बनाई जाने वाली चाय भी मस्तिष्क के लिए हानिकारक हो सकती है। एक शोध में पाया गया है कि यदि एल्यूमीनियम के बर्तनों में फलोराइड युक्त पानी उबाला जाता है, तो पानी में एल्यूमीनियम की और अधिक मात्रा घुल जाती है। बताया जाता है कि यदि एल्यूमीनियम के बर्तनों को विद्युतलेपन करके प्रयोग में लाया जाए, तब ये बर्तन अपेक्षाकृत ज्यादा सुरक्षित हो जाते हैं। इसी तरह अगर इन बर्तनों का प्रयोग अम्लीय पदार्थों के लिए नहीं किया जाता, तो भी इनसे उतना खतरा नहीं रहता।

# आया ई-बाइक्स का जमाना

**इन दिनों बाइक के प्रति युवाओं का रूझान देखते ही बनता है। जहां कंपनियां एक से बढ़कर एक मॉडल लांच कर रहीं हैं, वहीं मॉडीफाइड बाइकों का भी चलन तेज हुआ है। लेकिन अगर आप कुछ ऐसा लेना चाहते हैं, जो आपकी जेब के साथ ही पर्यावरण को रास आए। तो बेशक तैयार हो जाइए, कुछ ऐसे ही अनुभव के लिए ई-बाइक्स के साथ। जिसको बच्चे भी काफी पसंद कर रहे हैं। आइए जानते हैं, ई-बाइक्स की खासियतों के बारे में इन दिनों युवाओं के साथ बच्चों में ई-बाइक्स को लेकर भी काफी क्रेज देखा जा सकता है। जिसमें कई ऐसी विशेषताएं हैं, जिनसे आप बाइक का बिल्कुल एक नया अनुभव पा सकते हैं। वैसे इस बाइक का चलन कॉलेज के लड़कों में ज्यादा देखने को मिलात है। जिसे दिलाने में पैरेंट्स को भी कोई परेशानी नहीं होती है।**

## लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन से फुर्सत

इस वक्त बाजार में दो तरह की ई-बाइक्स हैं- लो स्पीड और हाई स्पीड की बाइक। हाई स्पीड बाइक चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की जरूरत होती है, लेकिन लो स्पीड बाइक्स में इसकी कोई जरूरत नहीं है। इनकी यही खूबी इन्हें 14-18 साल तक के बच्चों के लिए बेस्ट गिफ्ट बनाती है। तो फिर देरी किस बात की, इस बर्थ-डे पर अपने बच्चे को दीजिए, ऐसा ही कुछ प्यारा सा तोहफा।

## फ्यूल नो प्राब्लम

आजकल हर कोई पेट्रोल के बढ़ते दामों से परेशान है, लेकिन ई-बाइक खरीदकर आप पेट्रोल के खर्चे से आसानी से बच सकते हैं, क्योंकि इन बाइक्स को चार्ज करके आसानी सफर किया जा सकता है। जिसको चार्ज करने में भी बिजली की खपत काफी कम होती है। यानि की इस बाइक को जरूरत पड़ने पर बड़ों के साथ बच्चे भी इस्तेमाल कर सकते हैं।



# हर कदम पर साथ

## आपकी अपनी योजनाएं

- कई बैंक्स न्यूनतम बैलेंस से लेकर फ्री क्रेडिट या डेबिट कार्ड का ऑफर देते हैं।
- कुछ में ज्वेलरी इंश्योरेंस की स्कीम्स हैं, तो कुछ में एक्सीडेंट इंश्योरेंस की।
- चडीएफसी बैंक का ईजी शॉप वूमेंस एडवांटेज कार्ड एक वर्ष तक लॉकर फीस पर 50 प्रतिशत छूट देता है और साथ ही फ्री बिल पेमेंट सर्विस भी देता है।
- महिलाओं को दिए जाने वाले ज्यादातर कार्डस पर सोने की खरीदारी पर विशेष छूट से कुछ खास खरीदारी पर कैश बैंक स्कीम तक शामिल हैं।
- सिटी बैंक के वूमेंस वीजा सिल्वर कार्ड फ्री कार्ड के साथ एक अतिरिक्त फ्री कार्ड देता है, साथ ही हर 200 रुपए पर एक रिवॉर्ड पॉइंट के अलावा कुछ खास खरीदारी पर भी छूट देता है।
- एबीएन एम्रो की शक्ति सेव्रिग एकाउंट योजना में 5000 रुपए के न्यूनतम बैलेंस के साथ एक क्रेडिट कार्ड फ्री की सुविधा भी है।
- एक्सिस बैंक की स्मार्ट प्रीविलेज में न्यूनतम बैलेंस 10,000 रुपए हैं और जीरों बैलेंस माइनर एकाउंट के साथ-साथ डेबिट कार्ड पर ज्वेलरी इंश्योरेंस की सुविधा है।
- इनके अलावा बैंकों द्वारा महिलाओं को विशेष तौर पर लोन में भी कई सुविधाएं दी जाती हैं।
- ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स महिलाओं के लिए लोन पर 0.5 प्रतिशत का छूट देता है।
- कुछ बैंक्स जैसे कॉर्पोरेशन बैंक आदि सोना या गहने खरीदने के लिए कम ब्याज दर पर कामकाजी और गृहणियों को लोन मुहैया करवाते हैं।
- लड़कियों की शिक्षा के लिए भी एजुकेशन लोन कम ब्याज दर पर मुहैया करवाते हैं।
- प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत भी कई बैंक्स खास स्कीम्स व ऑफर्स देते हैं। जिनमें लोन क्रेडिट कार्ड, एकाउंट्स पर लोन उपलब्ध कराते हैं।
- कन्या विवाह सुविधा स्कीम के तहत स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद धन उपलब्ध कराता है। सोने के गहनों की खरीदारी पर भी विशेष छूट मिलती है।
- कामकाजी व घरेलू महिलाओं को भी आध्रा बैंक स्वर्णभरण स्कीम के तहत सोने की खरीदारी पर विशेष छूट व लोन उपलब्ध कराता है।
- स्त्री शक्ति पैकेज के तहत भी कुछ बैंक महिला रोजगार या व्यापार को बढ़ावा देने के लिए खास छूट देते हैं।
- कॉर्पोरेशन बैंक की वनिता उद्योग स्कीम और कैनरा बैंक की महिला निधि स्कीम छोटे व्यापार के लिए महिलाओं को सॉफ्ट लोन उपलब्ध कराते हैं।

**आज के आधुनिकता के समय में बैंकों कि भूमिका दिनोदिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में महिलाएं इससे कहां तक अछूती रह सकती हैं। पिछले कुछ वर्षों में भी फाइनेंस मैटर्स में रुचि लेना शुरू कर दिया है और वे इन्वेस्टमेंट्स, टैक्स प्लानिंग आदि पर ध्यान देने लगी हैं। महिलाओं में बैक और पैसे के मैनेजमेंट को लेकर बढ़ रही रुचि को देखते हुए आजकल बैंक वगैरह भी कई लेडीज स्पेशल योजनाओं को बाजार में ला रहे हैं।**

- एसएमई यानी स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइज के लिए इलाहाबाद बैंक और आंध्रा बैंक कम ब्याज दरों पर लोन उपलब्ध कराता है।
- स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ' स्व रोजगार में शामिल महिलाओं व कामकाजी महिलाओं को प्राइमरी दिवा कार्ड भी कामकाजी या घरेलू महिला को उपलब्ध कराता है।
- इसी तरह से सिटी बैंक का वुमन वीजा मनी कार्ड, एचडीएफसी का वुमेंस गोल्ड कार्ड, आईसीआईसीआई का बिग बाजार शक्ति क्रेडिट कार्ड, महिलाओं को विशेष छूट देता है।
- आपको बता दें कि कुछ कार्ड्स कैश बैंक की सुविधा देते हैं तो कुछ गिफ्ट्स ऑफर करते हैं। खास खरीदारी पर जैसे एचडीएफसी का ईजी शॉप वुमेंस एडवांटेज डेबिट कार्ड, सिटी बैंक का ग्रॉसरी डेबिट कार्ड और यूटीआई का स्मार्ट प्रीविलेज एकाउंट वुमेंस स्पेशल कार्ड उपलब्ध कराता है।



# वायरल संक्रमण से सुरक्षित रहेंगे आपके बच्चे




इस मौसम में वायरल संक्रमण की आशंका काफी बढ़ जाती है। प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण खासकर बच्चे इसकी चपेट में सबसे ज्यादा आते हैं, लेकिन आप अपने बच्चे को इन संक्रमणों की चपेट में आने से वक्त रहते बचा सकते हैं। वायरल संक्रमणों में भी रोटावायरस और एंटरिक वायरल (आंत संबंधी संक्रमण) जैसी बीमारियां बड़ों की तुलना में बच्चों के लिए अधिक गंभीर खतरा पैदा करती हैं।

बाल अवस्था के ज्यादातर वायरल संक्रमण ज्यादा गंभीर नहीं होते। इनमें सर्दी लगना, नाक बहना, आंखों से पानी निकलना, गले में खराश होना, बुखार होना, त्वचा पर चकत्ते पड़ना और उल्टी व दस्त जैसी विभिन्न बीमारियां शामिल हैं। व्यापक पैमाने पर चलाए गए टीकाकरण के चलते खसरा जैसे गंभीर खतरे पैदा करने वाली कुछ संक्रामक बीमारियां अब कम ही देखने को मिलती हैं।

## ...तो बच्चे को डॉक्टर के पास ले जाएं

यदि आपके बच्चे में बीमारी के लक्षण एक सप्ताह से ज्यादा दिखाई दें, तो उसे डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए। यह शरीर की तरफ से स्पष्ट तौर पर वायरल संक्रमण के खिलाफ एक कॉल हो सकती है, जो न्यूमोनिया आदि जैसी गंभीर बीमारी में बदल सकती है। ऐसे समय में बच्चे का रक्त परीक्षण कराकर मलेरिया, डेंगू, टाइफॉइड, चिकनगुनिया, अर्बोवायरस आदि बीमारियों समेत संपूर्ण ब्लड काउंट अवश्य जांच लेना चाहिए। मौसम में बदलाव या भारी बारिश होने के दौरान अभिभावक अमूमन अपने बच्चों की अतिरिक्त देखभाल करते ही हैं, लेकिन यह जानना बेहद अहम है कि बच्चों को अन्य मौसम में भी अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है।

## बच्चों को सुरक्षित रखने के उपाय

**रूमाल की जगह टिश्यू पेपर रखें :** अभिभावक आमतौर पर अपने बच्चों की बहती नाक और मुंह बार-बार पोंछने के लिए सूती रूमाल अपने साथ रखते हैं। यह बेहद खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इससे बच्चे बार-बार संक्रमण के संपर्क में आते हैं। कपड़े के रूमाल की तुलना में भीगे मेडिकेटिड स्किनकेयर वाइप और टिश्यू पेपर त्वचा के लिए ज्यादा कोमल साबित होते हैं और इनकी सबसे अच्छी बात ये है कि इन्हें उपयोग करने के बाद आसानी से फेंका जा सकता है। अभिभावकों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हाथों में चिपक जाने वाले हानिकारक विषाणुओं से बचाव के लिए नाक साफ करने के बाद हर बार तुरंत अपने हाथ पानी व साबुन की मदद से अच्छी तरह से धोएं। इतना ही नहीं बच्चों को पड़ोस या स्कूल में खेलते समय उन बच्चों से दूर रखना चाहिए, जो संक्रामक बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। अच्छी तरह हाथ धोने और नाखूनों की सफाई करते हुए उचित स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है।

## सफाई का ध्यान रखें

मच्छर, मक्खी, खटमल आदि हानिकारक कीटाणुओं एवं विषाणुओं के सबसे सक्रिय वाहक होते हैं। बच्चे इनका सबसे आसान निशाना होते हैं। मच्छरों से बचाव के लिए अपने आसपास पानी जमा नहीं होने दें। सुबह और शाम के समय बच्चों को घर से बाहर कम ही निकलने दें। अपने आस-पड़ोस में कूड़ा-कबाड़, बेकार कंटेनर और डिब्बे आदि जमा नहीं होने दें, क्योंकि इनमें ही मच्छरों का प्रजनन होता है।

## समय पर टीकाकरण

शिशुओं और बच्चों को जानलेवा संक्रमण और बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण सबसे अच्छा और प्रभावी तरीका है। इसके बावजूद माता-पिता इस पहलू की अनदेखी करते हैं। बच्चों में बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर ही अभिभावक उन्हें टीका लगवाने के लिए हॉस्पिटल ले जाते हैं।

डिफ्थीरिया, टेटनस, और हूपिंग कफ (काली खांसी), पोलियो (आईपीवी), रोटावायरस (आरवी), इन्फ्लुएंजा (फ्लू), खसरा, कंठमाला, रूबेला (एमएमआर) से बचाव के लिए बच्चे को शुरू से निर्धारित समय पर बीमारियों से संबंधित टीके अवश्य लगवाएं।

## प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत करना

वायरल संक्रमणों से बचाव करने के लिए बच्चों के प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करना सबसे अच्छे तरीकों में से एक है। इसके लिए बच्चों को संतुलित खुराक के साथ पौष्टिक खाना दें। नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध सबसे अच्छा पौष्टिक भोजन होता है। ताजा फल और सब्जी हर उम्र के बच्चों के लिए आवश्यक होते हैं। पानी, दूध और फलों के जूस के जरिए बच्चों के शरीर में पानी की मात्रा बनाए रखें। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए हानिकारक सोडा, चिप्स, चॉकलेट और कुकीज जैसे खाद्य पदार्थ कम-से-कम दें। उनके खान-पान में दलिया एवं अनाज को प्रमुखता से शामिल करें, क्योंकि इनसे उन्हें बहुत सारे पोषक तत्व मिलते हैं।

## माता-पिता भी रखें अपना ध्यान

माता-पिता को वायरस से बचाव के लिए अपना भी ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि माता या पिता में से किसी एक को भी संक्रमण होने पर बच्चों के इसकी चपेट में आने की आशंका काफी बढ़ जाती है।

## रेसिपी

### दूध की सेवइयां



**सामग्री**

- सेवई: ½ कप
- चीनी: ½ कप
- घी: 2 बड़े चम्मच
- काजू कतरे हुए: 8-10
- बादाम: 8-10
- इलायची: 4

**विधि**

सबसे पहले काजू और बादाम छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। इसके बाद गैस पर एक कड़ाही चढ़ा लें। इसमें घी डालकर गर्म करें। घी गर्म होने पर इसमें सेवइयां डालकर उसे हल्का ब्राउन होने तक फ्राई करें। फिर उसमें कटे हुए बादाम और काजू डालकर सभी चीजों को अच्छे से मिलाकर थोड़ी देर और फ्राई करें। हल्के फ्राई होने पर सेवइयों को एक सूखी प्लेट में निकाल लें। अब सेवइयों को मीठा करने के लिए चाश्नी बना लें। इसके लिए एक गहरी तली वाला एक बर्तन लेकर उसमें पानी डाल दें। पानी के उबालने पर इसमें चीनी डालकर तब तक पानी को पकाएं। जब तक चीनी पानी में पूरी तरह से घुल नहीं जाती। जब चीनी पानी में घुल जाए तो इसमें भुनी हुई सेवइयां डालकर उसे ढक दें। सेवइयों को चाश्नी में 5 मिनट तक मध्यम आंच पर पकने दें। इसके बाद इसमें इलायची पाउडर डालकर एक बार फिर अच्छे से 5 मिनट तक चलाते हुए मिक्स कर लें। 5 मिनट बाद गैस बंद करके सेवइयों को प्लेट से ढक दें। थोड़ी देर बाद सेवइयों को एक सर्विंग बाउल में निकालकर गरमा गरम सर्व करें।

### ओट्स की रोटी



**सामग्री**

- ओट्स : ½ कप
- प्याज : ¼ कप
- होलव्हीट आटा : 1 कप
- धनिया : 1/ कप
- तेल : 1 टेबलस्पून
- चिली पाउडर : ½ टेबलस्पून
- नमक : 1 टेबलस्पून

**विधि**

एक कटोरे में गेहूं का आटा लें। इसमें ओट्स, कटी हुई प्याज, धनिया, हरी मिर्च, नमक और तेल डालकर अच्छे से मिलाएं। थोड़ा सा पानी डालकर इसका मुलायम आटा अच्छी तरह से गूंथ लें। इसे ढक कर आधे घंटे के लिए रख दें। अब आटे की छोटी-छोटी लोई बना लें और सामान्य रोटी की तरह बेल लें। गर्म तवे पर इसे दोनों तरफ से अच्छे से सेक लें। आप चाहें तो इस पर तेल लगाकर भी सेक सकती हैं। अच्छी तरह सिकी गरमागरम और कुरकुरी ओट्स रोटी लो फैट दही के साथ सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-5-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन है। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 2600




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




**काकुरो - 2599 का हल**



## लॉफिंग ज़ोन

एक पुस्तक व्यापारी कुछ किताबें खरीदने हेतु एक सप्ताह के लिए लखनऊ गया। उसे लखनऊ में ऊँची चीज मिल गई और उसका दिल वहीं रह गया। जब कई दिन फालतू लग गए तो उसने अपनी पत्नी को तार दिया- 'अभी खरीददारी जारी है अगले सप्ताह हम...।'


पत्नी पति को जानती थी। वह तुरंत समझ गई।

उसने वापसी में तार भेजा- तुरंत लौट आओ...! यदि कल शाम तक वापसी नहीं हुई तो वही बेचना शुरू कर दूँगी जो तुम खरीद रहे हो।

रमन के बड़े भैया नरेश पिछले कई महीनों से बहुत परेशान थे। वे रमन से बोले- छोटे! मैं बहुत परेशान हूँ। मेरी बीवी हमेशा अपने पुराने पति का जिक्र करके मुझे ताना देती रहती है।

रमन बोला- भैया! ये तो कुछ भी नहीं है। मेरी बीवी ने तो अभी से मुझे उसके अगले होने वाले पति का ताना देना शुरू कर दिया है।

## फिल्म वर्ग पहेली- 2600



**बायें से दायें:-**

१. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-२
२. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-२,३
६. करणनाथ, मनीषा, नताश्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-२
७. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-३
११. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१६. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-३
१९. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-३,२
२३. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२४. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२७. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-३
२. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-३
४. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२,२
५. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-३
९. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-३
१३. किशोर कुमार, चाँद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
१५. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१९. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-२
२०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२२. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 2599**



## सूडोकु -2600

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2599 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## शब्द पहेली -2600



**बाएँ से दाएँ**

1. जाति, समाज, बंधुता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**

1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली -2599 का हल**



## अगर हम बहुमत से जम्मू-कश्मीर का विधानसभा चुनाव जीते तो पीओके होगा भारत का हिस्सा : योगी

**एजेंसी**

**जम्मू।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर हम बहुमत से जम्मू-कश्मीर का विधानसभा चुनाव जीतते हैं तो आप देखेंगे कि पीओजेके जल्द ही भारत का हिस्सा बन जाएगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चल रहे विधानसभा चुनाव ऐतिहासिक प्रकृति के हैं और इसका परिणाम एनसी, पीडीपी और कांग्रेस के मुंह पर तमाचा होंगे। 1990 में इन पार्टियों ने पाकिस्तान और आतंकवाद का समर्थन किया था। अब जब प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर की धरती से आतंकवाद का सफाया कर दिया है, तो ये पार्टियां यहां फिर से आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की वकालत कर रही हैं। योगी आदित्यनाथ एक अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए मैदान में उतरे भाजपा उम्मीदवारों के लिए जम्मू के विजयपुर के रामगढ़ में रैली को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को भाजपा को भारी बहुमत से जिताना चाहिए, ताकि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओके) का भारतीय संघ में विलय हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पाकिस्तान की स्थिति भयावह है। देश टूट रहा है। पाकिस्तान में एक किलो आटे की कीमत 500 रुपये है। इसके विपरीत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देते हैं और 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है, जिसे बढ़ाकर 7 लाख रुपये कर दिया गया है।

## प्रोफेशनल्स भी पॉलिटिक्स में आएं, भाजपा एकमात्र बेहतर विकल्प है: नड्डा

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नालंदा परिसर में पहुंचकर छात्रों से भाजपा की सदस्यता की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का जो सपना देखा है, उसे पूर्ण करने में युवाओं की भूमिका अहम होगी। प्रधानमंत्री स्वयं चाहते हैं कि प्रोफेशनल्स पॉलिटिक्स में नई सोच के साथ आएं। इससे राष्ट्र को नई दिशा मिलेगी। इसलिए युवाओं की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि प्रोफेशनल के पॉलिटिक्स में आने से शुचिता की सोच को और बेहतर स्थान मिलेगा। हमारी लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को राजनीति में आना चाहिए। श्री नड्डा ने कहा कि देश में कुछ दल युवाओं को भ्रमित कर राजनीति करते रहे हैं। वह दल किसी से छिपा नहीं है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने युवाओं से भाजपा की सदस्यता की अपील की। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण श्रद्धेय भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। उनके सपनों को पूर्ण करने प्रदेश में भाजपा की सरकार कार्य करती रही है। छत्तीसगढ़ राज्य अपना उदय के 25वें बसंत की ओर है। विकसित छत्तीसगढ़ का सपना हम सबका सपना है।

## भाजपा सदस्यता अभियान की जयपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में भीलवाड़ा जिला संगठन की हुई सराहना

**भीलवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के अंतर्गत राजस्थान में अभियान की गति प्रगति की समीक्षा बैठक जयपुर में राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी एल संतोष, प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी ऋतुराज सिंह, प्रदेश सदस्यता अभियान संयोजक अरुण चतुर्वेदी के आतिथ्य में आयोजित हुई। जिसमें भीलवाड़ा जिले से प्रदेश महामंत्री एवं सांसद दामोदर अग्रवाल, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, जिला सदस्यता संयोजक अविनाश जीनगर ने भाग लिया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने भीलवाड़ा जिले में सदस्यता अभियान के प्रगति की समीक्षा करते हुए सराहना की एवं अभियान में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए। तीन सत्रों में आयोजित बैठक में जानकारी दी गई कि अभी तक देश में 6 करोड़ से ज्यादा सदस्य बन चुके हैं वहीं प्रदेश में यह आंकड़ा 24 लाख तक पहुंच गया है। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने बैठक से लौटकर बताया कि जिला संगठनों को अब जनप्रतिनिधियों जिनमे जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, पार्षद आदि के साथ बैठक कर सदस्यता के कार्य को गति देने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही आगामी 29 सितंबर को मन की बात कार्यक्रम संपन्नता के ठीक बाद उसी बूथ पर जनसंपर्क कर 100 सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

## दुकानों पर नेम प्लेट लगाने के समर्थन में आया इत्तेहाद उलेमा-ए-हिंद

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य पदार्थों में मानव मल/गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में इत्तेहाद उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुफ्ती असद कासमी ने गुरुवार को प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि नेम प्लेट का मुद्दा पहले भी चर्चा में रहा है और यह काफी चर्चित विषय रहा है। सुप्रीम कोर्ट इस पर अपना फैसला दे चुका है। फिर भी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे और भोजनालयों में सीसीटीवी कैमरे होने चाहिए और वे साफ-सुथरे होने चाहिए। खाने-पीने की चीजों में मिलावट करने वालों को तुरंत बंद किया जाना चाहिए। जो लोग लोगों की आस्था को बर्बाद कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। सरकार को ऐसे होटलों की पहचान करनी चाहिए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्हें तुरंत बंद किया जाना चाहिए। जो लोगों की आस्था को बर्बाद कर रहे हैं। उनके पास नेम प्लेट होनी चाहिए, क्योंकि देश में कुछ लोग ऐसे हैं जो आपस में भाईचारा पसंद नहीं करते हैं।

# राहुल बाबा की तीसरी पीढ़ी भी आएगी तब भी कश्मीर में तिरंगा ही लहराएगा दूसरा कोई झंडा नहीं लहराएगा-अमित शाह

**एजेंसी**

**कठुआ।** कठुआ के जसरोटा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राजीव जसरोटिया के समर्थन में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने बरवाल मोड़ में एक विशाल रैली को संबोधित किया और भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील की। इसी बीच एनसी और कांग्रेस पर खूब बरसे। अपने संबोधन में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जसरोटा की महान भूमि को में प्रणाम करता हूं जिसने देश की सुरक्षा के लिए ढेर सारी कुर्बानियां दी हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में दो चरण के चुनाव समाप्त हो गए हैं और इन दो चरणों के परिणामों में एनसी और कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब जम्मू कश्मीर में 50 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है अब वह दिन चले गए जब मात्र 10 प्रतिशत मतदान के बाद एनसी और कांग्रेस वाले संसद में आकर बैठते थे। अमित शाह ने कहा कि एनसी और कांग्रेस ने 40 साल तक आंतकवाद को संरक्षण दिया जिसकी वजह से जम्मू कश्मीर में हजारों युवा शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और एनसी के शासन में ही





सबसे ज्यादा आंतकवाद फैला था। फारूक अब्दुल्ला पर तंज कसते हुए शाह ने कहा कि जब जम्मू कश्मीर की जनता पर अत्याचार हो रहा था तब फारूक अब्दुल्ला इंग्लैंड की ठंडी में मौज मस्ती कर रहे थे और आज एनसी धारा 370 को वापस लाने की बात करती है। अमित शाह ने ललकारते हुए बोला कि उमर अब्दुल्ला अगर आपकी तीसरी पीढ़ी भी आएगी तो धारा 370 वापस नहीं ला पाएगी। उन्होंने कहा कि एनसी वाले कहते हैं कि जब उनकी सरकार आएगी तो पत्थरबाजों को जेलों से आजाद करवाएंगे, पाकिस्तान के साथ बातचीत की जाएगी। लेकिन जब तक आंतकवाद समाप्त नहीं होता तब तक कोई बातचीत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि शंकराचार्य मंदिर का नाम बदल देंगे, यह मोदी की सरकार है यह आपको ऐसा नहीं करने देगी। शाह ने कहा कि एनसी के घोषणा पत्र में एलओसी के पार व्यापार करने की घोषणा की है, यह लोग पाकिस्तान के साथ व्यापार करना चाहते हैं, ट्रेन चालू करेंगे, इन्हें पाकिस्तान के साथ इलू इलू करना है। शाह ने कहा कि फारूक साहब आपको पाकिस्तान के साथ प्यार है तो आप करिए लेकिन जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को समाप्त नहीं करता तब तक उनको गोली का जवाब हमारे जवान गोली से ही देंगे। शाह ने कहा कि इनके घोषणा पत्र में आरक्षण को समाप्त करने की बात कही है लेकिन इनको जो कहना है कहने दो जब तक मोदी सरकार है तब तक किसी का भी आरक्षण खत्म नहीं किया जाएगा, सभी को अपने-अपने अधिकार मिलेंगे।

## दुकानदारों के लिए नेमप्लेट अनिवार्य करने पर हिमाचल सरकार का यूटर्न

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में फास्ट फूड, रेहड़ी-पटरी और ढाबा मालिकों को अपनी दुकानों के बाहर नेमप्लेट लगाने और पहचान प्रदर्शित करने के निर्देश के महज एक दिन बाद सुक्खू सरकार ने यू-टर्न ले लिया। सरकार ने कहा कि अब तक इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

कांग्रेस के हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ने आज कहा, कल मैंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से बात की थी। स्ट्रीट वेंडर्स पॉलिसी पर विचार करने के लिए संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई है। इसमें कहा गया है कि जो भी व्यक्ति बेचने के लिए विभिन्न स्थानों पर अपना ठेला लगाता है, उसका लाइसेंस बनाया जाए। उसे नियंत्रित किया जाए, ताकि पुलिस उसे भगा न सके। जिसे जहां जगह दी गई है, वह वहीं बैठे। इसके लिए दस्तावेज के तौर पर आधार कार्ड की जरूरत होगी। इसमें ऐसा कुछ नहीं है कि इसके लिए उसे अपनी दुकान पर बोर्ड लगाना होगा। इस नीति में प्रावधान यह है कि ठेला वालों को सिर्फ नामित और नियंत्रित किया जाए। इससे अतिक्रमण कम होगा। हिमाचल पहाड़ी क्षेत्र है। इससे यहां ट्रैफिक जाम भी नहीं लगेगा। इस मुद्दे पर फैसला बरकरार रहेगा या फिर वापस लिया जाएगा, इस सवाल के जवाब में मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस विषय पर एक सर्वदलीय समिति बनाई गई है, जिसमें भाजपा के विधायक भी शामिल हैं। उन्होंने इस बात को दोहराया कि कोई भी हिमाचल में आकर रोजगार प्राप्त कर सकता है, लेकिन प्रदेश के लोगों के हितों का ख्याल रखना, हमारी सरकार का दायित्व है। उन्होंने आगे बताया कि हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एक्ट के आधार पर समिति बनाने का निर्देश दिया है। इस पर कैसे आगे बढ़ना है, इसके लिए ऑल पार्टी बॉडी बनाई गई है, जिसमें कांग्रेस, भाजपा, भाकपा और माकपा समेत सभी दलों के लोग हैं। इससे पहले विक्रमादित्य सिंह ने कहा था कि हिमाचल प्रदेश में शांति बनाना हमारी जिम्मेदारी है। यहां पर बाहरी लोगों का स्वागत है, लेकिन प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और स्वच्छता रखना हमारी जिम्मेदारी है।

# इतने हिस्सों में भी मत बांटो कि बाद में याद आए हमारे हिस्से में कुछ नहीं बचा : उपराष्ट्रपति धनखड़

**एजेंसी**

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इतने हिस्सों में भी मत बांटो कि बाद में याद आए कि हमारे हिस्से में कुछ नहीं बचा है। हमारी संस्कृति में तुलसी को जल चढ़ाना, चींटी को आटा देना। पहले रोटी गाय और अंतिम रोटी कुत्ते को देने के साथ नाग पंचमी पर नाग की पूजा करना। नवरात्रि में बालिकाओं की पूजा करना हमारी संस्कृति में शामिल है। यह भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र को समझता है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ जयपुर के राजापार्क स्थित दशहरा मैदान में हिंदू आध्यात्मिक और सेवा मेले शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे। मेला पांच दिन तक चलेगा। इस अवसर पर जगतगुरु निंबार्काचार्य श्याम शरण देवाचार्य, साध्वी ऋतंभरा, स्वामी चिदानंद सरस्वती और डॉक्टर चिन्मय पंड्या की मौजूद थे। उपराष्ट्रपति



धनखड़ ने कहा कि भारत को खंडित करने के लिए कुछ लोग ऐसे लगे हुए हैं। आप उसका अंदाजा नहीं लगा सकते हैं। जब पड़ोस के देश में कुछ हुआ, तब देश का एक वकील देश में का डर पैदा करता है कि हमारे यहां भी ऐसा माहौल हो सकता है। कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ दर्दनाक घटना हुई। अस्पताल में ड्यूटी के दौरान उसकी मौत हुई उसके साथ जघन्य अपराध हुआ। सनातन धर्म में नारी शक्ति को शक्ति केंद्र माना गया है। सनातन भूमि आज विश्व का केंद्र बनी हुई है। हमारे देश की आठ प्रतिशत एनुअल ग्रोथ हुई है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मत चूके चौहान, आप सक्षम है, अपनी शक्ति को पहचानिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुझे चिंता होती है, कुछ लोग ऐसा मुद्दा लेकर आते हैं कि वह विदेश में देश को तोड़ने वाले लोगों के साथ बैठ जाते हैं। सनातन के खिलाफ बात करते हैं। आजादी के बाद देश में काफी संकट आए थे। आपातकाल उसी संकट में से एक था। इंदिरा गांधी ने खुद की कुर्सी को बचाने के लिए आपातकाल लगाया था। तब कोई अधिकार हमारे पास नहीं रहे। आज मैं आपसे आह्वान करता हूं कि आप उस कालखंड को कभी मत भूलिएगा। यह ताकतें आज भी देश को टुकड़ों में बांटने के लिए सनातन को चुनौती देने के लिए जुटी हुई है। 25 जून संविधान हत्या दिवस है। जयपुर जानता है जिन-जिन लोगों को उस वक्त जेल में डाला वह प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति बने हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे सामने कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जो चुनौती पूर्ण है। जिनका समाधान दुनिया को सिर्फ भारत दे सकता है। क्लाइमेट चेंज एक बड़ी चुनौती है। हमारे पास धरती के अलावा रहने के लिए दूसरा प्लेनेट नहीं है।आप सनातन की फिलॉसफी में जाएंगे। तो पता चलेगा कि हम तो कभी भी क्लाइमेट चेंज को आने ही नहीं देते। हम भारतीय है, राष्ट्रीय धर्म हमारा परम कर्तव्य है। निजी और राजनीतिक हित को राष्ट्रहित से ऊपर नहीं रख सकते है।

## 'अखिलेश यादव जी कोई मुख्यमंत्री नहीं हैं', ऐसा क्यों बोले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। उपचुनाव को लेकर भाजपा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पूरी तैयारी में जुट गई है। सभी की ओर से जीत के दावे किए जा रहे हैं। इस बीच, बीते दिनों समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने एक ऐसा बयान दिया था, जिस पर अब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, अखिलेश यादव जी मुख्यमंत्री नहीं हैं, उन्हें कोई भी शिकायत या समस्या है, तो वह सरकार को बताए, लेकिन वो इस बात को जान लें कि ट्रांसफर करना हमारा अधिकार है।

## पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा : जेपी नड्डा

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भुवनेश्वर में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम में कांग्रेस पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बारंबार अर्थव्यवस्था और बेरोजगारी का जिक्र करती रहती है। इन लोगों को कुछ समझ नहीं आता है, तो बार-बार बेरोजगारी और महंगाई का जिक्र करने लगते हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, अपने 10 साल के कार्यकाल में ये लोग डबल डिजिट के इन्फेल्शन से कभी बाहर नहीं आ पाए और आज ये लोग हमें महंगाई पर ज्ञान दे रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'आप देख सकते हैं कि विश्व के कई समृद्ध देशों की अर्थ नीति लड़खड़ाई हुई है। अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान की अर्थव्यवस्था में 5 प्रतिशत तक की गिरावट आई है और कल ही मूडीज ने कहा कि भारत का विकास दर 6.7 फीसद होगा। इसके बाद



कहा कि यह 7 फीसद के पास पहुंचेगा। आज हम इस स्थिति में पहुंच चुके हैं। दुनियाभर के लोगों की महत्वाकांक्षाएं भारत के लोगों के साथ जुड़ी हुई है।

उन्होंने कहा, सबसे बड़ी बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहले हम जहां 11वें नंबर पर खड़े थे। लेकिन, हमने बिट्रेन को, जिसने पहले कभी हमारे ऊपर 200 साल तक राज किया था, उसे पछाड़कर आज की तारीख में हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की फेहरिस्त में शुमार हो चुके हैं।'

उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, 'अब यह पार्टी नक्सलियों की प्रवक्ता बन चुकी है। देश में भाजपा ही एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी है, जो लोगों के हितों को प्राथमिकता देती है। हमारा विश्वास है कि लोगों के हितों को जब हम सर्वोपरि समझेंगे, तभी हम राष्ट्र को विकसित कर पाएंगे, लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं सोचती है।

## कांग्रेस पर वामपंथियों और नास्तिकों का कब्जा : आचार्य प्रमोद कृष्णम

**एजेंसी**

**गाजियबाद।** पूर्व कांग्रेस नेता प्रमोद कृष्णम ने आईएएनएस से खास बातचीत की। इस दौरान हिमाचल सरकार के फूड वेंडर्स की दुकानों के बाहर नेम प्लेट लगाने के फैसले पर कांग्रेस नेता टी.एस. सिंह देव के विरोध पर अपनी प्रतिक्रिया दी। प्रमोद कृष्णम ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन वह कांग्रेस अलग थी। वह महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल और पंडित जवाहरलाल नेहरू की कांग्रेस थी। लेकिन यह कांग्रेस सनातन विरोधियों और देश विरोधियों की है। पार्टी के ऊपर वामपंथियों ने कब्जा कर लिया है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि ऐसा कोई निर्देश लागू करने की उसकी योजना नहीं है। हालांकि सरकार के यू-टर्न से इस पर शुरू हुई बयानबाजी पर तत्काल लगाम लगती नहीं दिख रही। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने तंज कसते हुए आगे कहा कि राहुल गांधी के आस-पास जो लोग हैं वे पार्टी को भ्रमित कर रहे हैं जिसके कारण कांग्रेस पार्टी की दुर्दशा हो रही है। कांग्रेस पार्टी में अगर कोई सच बोलता है तो उसका विरोध होता है और उसको पार्टी से बाहर



कर दिया जाता है। उन्होंने कहा, पार्टी पर वामपंथियों और नास्तिक लोगों का कब्जा हो गया है। दरअसल, उत्तर प्रदेश की तर्ज पर हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने भी दुकानों के बाहर नेम प्लेट लगाने के निर्देश दिए हैं। इसको लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंह ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा था कि हिमाचल सरकार के इस फैसले से वह सहमत नहीं हैं। टी.एस. सिंह देव ने एक वीडियो का जिक्र करते हुए कहा था, मैंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो देखा, जिसमें अल्पसंख्यकों की दुकानों के सामने कुछ लोग क्रॉस लगा रहे हैं कि इनका हमें बहिष्कार करना है, यह बहुत ही निंदनीय है। अगर हिमाचल की सरकार ऐसा कर रही है, तो वह सरकार में रहने लायक है कि नहीं इस पर प्रश्नचिन्ह है। बता दें कि सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस शासित हिमाचल सरकार में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने रेहड़ी पटरी, रेस्टोरेंट, ढाबा और फास्ट-फूड संचालकों को अपनी पहचान दिखाने का आदेश दिया, जिसको लेकर सियासत तेज है। कुछ लोग इसको उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के आदेश की तरह देख रहे हैं। वहीं, विक्रमादित्य के इस फैसले से कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में नाराजगी की बात भी कही जा रही है।

# जेएमएम का मतलब 'जमकर मलाई मारो': राजनाथ

**एजेंसी**

**धनबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर धनबाद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर चुटकी लेते हुए कहा, जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो है। परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए उन्होंने न सिर्फ केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया, बल्कि विपक्षी पार्टियों पर भी जमकर बरसे।

कोयलांचल धनबाद के गोल्फ ग्राउंड पर राजनाथ ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को लेकर कहा, मुख्यमंत्री प्रदेश का नेता होता है और उस मुख्यमंत्री को जेल की हवा खानी पड़ी और वो भी भ्रष्टाचार के आरोप में। उन्होंने कहा कि राजनीति ऐसे नहीं चलती। राजनीति लोक लाज और मर्यादा से चलती है। उन्होंने राहुल गांधी को भी निशाने पर लिया। साथ ही कहा



कि वो (राहुल गांधी) विदेश जाकर लगातार भारत की छवि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भले ही भारत में लंबे समय तक कांग्रेस की हुकूमत रही हो लेकिन जब भी हमारी सरकार (भाजपा) विदेश गई, वहां भारत का सिर ऊंचा करने का काम किया।राजनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के एक भाषण का जिक्र करते हुए विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने (राजीव गांधी) कहा था कि हम जनता के लिए राजकोष से 100 पैसा भेजते है, तो बड़ी मुश्किल से 15 पैसा आमजनों तक पहुंचता है और 85 पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि उसके बावजूद कांग्रेस ने कभी भी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की दिशा में कोई भी प्रयास नहीं किया जबकि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने अपने पहले ही कैबिनेट की बैठक में भ्रष्टचिरियों पर नकेल कसने की अपनी मंशा को साफ कर दिया था। यही कारण है कि आज हमारी सरकार केंद्र से यदि 100 पैसा जरूरतमंदों के लिए भेजती है तो 100 का 100 पैसा उन जरूरतमंदो की जेब तक पहुंच जाता है।

## हिमाचल ने अपनाया यूपी मॉडल, यूपी कांग्रेस चीफ बोले, दिक्कतों का सामना करना होगा

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का मॉडल हिमाचल में भी लागू किया गया है। सरकार ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है। दरअसल, यूपी में योगी सरकार द्वारा होटल, रेस्तरां, ढाबों आदि में मालिक, मैनेजर का नाम, पता लिखने के साथ ही कैमरा लगाने को अनिवार्य किया गया है।

यूपी सरकार के इस फैसले के बाद हिमाचल में भी इसे लागू किया गया है। हिमाचल के शहरी मंत्री ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है। हिमाचल में यूपी मॉडल को लेकर यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा, यूपी सरकार ने जो नियम बनाए हैं, उन नियमों की वजह से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना होगा। सरकार को यह कानून वापिस लेना चाहिए। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बीच सीट बंटवारे को लेकर लेकर उमर अब्दुल्ला खुश नहीं हैं। इस सवाल के जवाब में अजय राय ने कहा, देखिए जम्मू-



कश्मीर में मिलकर चुनाव लड़ा जा रहा है। हम विश्वास से कह सकते हैं कि वहां पर गठबंधन की सरकार बनेगी। आम आदमी के लिए कांग्रेस सरकार काम करती है, यहां सरकार बनाने के बाद भी आम लोगों के लिए काम करेंगे। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया द्वारा पीएम मोदी पर ट्वीट किए जाने पर अजय राय ने कहा, सिद्धारमैया ने बिल्कुल सही कहा है। सभी भ्रष्टाचारी आज भाजपा में शामिल हो चुके हैं। भाजपा ज्वाइन होने के बाद सभी पवित्र हो रहे हैं। कर्नाटक के बी एस येदयुरप्पा से कोई बड़ा भ्रष्टाचारी हुआ ही नहीं है। मैं समझता हूं कि सिद्धारमैया ने जो कहा है वह सही है। मैं उनके बयान का समर्थन करता हूं। मायावती के ट्वीट पर उन्होंने कहा, मायावती भाजपा की प्रवक्ता के रूप में बोल रही हैं। यूपी सरकार ने जो फैसला लिया है, उसका हम शुरू से ही विरोध कर रहे हैं। भाजपा और आरएसएस पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान पर अजय राय ने कहा, यह तो जगजाहिर है कि भाजपा और आरएसएस चने की दो दाल की तरह काम करते हैं। यह दोनों मिलकर समाज को हमेशा तोड़ने का काम करते हैं।

## आचार्यश्री रामदयालजी का अवतरण दिवस मनाया

**भीलवाड़ा।** शाहपुरा में रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर आचार्यश्री रामदयालजी महाराज के 69 वें अवतरण दिवस पर आज दिन भर शाहपुरा में कार्यक्रमों की धूम रही। मुख्य समारोह रामनिवास धाम की बाराहदरी में आयोजित हुआ। यहा आचार्यश्री की सन्निधी में हुए कार्यक्रम में संत डॉ रामस्वरूप शास्त्री, संत जगवल्लभराम महाराज,संत नवनिधराम महाराज के अलावा कवि डा. कैलाश मंडेला, कवि दिनेश बंटी, कैलाश तोषनीवाल,सुर्यप्रकाश बिड़ला,बालूराम सोमानी आदि ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए आचार्यश्री के सम्मुख अपने विचार रखे। कवि डा. कैलाश मंडेला, कवि दिनेश बंटी ने कविता के माध्यम से अपनी बात को रखा। बाराहदरी में कैलाश तोषनीवाल, सुर्यप्रकाश बिड़ला के संयोजन में रामस्नेही संप्रदाय से संबंधित जानकारियों की प्रश्नोत्तरी आयोजित हुई जिसमें विजेताओं को पारितोषिक दिये गये।

# झारखंड में कमल खिलेगा, भ्रष्ट सरकार का अंत निकट: पुष्कर सिंह धामी

**एजेंसी**

**जामताड़ा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने झारखंड के जामताड़ा, कुंडहित में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'परिवर्तन सभा' को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के विधानसभा चुनाव में इस बार कमल खिलना तय है।

उन्होंने कहा कि जेएमएम, आरजेडी और कांग्रेस की गठजोड़ सरकार ने तुष्टिकरण, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। तुष्टिकरण की इनकी नीति की वजह से झारखंड की जनसांख्यिकी के साथ खिलवाड़ हो रहा है। घुसपैठियों को संरक्षण देकर आदिवासियों की जमीन, उनकी बेटियों और उनके आजीविका के साधनों को नष्ट करने की साजिश की जा रही है। आदिवासी बेटियों के साथ अन्याय हो रहा है। संथाल क्षेत्र में पहले आदिवासियों की जनसंख्या 44 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 28 प्रतिशत रह गई है।

सीएम धामी ने कहा कि झारखंड में अपार संपदा है। यह वीरों की धरती है। जब देश में आजादी की लड़ाई की शुरुआत भी नहीं हुई थी, तब अगर किसी ने सबसे पहले आवाज उठाई थी, तो वह यहां का



आदिवासी समाज था। कांग्रेस की सरकारों ने आजादी के बाद आदिवासियों की घोर उपेक्षा की। यह मोदी सरकार है, जो आदिवासी समाज के लोगों को मुख्यधारा में लाने का काम कर रही है। संथाल आदिवासी समाज से आने वाली बेटी देश की प्रथम नागरिक बनी है, और यह केवल मोदी सरकार में ही संभव हो पाया है।


उन्होंने कहा कि भाजपा इस संकल्प के साथ कार्य करती है कि हर वर्ग का उत्थान हो और हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिले। झारखंड में एक के बाद एक परीक्षा के पेपर लीक हुए हैं, जिसका सबसे ज्यादा नुकसान गरीब युवाओं को हुआ है। नकल माफिया और पेपर आउट करने वाले लोग सरकार की मिलीभगत से लोगों के हक लूटने में लगे हुए हैं। यह भ्रष्ट सरकार पैसे लेकर पेपर बांटती है और गरीबों का हक छीनती है।उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार से झारखंड को आगे बढ़ाने का काम होगा। जहां-जहां डबल इंजन की सरकार है, वहां विकास तेजी से हो रहा है। अपनी संस्कृति के संरक्षण और झारखंड को विकास की गति देने के लिए, आगामी चुनावों में भाजपा को विजयी बनाने का संकल्प लें।

## सुल्तानपुर लूट मामले में योगी सरकार के एक्शन पर जेम एंड ज्वैलरी काउंसिल ने की सीएम की तारीफ

**एजेंसी**

**लखनऊ।** सुल्तानपुर में ज्वेलरी स्टोर में हुई लूट के खिलाफ योगी सरकार के एक्शन पर जेम एंड ज्वैलरी काउंसिल (जीजेसी) ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की है। साथ ही, जीजेसी ने उत्तर प्रदेश में सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए भी मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। जीजेसी के इस कॉम्प्लीमेंट पर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार की ओर से भी आभार जताया गया, जबकि उन्होंने आश्वस्त किया कि अपराध के प्रति सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत यूपी पुलिस निरंतर कार्रवाई करेगी और हर आम नागरिक को सुरक्षा व न्याय दिलाना सुनिश्चित करेगी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, जीजेसी, आपके सराहनीय शब्दों के लिए धन्यवाद। सुल्तानपुर ज्वेलरी लूट का त्वरित समाधान और बरामदगी वास्तव में यूपी पुलिस की सुरक्षा और समर्पण के स्वर्ण मानक को दर्शाता है। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस के साथ, हम अपराधियों का डटकर सामना करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हर किसी को न्याय मिले।






# अनोखी है श्रीखंड महादेव यात्रा

आस्था से सराबोर हमारे देश में कई धर्मस्थल हैं, इनमें से ऐसे कई धर्मस्थल ऐसे भी हैं जहां धार्मिक यात्राएं की जाती हैं। इन्हीं में से एक यात्रा है, श्रीखंड महादेव यात्रा। यह यात्रा हिमाचल प्रदेश में मौजूद श्रीखंड दर्शन के लिए की जाती है। यह यात्रा वर्ष में एक बार जून–जुलाई माह में होती है। तो जानते हैं इस धार्मिक यात्रा से जुड़ी बातें


- श्रीखंड महादेव हिमाचल के ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के पास है। स्थानीय लोगों की मानें तो, इस चोटी पर भगवान शिव का वास है।



- यहां मौजूद शिवलिंग की ऊंचाई 72 फीट है। यहां तक पहुंचने के लिए सुंदर घाटियों के बीच से एक ट्रैक है।
- श्रीखंड महादेव के दर्शन के लिए 18570 फीट की ऊंचाई पर चढ़ना होता है।
- श्रीखंड यात्रा के लिए 25 किलोमीटर की सीधी चढाई श्रद्धालुओं के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं होती है।
- लगभग 18 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड यात्रा के दौरान सांस लेने के लिए ऑक्सीजन की भी कमी पडती है।

### धार्मिक यात्रा का पौराणिक महत्व

पौराणिक मत के अनुसार, एक बार एक दैत्य भस्मासुर ने शिव को तप से प्रसन्न कर वरदान मांगा था कि वह जिस पर भी अपना हाथ रखेगा तो वह भस्म होगा। दैत्य स्वभाव होने के कारण उसने



माता पार्वती से शादी करने इच्छा हुई। तब भस्मापुर ने शिव के ऊपर हाथ रखकर उन्हें भस्म करने की योजना बनाई, लेकिन भगवान विष्णु ने मोहिनी रुप रख, उससे नृत्य करने की मंशा जाहिर की और इस तरह नृत्य में ही उसका हाथ उसके सिर पर रखवा दिया। जिससे भस्मासुर जलकर भस्म हो गया। कहते हैं जहां भस्मासुर का अंत हुआ था। श्रीखंड महादेव मंदिर परिसर में वो जगह वर्तमान में भी मौजूद है।

### यात्रा के लिए यहां से करते हैं शुरूआत

जून–जुलाई में शुरू होने वाली यात्रा के लिए भक्त हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर से कुल्लू जिला और फिर यहां से निरमंड से होते हुए बागीपुल पहुंचते हैं। और यहां से शुरू होती है 30 किमी की आस्था से सराबोर यात्रा।



# इस मंत्र का जप करने से नहीं आती अकाल मृत्यु

मौत जिंदगी का अंतिम सत्य है। इस सत्य से आप किनारा नहीं कर सकते हैं। क्योंकि जिस व्यक्ति ने इस पृथ्वी पर जन्म लिया है। उसकी मौत निश्चित है। लेकिन ये मौत अकाल मौत न हो इसके लिए कुछ उपाय करना बेहद जरूरी है। क्योंकि ईश्वर ने आपको एक तय उम्र दी है। जिसमें आप नेक कर्म कर जन्म–जन्मांतर के चक्र से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए अकाल मृत्यु से बचने के लिए आप ये उपाय जरूर आजमाएं...

- शिवपुराण के अनुसार जो महाकाल के भक्त होते हैं उनका काल भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता।
- अकाल मृत्यु से बचने के लिए जल में तिल और शहद मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करना चाहिए। महामृत्युंजय मंत्र और ऊं नमः शिवाय मंत्र का जप करना चाहिए। यह उपाय शनिवार को करने से अकाल मृत्यु का खतरा टल जाता है।
- शनि देव की शनिवार के दिन पूजन से शनिदेव प्रसन्न होते हैं। इसलिए हर शनिवार के दिन शनिदेव की पूजा करने वाले व्यक्ति से अकाल मौत का खतरा दूर हो जाता है।
- नौ ग्रहों में सबसे क्रूर माने जाने वाले शनिदेव की कृपा पाने के लिए शनिवार को उनके पूजन के अलावा उनसे संबंधित वस्तुओं का दान करना चाहिए। ऐसा करने से शनिदेव की कृपा प्राप्त होती है और अकाल मृत्यु का भय नहीं सताता है।
- भगवान सदैव उन लोगों की रक्षा करते हैं जो उनकी शरण में जाते हैं। इसलिए ईश्वर पर आस्था रखकर इन मृत्यु टालने के उपाय को करने से इसका फायदा ज़रूर मिलता है।

# भोजन में शामिल करें ये चीजें

## ग्रहों के कोप से मिलेगा छुटकारा



नवग्रहों को प्रसन्न करने के लिए उपासना, यज्ञ और रत्न आदि धारण करने का विधान है। हम लोग जड़ की अपेक्षा सीधे जीव से संबंध स्थापित रखें तो ग्रह अतिशीघ्र प्रसन्न हो सकते हैं। ज्योतिष ग्रंथ जातक पारिजात में बताया गया है, व्यक्ति किस तरह का भोजन करता है, इसका सीधा संबंध ग्रहों से है। यथोचित और शुद्ध भोजन ग्रहण करके भी नवग्रहों को प्रसन्न किया जा सकता है। सूर्य के अशुभ प्रभाव को दूर करने के लिए गेहूं, आम और गुड़ को भोजन में शुमार करें। चन्द्र मन का कारक ग्रह है। इसे अनुकुल करने के लिए गन्ना, चीनी, आईसक्रीम, मिठाईयां, दूध और दूध से बने पदार्थ खाएं। बुद्धि के कारक बुद्ध ग्रह को शुभ करने के लिए मटर, ज्वार, मूंग, हरि सब्जियां आहार में शामिल करें। धन, पुत्र और विद्या के दाता बृहस्पति को फेवर में करने के लिए चने और चने से संबंधित चीजें, केला, हल्दी, सेंधा नमक, पीले रंग की दालें और फल खाएं। शुक्र के निर्बल या अशुभ होने पर जातक की अनैतिक कार्यों में प्रवृत्ति होती है, समाज में मान–सम्मान नहीं मिलता तथा अनेक सुखों का अभाव रहता है। जीवन में मनचाहा प्रेम और सौंदर्य शुक्र ग्रह की बदौलत ही प्राप्त होता है। ये भोज्य पदार्थ खाने से ये अनुकुल प्रभाव देने लगते हैं त्रिफला, दालचीनी, कमलगट्टे, सफेद शलगम, मूली, मिश्री। शनि की टेढ़ी नजर से बचने के लिए खाने में तिल, उड़द, मूंगफली का तेल, अचार, लौंग, तेज पत्ता ग्रहण करें। उड़द, तिल और सरसों राहू–केतू का अशुभ प्रभाव दूर करने में सहायक हैं।

# कैसा होना चाहिए

## मंदिर जाते समय पहनावा



जब भी किसी भी धर्मस्थल पर जाते हैं तो कपड़े ऐसे होने चाहिए जो शालीन हों और पहनने में सहज हों। क्योंकि जब मंदिर में भगवान के सामने सिर झुकाते हैं या खुदा के सामने सजदा करते हैं तो शालीन और सहज कपड़े पहने होने पर किसी प्रकार की समस्या नहीं होती। और यदि आप काफी तंग कपड़े पहने होते हैं तो इस तरह की समस्या आना आम है। ऐसे में भक्त का सारा ध्यान अपने वस्त्रों पर होता है। भगवान पर नहीं। याना आस्था और मनोकामना के लिए धर्म स्थल पर आना पूरी तरह से व्यर्थ हो जाता है। पौराणिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि प्राचीन काल में ऋषि–मुनि, राजा–महाराजा और आम आदमी धोती पहना करते थे। यह काफी सहज होती है। ऐसे में जब वो मंदिर जाते या फिर यज्ञ हवन करते तो उन्हें उठने–बैठने और चलने में किसी तरह की परेशानी नहीं होती थी। और उनका पूरा ध्यान ईश्वर की आराधना में रहता था। हालांकि यह परंपरा आज भी जारी है। इसलिए देश के भव्य मंदिरों में पूजा अर्चना करते समय पारंपरिक वस्त्रों को ही पहना जाता है। इन वस्त्रों का रंग अमूमन पीला और लाल होता है। वह इसीलिए कि पीला रंग सकारात्मकता को दर्शाता है तो लाल रंग स्वयं देवी का का रंग है। जो अपना आध्यात्मिक महत्व रखता है।

# गौ परिक्रमा से मिलते हैं ढेरों लाभ

विष्णुधर्मोत्तरपुराण के अनुसार व्यक्ति के किसी भी अनिष्ट की निवृत्ति के लिए गौमाता के पूजन का विधान किया गया है। अनेक तरह के अरिष्टकारी भूचर, खेचर और जलचर आदि दुर्योग उस व्यक्ति को छू भी नही सकते जो नित्य गौमाता की सेवा करता है या फिर रोज गौमाता के लिए चारे या रोटी का दान करता है। तिल, जौ व गुड़ का बना लड्डू नौ गायों को खिलाने से व परिक्रमा करने से संतान प्राप्ति एवं मनोवांछित फल मिलता है। पति–पत्नी में आपसी मनमुटाव या क्लेश रहता हो तो दोनों गठजोड़े से गऊमाता की परिक्रमा करें एवं घर से रोटी बनाकर तिल के तेल से चुपड़ कर गुड़ के साथ नौ गायों को खिलाएं। घर में सुख–शांति बनी रहेगी। गर्भवती महिलाएं नौ माह में प्रत्येक अमावस्या व पूर्णिमा पर परिक्रमा कर लें तो सामान्य डिलीवरी से संतान होगी। प्रतिदिन भोजन करने से पहले एक रोटी व गुड़ अपने हाथ से देसी गाय को खिलाने से एवं गाय के मुंह से लेकर पूंछ तक हाथ फेर कर अपने शरीर पर हाथ फेरने से शरीर का संतुलन बना रहता है। गाय को जौ खिलाएं और उसके गोबर में से जौ निकले, उसे धोकर खीर बना कर एक चम्मच गाय का घी डालकर गर्भवती महिलाएं अंतिम माह में खाएं। यह साधारण डिलीवरी में सहायक है। जिन बच्चों की शादी में अनावश्यक विलम्ब हो रहा हो, वे स्वयं विधिपूर्वक गाय की पूजा करके नौ रोटी व गुड़ खिलाएं जिससे मनवांछित फल प्राप्त होगा। गाय के आगे वाले पांव पर कुमकुम, अक्षत, पुष्प, जल, दूध, गुड़ से पूजन करने से घर में सुख–शांति व मोक्ष की प्राप्ति होती है। जिनके बच्चे कहने पर नहीं चलते हैं, मनमानी करते हों, ऐसे बच्चों के माता–पिता गौ माता की नौ परिक्रमा करें। बच्चे को एक बूंद गौमूत्र व गंगाजल, दूध या चाय में मिलाकर पिलाएं। बालक आज्ञाकारी होगा। आज्ञाकारी एवं मनवांछित संतान प्राप्ति के लिए पति एवं पत्नी दोनों गर्भधारण करने के पश्चात बछिया को दूध पिलाती हुई गाय की परिक्रमा करें। गौ धूलि बेला के समय गौ माता की परिक्रमा करने से भी समस्याओं का अंत होता है।



# हनुमानजी को प्रसन्न करने के अचूक उपाय



एक बार शनिदेव ने हनुमान जी को अपने साथ युद्ध करने के लिए ललकारा। हनुमान जी उनसे युद्ध करना नहीं करना चाहते थे, तब उन्होंने शनि को अपनी पूंछ से बांधकर ब्रह्मांड के चक्कर लगवा दिए। शनिदेव का शरीर पूरी तरह से छलनी हो गया। उनके शरीर से रक्त की धार बह रही थी। वह हनुमान से खुद को छोड़ने का आग्रह करने लगे। हनुमानजी ने उन्हें एक शर्त पर छोड़ा कि वो उनके भक्तों को कभी परेशान नहीं करेंगे। शनिदेव उनकी इस बात को मान गए।

- मंगलवार के दिन लाल वस्त्र पहने हनुमान जी को लाल रंग बेहद पसंद है।
- हर मंगलवार को हनुमान जी को बनारसी पान अर्पित करें। इससे हनुमान जी आपसे प्रसन्न रहेंगे।
- हनुमान जी को खुश रखने के लिए गरीबो की मदद करें, हर किसी के साथ अच्छा व्यवहार रखें और अपने माता पिता का हमेशा सम्मान करें।
- हनुमान जी की पूजा करते वक्त हनुमान जी को सिंदूर चढाएं इससे हनुमान जी आपसे प्रसन्न रहेंगे।
- हनुमान चालीसा में वर्णित है कि, किसी अन्य देव की पूजा करने से शायद आपको फल मिलने में थोड़ा समय लग जाए लेकिन हनुमान की अराधना तुरंत फल देती है।
- मंगलवार के दिन राम मंदिर में जाएं। हनुमान जी के मस्तक का सिंदूर दाहिने हाथ के अंगूठे से लेकर सीता माता के श्री रूप के श्री चरणों में लगा दें। अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए प्रार्थना करें।
- मंगलवार की सुबह स्नान करने के बाद बड़ के पेड़ का एक पत्ता तोड़ें और इसे साफ पानी से धो लें। अब इस पत्ते को कुछ देर हनुमानजी के सामने रखें। इसके बाद इस पर केसर से श्रीराम लिखें। अब इस पत्ते को अपने पर्स में रख लें। ऐसा माना जाता है कि इससे पर्स में पैसे बने रहते हैं।

## 'सुपरकोच' के माध्यम से प्रदेश को फुटबाल का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सेंटर बनाने जा रही सरकार

एजेंसी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में स्कूली स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने प्रमुख फुटबॉल कोचिंग प्लेटफॉर्म सुपरकोच के साथ साझेदारी की है, जो 'द गेम चेंजर' प्रोजेक्ट के अंतर्गत राज्य में ग्रासरूट फुटबॉल विकास कार्यक्रम शुरू कर रही है। सुपरस्पोर्ट्स इंटरनेशनल द्वारा विकसित इस प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी का उद्देश्य प्राथमिक स्कूलों में फुटबॉल में प्रतिभा की पहचान करना, कोच शिक्षा और खिलाड़ियों के विकास पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। इस पहल से उत्तर प्रदेश को भारत में फुटबॉल का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसका राज्य के 27,000 से अधिक प्राथमिक स्कूलों और लगभग 1.35 करोड़ बच्चों पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। इस प्रोजेक्ट के तहत पीई शिक्षकों को सुपरकोच एप का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि राज्य भर में फुटबॉल विकास के लिए एक मानकीकृत और संगठित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। प्राथमिक स्कूलों में फुटबॉल विकास केंद्र स्थापित करके, यह प्रोजेक्ट सालाना 1.35 करोड़ बच्चों तक पहुंचने का लक्ष्य रखता है। जिससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को समान अवसर प्रदान किए जा सके। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि सुपरकोच के साथ यह साझेदारी हमारे मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। जो स्कूलों में खेल और शारीरिक शिक्षा को बढ़ावा देता है। हम बच्चों को वह साधन और अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो उन्हें मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करेंगे।

## 10वां वूगार गशिमोव मेमोरियल शतरंज : विदित की जगह खेल रहे अरविंद नें दर्ज की पहली जीत

**सुशा, अजरबैजान।** भारत के नंबर 7 शतरंज ग्रांड मास्टर अरविंद नें आज यहाँ शुरू हुई वूगार गसिमोव मेमोरियल इंटरनेशनल शतरंज में पहले दिन रैपिड के तीसरे राउंड में मेजबान अजरबैजान के ममेदोव रौफ को पराजित करते हुए अपना खाता खोल लिया , पिछ्ले बार के विजेता विदित गुजराती के भारतीय टीम के ओलंपियाड स्वर्ण विजेता बनने के बाद भारतीय टीम के प्रधानमंत्री से मिलने के कार्यक्रम के चलते अंतिम समय में टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया था , जिसके कारण उनकी जगह अरविंद चितांबरम को टूर्नामेंट में जगह मिली , विश्व रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज अरविंद के लिए यह एक बड़ा मौका है , हालांकि अरविंद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उनको पहले दो मुकाबलों में क्रमशः उज़्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक और हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट से हार का सामना करना पड़ा था । प्रतियोगिता में दुनिया के साथ खिलाड़ी राउंड रॉबिन पद्धति से पहले रैपिड और फिर ब्लिट्ज़ शतरंज के मुक़ाबले खेलेंगे । पहेल दिन रैपिड के तीन राउंड के बाद रूस के यान नेपोमनिशी और हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट 2.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे है । अन्य खिलाड़ियों में उज़्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक, अजरबैजान के अदिन सुलेमानली और रूस के आर्टेमिव ब्लादिलसाव 1.5 अंक बनाकर , अरविंद और अजरबैजान के ममेद्यारोव शाखिर्यार 1 अंक बनाकर और अजरबैजान के ममेदोव रौफ 0.5 अंक बनाकर खेल रहे है ।

## तामिलनाडू सरकार नें गुकेश , प्रज्ञानन्दा और वैशाली को किया सम्मानित , सीएम स्टालिन नें सभी को दिये 25 लाख के चेक

**चेन्नई।** तमिलनाडू सरकार नें फीडे शतरंज ओलंपियाड वीजता टीम के सदस्य चेन्नई के निवासी तीनों खिलाड़ियों को राज्य सरकार की ओर से 25 लाख रुपेय के व्यक्तिगत पुरुष्कार देकर सम्मानित किया है । भारतीय टीम के सदस्य ये तीनों खिलाड़ी तड़के सुबह चेन्नई पहुंचे । सीएम स्टलाइन नें इन युवा खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा की इस युवा आर्मी में सभी नें चेन्नई से शुरुआत करते हुए दुनिया को जीता है , यह सभी हमारे गौरव है । चेन्नई 2022 ओलंपियाड में भी गुकेश , प्रज्ञानन्दा और वैशाली नें भारतीय टीम को कांस्य पदक दिलाने में भूमिका निभाई थी और व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते थे । अभी कुछ दिन पहले ही फीडे कैंडिडैट जीतने पर गुकेश को राज्य सरकार नें 30 लाख रुपेय देकर सम्मानित किया था । 2024 शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम नें पुरुष वर्ग और महिला वर्ग के दोहरे स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा है , 1958 से भारत नें शतरंज में भाग लेना शुरू किया था और टैबसे यह भारत का पहला स्वर्ण पदक है । डी गुकेश नें इस ओलंपियाड में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक मिलाकर अब तक तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक देश को दिलाया है , जबकि वैशाली और प्रज्ञानन्दा नें 1 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक जीते है ।

## टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को धूल चटाई, अंडर-19 टीम ने की सीरीज क्लीन स्विप

**पुडुचेरी ।** भारतीय अंडर-19 खिलाड़ियों ने अंतिम ओवर में संयम बरतते हुए यहां बड़े स्कोर वाले तीसरे अंडर-19 वनडे में ऑस्ट्रेलिया पर 7 रन की जीत से श्रृंखला में 3-0 से स्वीप किया। भारत की युवा टीम ने पहले वनडे में 7 विकेट और दूसरे वनडे में 9 विकेट से जीत दर्ज की थी। भारत ने सलामी बल्लेबाज रूद्र पटेल (81 गेंद में 77 रन) और कप्तान मोहम्मद अमान (72 गेंद में 71 रन) के अर्धशतकों की बदौलत 8 विकेट पर 324 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए निचले क्रम में हार्दिक राज ने 30 रन और चेतन शर्मा ने नाबाद 18 रन का योगदान दिया। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम भी 41वें ओवर में दो विकेट पर 241 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी जिसमें उसके लिए कप्तान ओलिवर पीके (111 रन) और स्टीवन होगान (104 रन) ने शतक जड़े। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 180 रन की भागीदारी निभायी लेकिन टीम निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 317 रन का स्कोर ही खड़ा कर सकी।

# टी-20 विश्वकप में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे: दीप्ति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा है कि हम बिना किसी दबाव के टी-20 विश्वकप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

दीप्ति ने कहा, 'किसी भी खिलाड़ी के लिए विश्वकप एक बड़ा टूर्नामेंट है और निश्चित रूप से दबाव होगा, लेकिन व्यक्तिगत रूप से पुरुष टीम की विश्व कप जीत से मैं बहुत प्रेरित हूं। हमने पिछले कुछ सीरीज और टूर्नामेंट में अच्छा किया है और हम यहां भी अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। मैं इसे दबाव नहीं कहूंगी।' उन्होंने कहा, '2017 के विश्वकप में हम जिस तरह से खेले, अचानक से बहुत कुछ बदल गया। व्यक्तिगत रूप से मुझे पहचाना जाने लगा। ऐसे किसी मॉल में जाना या पैदल टहलना मुश्किल हो गया। अगर हम विश्वकप जीतते तो चीजें और भी बदलती।



तब हर लड़की क्रिकेट खेलना चाहती। हालांकि इस बार हम सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, विश्वकप आपको बहुत आत्मविश्वास देता है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं। जब हम बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेल रहे थे तब हमारे पास कई क्रिकेट खेलने वाली लड़कियां ऑटोग्राफ और सेल्फी के लिए आईं। तब हमने उनसे कहा, उम्मीद नहीं खोएं और परिणाम की चिंता किए बिना अपना सर्वश्रेष्ठ दें।

उन्होंने कहा, एक टीम के रूप में हम बहुत सकारात्मक हैं, हम बहुत अच्छा कर रहे हैं। हमारे लिए हर एक मैच महत्वपूर्ण है।उल्लेखनीय है कि दीप्ति ने हाल ही में महिला हंड्रेड प्रतियोगिता में लंदन स्पिरिट की ओर से खेलते हुए छह परियों में पांच बार नाबाद रहते हुए 132.50 के स्ट्राइक रेट से 212 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने 6.85 की इकॉनमी से आठ विकेट भी लिए। इस वर्ष डब्ल्युपीएल में उन्होंने 136.57 की औसत से 295 रन बनाए, जबकि 7.23 की इकॉनमी से 10 विकेट भी लिए हैं।

## बाएं हाथ के इंग्लिश तेज गेंदबाज जोश हल पाकिस्तान दौरे से बाहर

एजेंसी

**लंदन।** बाएं हाथ के इंग्लिश तेज गेंदबाज जोश हल चोट के कारण पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गए हैं। 20 वर्षीय हल को किआ ओवल में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में अपने पदार्पण के दौरान यह समस्या हुई। उस समय, ईसीबी को लगा कि उनके ठीक होने का समय है और उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर कर दिया गया। हालाँकि, चोट बरकरार रहने के कारण, हल को पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला से बाहर करने का निर्णय लिया गया। इंग्लैंड ने किसी प्रतिस्थापन का फैसला नहीं किया है। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच मुल्तान में 7 अक्टूबर से खेला जाएगा। 6 फीट 7 इंच की ऊंचाई वाले हल को श्रीलंका के खिलाफ एक टूर मैच में पांच विकेट लेने के बाद, एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में पहले टेस्ट में मार्क वुड की चोट के बाद टीम में शामिल किया गया था। प्रशिक्षण में बेहतरीन गेंदबाजी कर रहे हल पर मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और गेंदबाजी सलाहकार जेम्स एंडरसन का ध्यान गया। जिसके बाद उन्हें द ओवल में इंग्लिश टीम में जगह मिली। द ओवल में उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ




पहली पारी में 53 रन देकर 3 विकेट लिए, लेकिन दूसरी पारी में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला, क्योंकि श्रीलंका ने 219 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को गर्मियों की एकमात्र टेस्ट शिकस्त दी। यह मैच हल के करियर का 11वां प्रथम श्रेणी मैच था, यह उस सीज़न में था जब वह लीसेस्टरशायर के लिए तीन डिवीजन दो मैचों में 182.50 के भारी औसत से केवल दो विकेट ले सके थे।

# किदांबी श्रीकांत और त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

**मकाऊ।** पूर्व विश्व नंबर वन भारतीय शटलर किदांबी श्रीकांत ने मकाऊ ओपन 2024 बैडमिंटन में अपनी जीत की लय को जारी पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। वहीं महिला युगल मुकाबले में चीनी ताइपे की जोड़ी पर जीत दर्ज कर त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई।

आज यहां चीन में मकाऊ ईस्ट एशियन गेम्स डोम में 37 मिनट तक चले मुकाबले में, छठी वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत ने राउंड ऑफ 16 में हमवतन आयुश शेट्टी को सीधे गेम में 21-13, 21-18 से हराकर प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी श्रीकांत ने पहले गेम से ही आयुष पर दबाव बनाए रखा था। 19 वर्षीय आयुष ने मैच की सकारात्मक शुरुआत की और शुरुआती राउंड में



5-3 की बढ़त हासिल कर ली लेकिन इसके बाद श्रीकांत ने तीन अंक की बढ़त के साथ प्रतियोगिता में वापसी की। श्रीकांत ने ब्रेक के बाद अपनी बढ़त में लगातार इजाफा किया और पहला गेम 21-13 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में दोनों भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी 9-9 के स्कोर के साथ एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे थे, आयुष ने लगातार चार अंक जीतकर स्कोर 13-9 कर दिया। हालांकि इसके बाद श्रीकांत ने 15-10 से गेम में बढ़त बना ली और यहां से आयुष को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया और दूसरे गेम को 21-18 से जीतकर मैच को अपने नाम कर लिया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को हांगकांग चीन के दूसरे वरीय एंगस एनजी का लोंग से भिड़ेंगे। वहीं महिला युगल में, राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई। दुनिया की 24वें नंबर की भारतीय बैडमिंटन जोड़ी ने चीनी ताइपे की चिह चुन लिन और चुन सुन तेंग की जोड़ी को 38 मिनट तक चले मैच में 22-20, 21-11 से हराया।

## भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी रमित टंडन ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ किया करार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने भारत के शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ी रमित टंडन के साथ अनुबंध किया है, जो वर्तमान में प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) रैंकिंग में विश्व स्तर पर 30वें स्थान पर हैं। इस करार के तहत, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स रमित को विश्व स्तरीय संसाधन और एक्सपोजर प्रदान करके आगे की सफलता हासिल करने में मदद करेगा। रमित टंडन ने पीएसए टूर पर लगातार सफलता हासिल करते हुए अपने पेशेवर स्क्वैश करियर में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कोलकाता के रमित ने कई पीएसए खिताब जीते हैं, जिसमें सिंगापुर स्क्वैश ओपन और सिएटल ओपन में जीत शामिल है। उनके दृढ़ संकल्प और समर्पण ने उन्हें लगातार विश्व स्तर पर शीर्ष स्टार स्क्वैश एथलीटों में रखा है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ करार पर रमित ने कहा, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में शामिल होना एक ऐसे परिवार के घर आने जैसा लगता है जो उत्कृष्टता के लिए मेरे जुनून और दृढ़ संकल्प को साझा करता है। उनके समर्थन से, मुझे विश्वास है कि हम शीर्ष 30 रैंकिंग से आगे बढ़ सकते हैं और दुनिया में शीर्ष 10 पर अपनी नजरें जमा सकते हैं, क्योंकि चैंपियन बनाने का उनका ट्रैक रिकॉर्ड बहुत कुछ कहता है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स की खेल उत्कृष्टता और स्काउटिंग प्रमुख मनीषा मल्होत्रा ने कहा, रमित के साथ अनुबंध करना जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और भारतीय स्क्वैश के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उनकी प्रतिभा और हाल ही में दुनिया के शीर्ष 30 में शामिल होने से अपार संभावनाएं दिखती हैं। हम विश्व स्क्वैश के शीर्ष पर रमित की यात्रा का समर्थन करने के लिए उत्साहित हैं, हमारा मानना है कि यह खेल में भविष्य के भारतीय चैंपियनों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा।

# चांदीमल का शतक, श्रीलंका ने मैच पर बनाई मजबूत पकड़

एजेंसी

**गाले।** दिनेश चांदीमल (116) शतकीय, एंजलो मैथ्यूज (नाबाद 78) और कामिंडु मेंडिस (नाबाद 51) रनों की अर्धशतकी पारियों के दम पर श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट के पहले दिन तीन विकेट पर 306 रन का स्कोर बनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली हैं।

आज यहां श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में पुथम निसंका (एक) रन टिम साउदी का शिकार बन गये। इसके बाद दिनेश चांदीमल के साथ दिमुथ करुणारत्ने ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिये 122 रनों की साझेदारी की। 40वें ओवर में दिमुथ करुणारत्ने (46) रन पर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रनआउट हो गये। आज आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज दिनेश चांदीमल थे। उन्हें ग्लेन फिलिप्स ने बोल्ड किया। चांदीमल ने 208 गेंदों में (116)



रनों की पारी खेली। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय श्रीलंका ने तीन विकेट पर 306 रन बनाये थे तथा एंजलो मैथ्यूज (नाबाद 78) और कामिंडु मेंडिस (नाबाद 51) क्रीज पर मौजूद थे। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी और ग्लेन फिलिप्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। मेंडिस ने दिन के अंतिम ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया।

श्रीलंका के इस युवा ऑलराउंडर अपने 50 रन पूरे करने के साथ ऐसा रिकार्ड बना लिया है जिसे आज के पहले कोई नहीं बना सका। कामिंडु मेंडिस दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने आठ टेस्ट मैच में आठ बार पचास से अधिक रन बनाए हैं।

उन्होंने पाकिस्तान के बल्लेबाज सऊद शकील लगातार सात टेस्ट में 50 से ज्यादा रनों की पारी खेलने के रिकार्ड को तोड़ा है। इससे पहले सुनील गावस्कर, बेसिल बुचर, सईद अहमद और बर्ट सुटक्लिफ को अपने पदार्पण के बाद लगातार छह टेस्ट मैचों में अर्धशतक लगाने की उपलब्धि हासिल है।

## ड्वेन ब्रावो ने सभी तरह के क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने चोट के कारण कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के अंतिम सत्र के बीच में ही सभी तरह के क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अगले महीने 41 साल के ब्रावो इतिहास में सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने पहले 2021 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था, और पिछले साल आईपीएल से दूर चले गए, क्योंकि उन्होंने कोचिंग में जाना शुरू कर दिया था - पिछले 12 महीनों में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स और अफगानिस्तान पुरुष टीम के साथ काम किया है। अगले महीने 41 साल के ब्रावो इतिहास में सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने पहले 2021 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था, और पिछले साल आईपीएल से दूर चले गए, क्योंकि उन्होंने कोचिंग में जाना शुरू कर दिया था - पिछले 12 महीनों में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स और अफगानिस्तान पुरुष टीम के साथ काम किया है। ब्रावो ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, मेरा दिमाग चलते




रहना चाहता है, लेकिन मेरा शरीर अब दर्द, टूटन और तनाव को सहन नहीं कर सकता। मैं खुद को ऐसी स्थिति में नहीं रख सकता जहां मैं अपने साथियों, अपने प्रशंसकों या जिन टीमों का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं उन्हें निराश कर सकूं। इसलिए, भारी मन से, मैं आधिकारिक तौर पर खेल से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करता हूं। चैंपियन विदाई ले रहा है। 18 साल के करियर में, ब्रावो ने टी20 क्रिकेट में काफी कुछ हासिल किया है, उन्होंने आईपीएल, पीएसएल और बिग बैश में खिताब जीते, साथ ही वेस्टइंडीज के साथ दो बार विश्व चैंपियन बने। उन्होंने 582 मैचों में इस प्रारूप में 631 विकेट हासिल किए हैं। ब्रावो ने सीपीएल के मौजूदा संस्करण से पहले घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी संस्करण होगा। वह यूएई के आईएलटी20 के तीसरे सीज़न में खेलने वाले थे, जिसे एमआई अमीरात ने बरकरार रखा था, लेकिन मंगलवार को तरौबा में सेंट लूसिया किंग्स के खिलाफ खेलते हुए कमर में चोट लगने के बाद उन्होंने बाहर होने का फैसला किया। ब्रावो सीपीएल इतिहास में सबसे सम्मानित खिलाड़ी थे, जिन्होंने कुल मिलाकर पांच खिताब जीते थे, जिसमें अकेले ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के साथ तीन खिताब शामिल हैं। उन्होंने 2021 में पैट्रियट्स को अपना पहला खिताब दिलाने से पहले 2017 और 2018 में टीकेआर को लगातार खिताब दिलाया था।

# दिल्ली, झारखंड, उप्र, ओडिशा और हरियाणा ने अपने-अपने हॉकी मुकाबले जीते

एजेंसी

**चंडीगढ़।** 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के तीसरे दिन दिल्ली, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हरियाणा ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर जीत दर्ज की हैं। आज यहां चंडीगढ़ के सेक्टर 42 स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में सुबह पूल एच के मुकाबले में दिल्ली हॉकी ने पुडुचेरी हॉकी को 10-0 से हराया। मैच के दौरान नमन शर्मा ने (चौथे, 41वें मिनट) और ताशु ने (15वें, 55वें मिनट) ने दो गोल किए। जबकि अनिल कुमार ने (18वें), उदय रंधावा ने (23वें), आर्यन ने (28वें), नैतिक राणा (51वें), उत्तम (59वें) और सुशांत सेहरावत ने (60वें मिनट) गोल किए।वहीं पूल एच के एक अन्य मुकाबले में हॉकी झारखंड ने हॉकी हिमाचल पर 6-0 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला पहले हॉफ में गोल रहित रहा। जबकि दूसरे हाफ में झारखंड के फगुवा होरो ने (41वें, 43वें मिनट) में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।




निकोलस टोपनो (42वें), गंगा टोपनो ने (51वें), रोहित प्रधान ने (56वें ) और भेंगरा ग्लेडशन ने (58वें मिनट) गोल किये।

पूल ए में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 18-0 से रौंदा। इस मैच में राघवेंद्र सिंह चौहान (12वें, 14वें, 17वें, 23वें, 26वें, 42वें, 44वें मिनट) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात गोल किए। कप्तान केतन कुशवाह (18वें, 23वें, 27वें) ने हैट्रिक बनाई, जबकि अली शाहरुख ने (दूसरे, 43वें), उज्ज्वल पाल ने (25वें, 30वें) और राजभर प्रहलाद ने (34वें, 51वें) ने दो-दो गोल किए। मोहम्मद आतिफ रेनी ने (45वें) और मोहम्मद आकिब रेनी ने (48वें) मिनट में गोल दागे।

पूल बी के मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी राजस्थान को 15-0 से हराया। ओडिशा की ओर से सलमान लाकड़ा ने (30वें, 35वें, 60वें मिनट) गोलकर हैट्रिक बनाई। डैडेल जे स्टेनली ने (तीसरे', 28वें), रितिक लाकड़ा ने (15वें', 27वें) और सुजीत बारला (12वें, 39वें) ने दो-दो गोल किए। आलोक कुजूर (नौं'), बिशाल कैथा (11वें), आशीष कुमार टोप्पो ने (19वें), मिथलेस केरकेट्टा ने (23वें), अमित किरो ने (49वें) और सलीम बिलुंग ने (57वें) गोलकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई।हॉकी हरियाणा ने पूल सी के मुकाबले में तेलंगाना हॉकी को 9-0 से हराया। हरियाणा कप्तान अंकुर रॉय (तीन, 39वें, 51वें मिनट में) गोल किये। रोहित सिंह ने (35वें, 42वें), अंकुश ने (12वें), निखिल ने (29वें), हैप्पी ने (59वें) और रौनक राणा ने (60वें मिनट) में गोल किए।

# शाकिब अल हसन ने टेस्ट और टी-20 से लिया संन्यास

एजेंसी

**कानपुर।** बंगलादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने कानपुर में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से टी-20 और टेस्ट मैच से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। कानपुर टेस्ट से पहले संवाददाता सम्मेलन में शाकिब ने कहा, 'मैं दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए उपलब्ध हूं, लेकिन वहां हमारे देश में बहुत कुछ हो रहा है। इसलिए बहुत कुछ मुझ पर निर्भर नहीं करता है। मैंने बीसीबी के साथ टेस्ट क्रिकेट की अपनी भविष्य पर चर्चा की है। यह मेरा आखिरी टेस्ट श्रृंखला हो सकती है। हां, अगर अवसर मिलता तो मैं मीरपुर में अपना आखिरी टेस्ट खेलना चाहूंगा। बोर्ड भी यह सुनिश्चित करने की पूरी प्रयास कर रहा है कि मैं वहां खेल सकूं और सुरक्षित रहूं। इसके अलावा अगर कभी आवश्यक हो तो मैं देश से बाहर भी निकल सकूं। ऐसे में अगर वह मीरपुर टेस्ट नहीं ले पाते है तो कानपुर टेस्ट उनका आखिरी टेस्ट



मैच होगा। उन्होंने इस साल जून में हुए टी-20 विश्वकप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ आखीरी टी-20 मैच खेला था। उन्होंने कहा, 'मैं बंगलादेश का नागरिक हूं, इसलिए बंगलादेश वापस जाने में मुझे कोई समस्या नहीं होगी। लेकिन वहां पर अपनी सुरक्षा के लिए मैं और मेरा परिवार चिंतित है। मुझे उम्मीद है कि चीजे बेहतर होंगी और इसका कुछ उपाय होना ही चाहिए।'

उल्लेखनीय है कि बंगलादेश घरेलू जमीं पर अगली टेस्ट श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका के सात अक्तूबर में होगी। शाकिब ने अब तक 70 टेस्ट मैच में 4600 रन बनाये और 242 विकेट लिये हैं। इसके अलावा उनके नाम 7570 एकदिवसीय रन और 317 विकेट है। उन्होंने 129 टी-20 में 2552 रन तथा 149 विकेट लिये हैं। वह वर्तमान समय में तीनों प्रारूपों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर्स में एक माने जाते हैं।

# तीन हजार स्कूली बच्चों को नाश्ता पानी के साथ मैच दिखायेगा यूपीसीए

एजेंसी

**कानपुर।** करीब तीन साल बाद टेस्ट मैच की मेजबानी कर रहा ग्रीनपार्क प्रशासन शुरु हो रहे भारत बांग्लादेश मैच के दौरान हर दिन तीन हजार स्कूली छात्र छात्राओं को नाश्ते पानी के साथ फ्री में मैच दिखायेगा। ग्रीनपार्क के वेन्यू डायरेक्टर संजय कपूर ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में यह ऐलान किया। उन्होने कहा हमने तय किया है कि क्रिकेट में दिलचस्पी रखने वाले नौनिहालों को हम पूरे पांच दिन मुफ्त में मैच दिखायेंगे। इसके लिये तीन हजार सीटें रिजर्व रखी जा रहीं हैं। इतना ही नहीं, हम उनके खानपान का भी प्रबंध करेंगे। इसके पीछे हमारा मकसद खेल के प्रति स्कूली छात्र छात्राओं में उत्साह का संचार करना ह उन्होने बताया कि ग्रीनपार्क में पिछ्ले एक महीने में जीर्णोद्धार का काम पूरी तेजी से किया गया, परिणामस्वरुप स्टेडियम में दर्शक दीर्घा की क्षमता अब 26 हजार सात हो गयी है। एक महीने पहले तक यहां सिर्फ



18 हजार दर्शकों के बैठने का स्थान था। सुरक्षा के सभी मानकों को पूरा करते हुये ग्रीनपार्क प्रशासन यह उपलब्धि हासिल कर सका है। कपूर ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ मैच को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और आज सुबह तक टिकट खिड़की में एक करोड़ 15 लाख रुपये से ज्यादा की कमाई हो चुकी है जबकि 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गये मैच में यह राशि बामुश्किल 93 लाख रुपये थी। उन्होने कहा कि ग्रीन मैच की थीम पर स्टेडियम में साफ सफाई का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और पूरे स्टेडियम परिसर को पालीथिन मुक्त घोषित किया गया है। स्टेडियम में प्लास्टिक की बोतलें और अन्य उत्पादों पर प्रतिबंध रहेगा। हालांकि पीने के पानी और खाद्य पदार्थो की स्टेडियम में भरपूर व्यवस्था होगी। कपूर ने कहा कि मैच प्रतिदिन सुबह साढ़े नौ बजे से शुरु होगा जिसके लिये दर्शकों को प्रवेश सुबह आठ बजे से मिलना शुरु हो जायेगा।

## ऋषभ में गिलक्रिस्ट दिखता है : युवराज सिंह

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने ऋषभ पंत और महान ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट के बीच समानताएं बताई हैं। युवराज ने खेल पर खासकर मध्य क्रम में बल्लेबाजी करते समय पंत के प्रभाव पर प्रकाश डाला। युवराज ने क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट में कहा कि ऋषभ में बहुत सारे गिलक्रिस्ट हैं क्योंकि वह आते हैं और जब पांचवें और छठे नंबर पर आते हैं तो खेल बदल देते हैं। दरअसल, मैंने पंत से इस बारे में बहुत जिक्र किया है कि कैसे गिलक्रिस्ट ने टेस्ट में मध्य क्रम की बल्लेबाजी को बदल दिया, उनका दृष्टिकोण क्या है। वह निश्चित रूप से टेस्ट में हमारे लिए पांचवें और छठे नंबर पर मैच विजेता है। पंत की आक्रामक शैली और अपनी बल्लेबाजी से मैच का रुख बदलने की क्षमता की तुलना अक्सर गिलक्रिस्ट से की जाती है, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में विकेटकीपर-बल्लेबाज की भूमिका में क्रांति ला दी। युवराज की टिप्पणियां भारत की टेस्ट लाइनअप में पंत की महत्वपूर्ण भूमिका की बढ़ती मान्यता को दर्शाती हैं। युवराज की टिप्पणी तब आई है जब पंत खेल के सभी प्रारूपों में भारत के लिए खुद को एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करते जा रहे हैं।



### 'भूल भुलैया 3' के बाद इस फिल्म में साथ काम करेंगी तृप्ति डिमरी और


# माधुरी दीक्षित

## हाथ लगा ये बड़ा प्रोजेक्ट

तृप्ति डिमरी ने हाल ही में एक कार्यक्रम में कहा था कि वो माधुरी दीक्षित की बहुत बड़ी फैन हैं और बचपन से वो उनके सभी गानों पर डांस करने की कोशिश करती थीं. ऐसे में अब तृप्ति के लिए खुशी की खबर है. विक्रम मल्होत्रा की अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट ने अब अपने अगले फीचर प्रोडक्शन के लिए माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी को चुना है. इस फिल्म को 'तुम्हारी सुलु' और 'जलसा' जैसी फिल्मों के डायरेक्शन के लिए मशहूर सुरेश त्रिवेणी डायरेक्ट करेंगे.Peepingmoon की रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म की शूटिंग मार्च-अप्रैल 2025 के आसपास शुरू होने की उम्मीद है. रिपोर्ट के अनुसार फिल्म में माधुरी और तृप्ति मां-बेटी की जोड़ी का किरदार निभा सकती हैं. कहा जा रहा है कि यह फिल्म तीन किरदारों के इर्द-गिर्द होगी. ये एक कॉमेडी ड्रामा है, जिसमें मुख्य भूमिका के लिए अभी तक किसी को चुना नहीं गया है.

**'भूल भुलैया 3' में साथ आएंगी नजर**

माधुरी और तृप्ति, कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी 'भूल भुलैया 3' में नजर आने वाली हैं. ऐसे में अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट की फिल्म उनका साथ में दूसरा प्रोजेक्ट होगा. 'भूल भुलैया 3' इस साल दिवाली यानी 1 नवंबर पर रिलीज होने वाली है. इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित और राजपाल यादव जैसे कलाकार देखने को मिलेंगे.



**इन फिल्मों में नजर आएंगी तृप्ति**

तृप्ति डिमरी फिल्म 'एनिमल' की सफलता के बाद से मेकर्स की पहली पसंद बन गई हैं. वर्कफ्रंट की बात करें तो तृप्ति डिमरी, राजकुमार राव के साथ राज शांडिल्य की 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' में दिखाई देंगी. ये फिल्म 11 अक्टूबर को रिलीज होगी. इस फिल्म में राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी के अलावा मल्लिका शेरावत, अर्चना पूरन सिंह, अर्चना पटेल, राकेश बेदी, मुकेश तिवारी, टीकू तलसानिया, मुबीन सौदागर और जसवंत सिंह हैं. इसके बाद वो 'भूल भुलैया 3' में और 22 नवंबर को रिलीज होने वाली 'धड़क 2' में दिखाई देंगी. इसके अलावा वह कुछ ही दिनों में कार्तिक आर्यन के साथ अनुराग बसु की रोमांटिक फिल्म और शाहिद कपूर के साथ विशाल भारद्वाज की एक्शन ड्रामा में शूटिंग शुरू करेंगी.

# मुनव्वर फारूकी

## का सपना हुआ पूरा, मुंबई में खरीदा 6 करोड़ का लग्जरी अपार्टमेंट



बिग बॉस 17 के विनर, स्टैंडअप कॉमेडियन और एक्टर मुनव्वर फारूकी को इस वक्त कौन नहीं जानता. 'बिग बॉस 17' के बाद उनका करियर इस समय सातवें आसमान पर है और अब मुनव्वर फारूकी को लेकर खबर आ रही है कि उन्होंने मुंबई में एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीद लिया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने अपना ये घर वडाला स्थित न्यू कफ परेड में खरीदा है.कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी की पॉपुरैरिटी दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है. मुनव्वर फारूकी 'लॉकअप सीजन 1' के भी विनर रह चुके हैं. ईटाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुनव्वर ने मुंबई के वडाला में एक हाई रेज बिल्डिंग में करड़ों का अपार्टमेंट खरीदा है, जो फिलहाल अंडर कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट है.




**इतनी है मुनव्वर के अपार्टमेंट की कीमत**

सोर्स की मानें, तो मुनव्वर फारूकी के इस प्रीमियम अपार्टमेंट की कीमत करीब 6.09 करोड़ रुपये है, जो नई प्रॉपर्टी वडाला के न्यू कफ परेड के अपस्केल इलाके में है. इसकी जानकारी 'स्क्वायर यार्ड्स' से मिली है. 'स्क्वायर यार्ड्स' को प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट्स से पता चला है कि नया घर लोधा ऑरा नाम की एक बिल्डिंग में है, जिसमें अभी कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है. इस बिल्डिंग में 40 मंजिलें हैं और इसमें प्रीमियम अपार्टमेंट्स 3 BHK और 4 BHK के हैं.

**इतने स्क्वायर फीट में फैला है मुनव्वर का फ्लैट**

'स्क्वायर यार्ड्स' को मिले डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, मुनव्वर का आलीशान अपार्टमेंट 1,767.97 स्क्वायर फीट में फैला है, जिसमें तीन पार्किंग स्पेस हैं. इस अपार्टमेंट का रजिस्ट्रेशन मुनव्वर ने 16 सितंबर को करवाया था. मैशेबल इंडिया के मुताबिक, मुनव्वर फारुकी ने फ्लैट के लिए 36.6 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी और 30,000 रुपये की रजिस्ट्रेशन फीस जमा करके इसे सीधे डेवलपर से खरीदा था. हालांकि, मुनव्वर ने अभी इस घर को खरीदने की रिपोर्ट्स को कंफर्म नहीं किया है.

**मुनव्वर फारूकी की नेटवर्थ**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुनव्वर फारूकी की नेटवर्थ 8 करोड़ रुपये है. स्टैंडअप कॉमेडी, रियलिटी शोज, म्यूजिक वीडियोज, ब्रांड एंडोर्समेंट और यूट्यूब से मुनव्वर काफी मोटा पैसा कमाते हैं. 'बिग बॉस 17' जीतने पर उन्हें 50 लाख रुपये मिले थे. ऐसा भी कहा जाता है कि 'बिग बॉस 17' में रहने के लिए उन्हें एक एपिसोड के लिए 7-8 लाख रुपये फीस मिली थी.

## सलमान खान के नाम पर चंकी पांडे ने की थी डील, दुकानदार से ले लिए थे 41 लाख रुपए



चंकी पांडे 26 सितंबर को अपना 62वां जन्मदिन मना रहे है. चंकी ने अपने पूरे करियर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है. बॉलीवुड में एक्टर को उनके फनी किरदार के लिए जाना जाता है. फैन्स उनके बोलने की स्टाइल को बहुत पसंद करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं चंकी अपने ह्यूमर के लिए भी बहुत फेमस हैं.

चंकी ने एक इंटरव्यू में सलमान से जुड़ा एक मजेदार किस्सा शेयर किया था, जिसमें उन्होंने बताया था कि सलमान खान को एक आउटलेट पर ले जाने के लिए एक्टर ने दुकानदार से अच्छी खासी रकम वसूली थी.

**सलमान के नाम पर दुकानदार से लिए थे पैसे**

लहरें के साथ अपने एक पुराने इंटरव्यू में चंकी ने बताया कि वो और सलमान साउथ अफ्रीका में एक शो की शूटिंग कर रहे थे. चंकी ने कहा, मैंने सलमान से कहा चलो शॉपिंग करने चलते हैं, मैं तुम्हें फ्री में जीन्स दूंगा. हम दोनों एक जगह शॉपिंग करने गए. मैंने उन्हें फ्री में जीन्स और जूते दिलाए. बाद में सलमान को पता चला कि मैंने उन्हें उस दुकान में ले जाने के लिए दुकानदार से 50,000 डॉलर( 41 लाख 81 हजार 762 रुपये) लिए थे. चंकी ने बताया कि उन्हें वो पैसे शो को स्पॉन्सर करने के लिए दिए गए थे. बस डील ये थी कि सलमान को उन्हें उस दुकान पर ले जाना था.

**उतार-चढ़ाव भरा रहा चंकी का करियर**

चंकी पांडे ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत फिल्म 'आग ही आग से' की थी. ये फिल्म 1987 में रिलीज हुई थी. अपने करियर में चंकी ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं. इसके बाद उन्होंने 'बुलेट राजा', 'साहो', 'बेगम जान', 'हाउसफुल', जैसी कई फिल्मों में काम किया. चंकी को 'तेजाब' में सपोर्टिंग एक्टर के तौर पर काम करने के लिए फिल्मफेयर 1998 में नॉमिनेट किया गया था. वर्कफ्रंट की बात करें तो चंकी अक्षय कुमार की 'हाउसफुल 5' में नजर आने वाले हैं. चंकी हाउसफुल सीरीज में आखरी पास्ता का किरदार निभाते हुए नजर आए हैं. एक्टर के इस किरदार को फैन्स बहुत पसंद करते हैं.

## अरिजीत सिंह के कॉन्सर्ट में गार्ड ने फीमेल फैन को गर्दन पकड़कर खींचा, सिंगर ने मांगी माफी



अरिजीत सिंह बॉलीवुड के उन सिंगर्स में शुमार हैं, जिनकी आवाज की दुनिया दीवानी है. अरिजीत कहीं भी जाते हैं या कहीं उनका कोई कॉन्सर्ट होता है तो उनके चाहने वालों की भीड़ लग जाती है. अब उनके किसी कॉन्सर्ट का ही एक वीडियो सामने आया है, जिसमें फैन्स की भारी भीड़ दिख रही है. उसी बीच कुछ ऐसा होता, जिसके बाद अरिजीत माफी मांगते हैंवीडियो में अरिजीत स्टेज पर परफॉर्म करते नजर रहे हैं. वो फिल्म 'मर्डर 2' का 'फिर मोहब्बत' गाना गाते दिख रहे हैं. नीचे ऑडियंस में से एक महिला अरिजीत के पास जाने की कोशिश कर रही है. वो ऐसा कह रही है कि अरिजीत उसे बुला रहे हैं. हालांकि, सिक्योरिटी गार्ड उसे रोक लेते हैं.

**माफी मांगते दिखे अरिजीत सिंह**



वीडियो में दिख तो नहीं रहा है, लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि गार्ड ने महिला को गर्दन पकड़कर खींचा और साइड किया. वीडियो में महिला की आवाज भी आ रही है. वो गर्दन छोड़ने को कह रही है. वीडियो में आगे अरिजीत उस फैन से माफी मांगते दिख रहे हैं. पहले तो वो सभी से बैठने की रिक्वेस्ट करते हैं. उसके बाद कहते हैं कि जैसा उस महिला के साथ हुआ वो करना सही नहीं है.

वो आगे कहते हैं, मैम मुझे माफ कर दीजिए. अगर मैं वहां पर होता है तो आपको प्रोटेक्ट करता है, लेकिन मैं आपकी हिफाजत नहीं कर पाया. अब अरिजीत का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. वहीं उन्होंने फैन के सपोर्ट में जो कुछ भी कहा, उनकी वो बात, वो सादगी सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आ रही है. लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं. ऐसा कहा जा रहा है कि अरिजीत का ये वीडियो यूके का है.

**अरिजीत सिंह का डेब्यू सॉन्ग**

बहरहाल, अरिजीत लगभग 12 सालों से बॉलीवुड में काम कर रहे हैं. वायरल वीडियो में वो जो गाना (फिर मोहब्बत) गाते दिख रहे हैं, वो उनका बॉलीवुड डेब्यू सॉन्ग है. उसी के जरिए उन्होंने फिल्मी दुनिया में एंट्री की थी.